सूर्योदय 6:27 सूर्यास्त 6:31

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 7.7 न्यू | 19.2 अधि |
| धर्मशाला | 5.2 न्यू | 24.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75301.26 |
| निफ्टी | 22834.30 |
| सोना | 90,000 |
| चांदी | 1,04,996 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



शेफाली ने अंडर-23 वनडे ट्रॉफी में लगाई हैट्रिक
पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 19 मार्च 2025 | 6 चैत्र, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 79, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

# बजट आकार पर सदन में तकरार

## सीएम सुक्खू और जयराम के बीच तीखी नोकझोंक, कानून व्यवस्था पर चला आरोप-प्रत्यारोपों का दौर

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**हिमाचल** विधानसभा बजट सत्र में मंगलवार को चर्चा के दौरान सालाना बजट का आकार घटाने को लेकर सीएम सुक्खू व पूर्व सीएम जयराम ठाकुर के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली।

प्रदेश की कानून व्यवस्था पर आरोप-प्रत्यारोपों का खूब दौर चला। खासकर, पड़ोसी राज्य पंजाब से आने वाले पर्यटकों, जिनमें कुछ भिंडरावाले के समर्थन में झंडे लगाकर प्रदेश की सड़कों पर खुलेआम दनदना रहे हैं, उसको लेकर भी सदन में माहौल काफी तल्ख दिखा।

वहीं, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने बजट का आकार घटाने पर सवाल उठाए, जिस पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू अपनी सीट पर खड़े हुए और बजट को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट की। (अनंत ज्ञान)

### बाहरी राज्यों के युवक कर रहे देवभूमि की शांति को भंग: जयराम



**जयराम** ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में बाहरी राज्यों से आ रहे कुछ युवक बाइक पर भिंडरावाले के झंडे लगा रहे हैं। इस पर लगातार विवाद हो रहा है। कुल्लू-मनाली में स्थानीय लोगों और बाहरी राज्यों के युवकों के बीच भिंडरावाले के झंडे को लेकर झड़प भी हो चुकी है। कई स्थानीय लोगों ने कुल्लू जिले में बाहरी राज्यों से आए युवकों की बाइक पर लगे भिंडरावाले और खालिस्तानी झंडे को निकाल कर फेंक भी दिया।

सोशल मीडिया पर हाल ही में एक वीडियो भी वायरल हुआ था। कुछ लोग कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि भिंडरावाले का झंडा निकालने पर बाहरी राज्य के युवाओं ने तलवारों से हमला कर दिया। वीडियो में एक युवक के सिर पर चोट भी लगी नजर आ रही है। हिमाचल में भिंडरावाले के झंडे निकालने पर पंजाब में भिंडरावाले के समर्थक हिमाचल नंबर की गाड़ियों और एचआरटीसी बसों में भिंडरावाले की फोटो लगा रहे हैं, उसके कई वीडियो भी वायरल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाहरी राज्यों के पर्यटक देवभूमि की शांति को भंग कर रहे हैं।

### पंजाब के मुख्यमंत्री से की जाएगी बात: सुक्खू



**सीएम** सुक्खू ने कहा कि कुछ शरारती लोग इस तरह की घटना को अंजाम देते हैं। इस मामले में पंजाब के सीएम से बात की जाएगी और इस मसले को हल करने के लिए कठोर कदम उठाए जाएंगे। शांति से यह मसला सुलझा लिया जाएगा। गौर रहे कि भिंडरावाले के झंडों को लेकर बीते साल भी हिमाचल के लोगों ने नाराजगी दिखाई थी, उस दौरान भी स्थानीय लोगों और बाहरी राज्य से बाइक पर भिंडरावाले का झंडा लगाकर आने वालों के बीच झड़पें हुई थीं। इस साल फिर सिलसिला जारी है। कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले में इस तरह की वारदातों को लगातार अंजाम दिया जाता रहा है। इस मुद्दे को लेकर नेता जयराम ठाकुर ने सदन में इस मुद्दे को बड़े जोर से उठाया और प्रतिक्रिया में सीएम सुक्खू ने अपनी सरकार का पक्ष बड़े ही प्रभावशाली तरीके से रखा।

## न्यूज शॉर्ट्स

### पूजा खेडकर को मिली राहत गिरफ्तारी पर रोक बरकरार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व आईएएस ट्रेनी ऑफिसर पूजा खेडकर को फिलहाल गिरफ्तार न करने के अपने अंतरिम आदेश को बढ़ा दिया है। पूजा पर 2022 यूपीएससी परीक्षा के लिए पात्रता प्राप्त करने के लिए अपने दस्तावेजों में जालसाजी करने का आरोप है। जस्टिस बीवी नागरत्ना की पीठ ने कहा जाली प्रमाण पत्र कहां से मिले, उसका पता लगाने के लिए पूजा को हिरासत में रखना जरूरी नहीं है।

### शोपियां में सुरक्षाबलों ने बरामद किया आईईडी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षाबलों को एक आईईडी बरामद हुआ है। हब्दीपोरा में गश्ती दल ने सड़क किनारे एक संदिग्ध वस्तु देखी, जो आईईडी निकली। अधिकारियों ने बताया कि आईईडी को निष्क्रिय कर दिया है।

### आधार से लिंक होगा मतदाता पहचान पत्र

**नई दिल्ली।** अब मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से लिंक किया जाएगा। यह फैसला मंगलवार को चुनाव आयोग और यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) के अधिकारियों की बैठक में लिया गया। अब जल्द ही इस पर एक्सपर्ट की राय ली जाएगी। आयोग का कहना है कि वोटर कार्ड को आधार से जोड़ने का काम मौजूदा कानून और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार किया जाएगा। चुनाव आयोग ने कहा कि मतदाता फोटो पहचान पत्र को आधार से लिंक करने के लिए सभी कानूनों का पालन किया जाएगा।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- डीए की तीन फीसदी किस्त पर भ्रम बरकरार -पेज 2
- विधानसभा में गूंजा बंबर ठाकुर पर फायरिंग करने का मामला -पेज 3
- औरंगजेब कब्र विवाद: नागपुर में भड़की हिंसा, 50 गिरफ्तार -पेज 13


# 10 दिन बाद गोबिंदसागर में मिला लापता चीफ इंजीनियर का शव

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर/झंडूता**

**शिमला** से लापता हुए चीफ इंजीनियर विमल नेगी का शव 10 दिन बाद मंगलवार को गोबिंदसागर झील में बरामद हुआ है। झंडूता विधानसभा क्षेत्र की पपलोआ पंचायत के गाह के पास शव मिला है।

पुलिस जांच में शव की पहचान विमल नेगी के रूप में हुई, जो 10 मार्च से शिमला से लापता था। जेब से पर्स मिला है, जिसमें ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य दस्तावेजों से शिनाख्त की गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डीएसपी जिला मुख्यालय मदन धीमान ने बताया कि गोबिंदसागर से बरामद शव शिमला से लापता चीफ इंजीनियर विमल नेगी का है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

**ड्राइविंग लाइसेंस से हुई विमल नेगी की पहचान**

### कुछ दिन पहले देखा गया था मंडी भराड़ी में



**विमल** नेगी को कुछ दिन पहले बिलासपुर जिले के मंडी भराड़ी क्षेत्र में देखा गया था। विमल के मंडी भराड़ी पुल के पास घूमने की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसके बाद बिलासपुर पुलिस विमल उनको ढूंढने में लगी हुई थी।

# 9 महीने बाद सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर आज पहुंचेंगे धरती पर

**एजेंसी, फ्लोरिडा**

**भारतीय** मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर मंगलवार सुबह स्पेसएक्स यान से धरती के लिए रवाना हुए हैं।

सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर 9 महीने 13 दिन बाद पृथ्वी पर लौट रहे हैं। इनके साथ इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में मौजूद क्रू-9 के दो और एस्ट्रोनॉट निक हेग और अलेक्सांद्र गोरबुनोव भी स्पेस स्टेशन से रवाना हुए। चारों एस्ट्रोनॉट के ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार होने के बाद सुबह 8:35 बजे इस



स्पेसक्राफ्ट का हैच यानी दरवाजा बंद हुआ और 10:35 बजे स्पेसक्राफ्ट इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से अलग हुआ। यह 19 मार्च को सुबह लगभग 3:27 बजे फ्लोरिडा के तट पर लैंड होगा।

### मोदी ने सुनीता को भारत आने का दिया न्योता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स को पत्र लिखकर भारत आने का न्योता दिया है। विलियम्स अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र पर नौ महीने बिताने के बाद बुधवार को पृथ्वी पर लौटने वाली हैं। मोदी ने नासा के पूर्व अंतरिक्ष यात्री माइक मैसिमिनो के माध्यम से विलियम्स को पत्र भेजा है। इस पत्र को केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने 'एक्स' पर साझा किया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने कम गंभीर मामलों में जमानत याचिकाएं खारिज किए जाने पर जताई निराशा, कहा-

# लोकतांत्रिक देश को पुलिस राज्य की तरह काम नहीं करना चाहिए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने जांच पूरी होने के बावजूद निचली अदालतों की ओर से कम गंभीर मामलों में जमानत याचिकाएं खारिज किए जाने पर निराशा जताई है।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइंया की पीठ ने कहा कि एक लोकतांत्रिक देश को पुलिस राज्य की तरह काम नहीं करना चाहिए, जहां कानून प्रवर्तन एजेंसियां बिना किसी वास्तविक कारण के लोगों को हिरासत में लेने के लिए मनमानी शक्तियों का इस्तेमाल करती हैं।



पीठ ने कहा कि दो दशक पहले छोटे मामलों में जमानत याचिकाएं उच्च न्यायालयों तक शायद ही कभी पहुंचती थीं, शीर्ष अदालत तक तो बात ही छोड़िए। न्यायमूर्ति ओका ने एक जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट उन मामलों में जमानत याचिकाओं पर फैसला सुना रहा है, जिनका निपटारा निचली अदालत के स्तर पर होना चाहिए। न्यायपालिका पर अनावश्यक रूप से बोझ डाला जा रहा है

### चुनाव आयोग बोला- हम मतदान केंद्रवार डाटा ऑनलाइन अपलोड करने पर चर्चा के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वह मतदान केंद्रवार मतदाताओं का डाटा ऑनलाइन अपलोड करने के लिए याचिकाकर्ता से चर्चा के लिए तैयार हैं। चुनाव आयोग ने याचिकाकर्ता से अपने प्रतिनिधि को 10 दिन के भीतर आयोग के समक्ष भेजने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की पीठ ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा और एनजीओ एडीआर की याचिकाओं पर सुनवाई की। याचिका में आयोग से लोकसभा चुनाव में मतदान केंद्रवार मतदाताओं का डाटा आयोग की वेबसाइट पर मतदान होने के 48 घंटे के भीतर अपलोड करने की मांग की गई है।


## हिमाचल प्रदेश सरकार और CRACK ACADEMY लाये हैं विश्व की सबसे बड़ी SCHOLARSHIP योजना

'मेरे शहर के 100 रत्न' कार्यक्रम में प्रदेश के 6800 युवाओं को मिलेगा लाभ

हिमाचल प्रदेश में शिक्षा क्रांति लाने के उद्देश्य से "मेरे शहर के 100 रत्न" कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस पहल के अंतर्गत Crack Academy द्वारा लगभग 34 करोड़ रुपए के अनुमानित निवेश से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से 100 मेधावी छात्रों को निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी, जिससे कुल 6,800 छात्र लाभान्वित होंगे।

**कौन-कौन से Exams की तैयारी कराई जाएगी**

इस कार्यक्रम में UPSC, JEE, NEET, CDS, CLAT, SSC, BANK PO और अन्य सरकारी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। साथ ही, छठी से दसवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए स्कूल ट्यूशन व Skill Development पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके साथ साथ सेंटर के माध्यम से Crack Academy बच्चों को मुफ्त Study Material भी उपलब्ध कराएगा। इससे बड़े शहरों की कोचिंग वाले Resources, प्रदेश के छोटे से छोटे शहर में भी उपलब्ध होंगे।

**छात्रों का चयन कैसे होगा?**

प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के विद्यालयों और महाविद्यालयों में परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें कक्षा छः और उससे ऊपर के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे।

**स्कॉलरशिप का वितरण कैसे होगा**

| हर विधान सभा क्षेत्र से | SCHOLARSHIP |
|---|---|
| Top 100 STUDENTS | 100% |
| NEXT 200 STUDENTS | 75% |
| NEXT 500 STUDENTS | 50% |

सरकार ने किया CRACK ACADEMY के साथ MOU

UPSC, JEE, NEET, जैसे EXAMS की फ्री तैयारी

"इस पहल से न केवल प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा, बल्कि राज्य में रोजगार के अवसर भी सृजित होंगें। Crack Academy द्वारा 90 से अधिक कोचिंग सेंटर स्थापित किये जायेंगे, जिससे 1500 प्रत्यक्ष रोजगार के साथ 5,000 लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।" ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू, मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश



**कैसे कराई जाएगी तैयारी**

इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए हर शहर में एक CENTRE खोला जायेगा इस तरह कुल 90 सेंटर्स खोले जायेंगे, इन सेंटर्स पर हाइब्रिड मॉडल से तैयारी करवाई जाएगी अर्थात जिसमें ऑफलाइन एंड ऑनलाइन दोनों विकल्प होंगे एवम इसमें देश के जाने माने Academicians पढ़ाएँगे।

**कौन चलाएगा इन सेंटर्स को**

इनका संचालन सेंटर्स पार्टनर्स करेंगे, जिसके लिए आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। सेंटर पार्टनर का चयन उनके व्यवसायिक अनुभव एवं समाजिक जीवन के आधार पर किया जायेगा। इसके साथ-साथ Different Categories के लिए रिजर्वेशन भी रखी गयी है।

**क्या ख़ास है इसमें महिलाओं के लिए**

महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए, महिला CENTRE PARTNERS के लिए 28% आरक्षण सुनिश्चित किया गया है। इससे न केवल शिक्षा के क्षेत्र में उनकी भागीदारी बढ़ेगी, बल्कि वे रोजगार सृजन और समाज में बदलाव लाने की महत्वपूर्ण कड़ी भी बनेंगी।

**क्या ख़ास है Children of the State के लिए**

प्रदेश के अनाथ बच्चों को भी अब शिक्षा के समान अवसर दिए जायेंगे और हर तरह की फ्री कोचिंग उपलब्ध करवाई जाएगी। कंपनी इन बच्चों को तब तक सहायता प्रदान करेगी, जब तक वे अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं कर लेते।

## हिमाचल प्रदेश सरकार और CRACKACADEMY प्रदेश के युवाओं के लिए लाये हैं

मेरे शहर के 100 रत्न

SOCIAL SERVICE के साथ-साथ PROFITABLE & RESPECTABLE BUSINESS करने का सुनहरी मौका

**BECOME A CENTRE PARTNER !**

CRACKACADEMY

Crack Academy (earlier Crack IAS) is India's 1st online EdTech platform for UPSC Civil Services, started in 2007. We are establishing company-driven, franchise-owned classrooms in small towns, powered by our AI-based EdTech platform.

17+ YEARS OF COACHING INDIA

UPSC, CDS, CLAT, SSC, JEE, NEET, BANK PO

| | |
|---|---|
| 25000 ADMISSIONS/YEAR | 50+ DELHI TEACHERS |
| 1000+ IAS SELECTIONS | 100+ CENTRES |
| 100+ COURSES | 30 LAC BOOKS SOLD |

CENTRE PARTNER का SELECTION आवेदन प्रक्रिया के द्वारा किया जायेगा

CENTRE RESERVATION DETAILS

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Total No of Centres | 90 | Women Applicant | 28 | Retd. Govt. Employees | 5 |
| Reserved Categories | 60 | Ex Defence Personnels | 12 | Retd. Bank Employees | 5 |
| General Category | 30 | Retd. Teachers | 5 | Ews Applicant | 5 |

ONLY ONE CENTRE PER CITY

* Centre allotment shall be based on DAF (Detailed Application Form), information and analysis.

APPLICATION FEE Rs. 5000/- 100% REFUNDABLE

Important Dates for Application

| | |
|---|---|
| Start Date | 04 March, 2025 |
| Last Date | 03 April, 2025 |

दिल्ली वाली कोचिंग क्लास अब आपके शहर में

सेंटर पार्टनर बनने के लिए आवेदन करें crack.academy/hp

HELPLINE : 9217 05-05-05, 9217 07-07-07

## न्यूज ब्रीफ

### गांवों में 4 दिन आंशिक रूप से बिजली बाधित रहेगी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** विद्युत उपमंडल धनेटा के अंतर्गत बदारन फीडर की लाइनों को बदलने के कार्य के चलते गांव झलाण, लुहारली, चेली, अनसरा, किटपल, भियांबी और आसपास के अन्य गांवों में 19 से 22 मार्च तक प्रतिदिन सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली की आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी। सहायक अभियंता सुशील कुमार ने इस दौरान क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### बच्चों ने परोसे हिमाचल व केरल के लजीज व्यंजन



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** कक्षा छठी से आठवीं की परीक्षाएं पूर्ण हो चुकी हैं और अब बच्चों के वार्षिक परिणाम निकलने तक खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों को सिखाया जाएगा इसी कड़ी में 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टौणी देवी में केरल व हिमाचल प्रदेश के लजीज व्यंजन बनाकर परोसे। बच्चों ने अपने व्यंजनों को आकर्षक तरीके से सजाया और पारंपरिक अंदाज में परोसा, जिससे उपस्थितजन मंत्रमुग्ध हो गए। इस कार्यक्रम उद्देश्य हिमाचल प्रदेश से जोड़े गए दक्षिण भारत के राज्य केरल की कला संस्कृति, व्यंजनों, पाककला के बारे में बच्चों को अवगत कराना है। इस कार्यक्रम का आयोजन नोडल अधिकारी तनु सेन की देखरेख में हुआ, जबकि राजेश, सुरेश, संजीव, लीना, प्रमिला, अदिति, नेहा, सुनीता, अनीता, कविता, कुसुम लता सहित अन्य अध्यापक भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में स्कूल प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। इस दौरान कार्यक्रम में आए सभी बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।

### सहकारी सभा का वार्षिक अधिवेशन 22 मार्च को

**अनंत ज्ञान, धनेटा/गलोड़।** उपमंडल नादौन की द साई सहकारी सभा समिति ग्वाल पत्थर का वार्षिक अधिवेशन 22 मार्च को सभा भवन परिसर में आयोजित किया जा रहा है। सभा के सचिव चमन लाल ने बताया कि बैठक सुबह 11 बजे शुरू होगी। बैठक के दौरान वर्ष 2023 और 2024 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाएगा।

वहीं, दी अप्पर हड़ेटा कृषि सेवा सहकारी सभा का वार्षिक अधिवेशन 22 मार्च को सुबह 11 बजे सभा के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। सभा के सचिव अमित कुमार ने बताया कि अधिवेशन की अध्यक्षता प्रधान कुलदीप शर्मा करेंगे। सभा सचिव अमित कुमार ने सभी सदस्यों से अधिवेशन में समय पर पहुंचने का आग्रह किया है ताकि इस वार्षिक अधिवेशन में सहकारी सभा के सभी कार्यों की चर्चा को समय पर किया जा सके।

### नैंसी-मनुवर का मॉडल इंस्पायर अवार्ड के लिए चयनित



**अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी की आठवीं कक्षा की नैंसी और दसवीं कक्षा के मनुवर का मॉडल इंस्पायर मानक अवार्ड के लिए चयन हुआ है। स्कूल की प्रिंसिपल आरती कटोच ने बताया कि इस उपलब्धि का श्रेय विज्ञान अध्यापक अभिनय और पूनम को जाता है। उन्होंने बच्चों को बधाई दी और आने वाली परीक्षाओं में और अधिक मेहनत करने की ओर प्रेरित किया।

### आज और कल आंशिक रूप से बाधित रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** उपमंडल नादौन के विद्युत विभाग के धनेटा सब डिवीजन के अंतर्गत आने वाली 11 के.वी बदारन फीडर में पुरानी तारों की जगह नई तारे बदलने के लिए 19 से 22 मार्च को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक विभिन्न गांवों झलान, चेली, अनसरा, लोहारली ,किटपल, पयांवी और आस पास के गांवों की विधुत आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी। सहायक अभियंता सुशील कुमार ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### दियोटसिद्ध में 1834903 रुपए चढ़ावा चढ़ा

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में चैत्र माह के मेले चले हुए हैं मंगलवार को गुफा में 18 349 0 3.00 चढ़ावा द्वारा चढ़ाया गया है। मंदिर अध्यक्ष एवं एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम ने जानकारी देते हुए बताया की गुफा में 1299 623.00 तथा दान के रूप में 535280.00 रुपए धनराशि प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि सिल्वर 8 ग्राम 830 एमजी इंग्लैंड पाउंड 65 यूएसए डॉलर 111 कनाडा डॉलर 255 सिंगापुर डॉलर 50 सऊदी अरब रियाल 05 विदेशी मुद्रा के रूप में प्राप्त हुई है।

### बिजली बोर्ड के पेंशनर्स बोले–बिजली बोर्ड पेंशनर्स के साथ कर रहा सौतेला व्यवहार

# डीए की तीन फीसदी किस्त पर भ्रम बरकरार

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम की जिला इकाई ने प्रदेश बिजली बोर्ड पर आरोप लगाया है कि वह पेंशनर्स के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है। जिला कार्यकारिणी की एक बैठक मंगलवार को अणू में हुई। इस अवसर पर उपस्थित बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा ने कहा कि बिजली बोर्ड लिमिटिड की खराब आर्थिक स्थिति का बहाना बनाकर पेंशनर्स के वित्तीय लाभों को जारी करने में आनाकानी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि बिजली बोर्ड लिमिटिड में 01-01-2016 के बाद सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को संशोधित वेतनमानों की बकाया राशि की 50-50 हजार की पहली किस्त व 20 प्रतिशत संशोधित ग्रेच्यूटी का भुगतान नहीं हो पाया है। हालांकि पिछले दो सालों से सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को लीव-इन-केशमैंट व ग्रेच्यूटी की अदायगी के लिए लंबा इंतजार करने पड़ रहा है, जिसको लेकर पेंशनर्स में भारी आक्रोश है। खरवाड़ा ने कहा कि बिजली बोर्ड लिमिटिड में पिछले दो साल से अव्यवस्था का माहौल बना है और वित्तीय अनियमतताएं हो रही हैं, जिसका खमियाजा पेंशनर्स को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली बोर्ड लिमिटिड का 583 करोड़ 86 लाख रुपए उपभोक्ताओं के पास फंसा है, जिसमें 238 करोड़ अकेले आईपीएच विभाग का है और बड़े उद्योगों का लगभग 164 करोड़ और सरकारी दफ्तरों का 27 करोड़ फंसा है।

बोर्ड प्रबंधन की तरफ से राजस्व उगाही के लिए कोई गंभीर प्रयास नहीं किए जा रहे और प्रदेश सरकार द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को फ्री में दी जा रही सब्सिडी भी छह-छह महीने तक रोलबैक नहीं हो पा रही है और आज भी 400 करोड़ रुपए से ज्यादा फ्री बिजली का बिजली बोर्ड को सरकार से लेने को है।

सही मायनों में बिजली बोर्ड की खराब माली हालत के लिए बिजली बोर्ड का प्रबंधक वर्ग व प्रदेश सरकार ही पूर्ण रूप से जिम्मेदार है, जबकि बिजली बोर्ड लिमिटिड को फिजूल में ही बदनाम किया जा रहा है।

**जल्द दिए जाएं सभी वित्तीय लाभ :** खरवाड़ा ने कहा कि पेंशनर्स के सभी वित्तीय लाभों को अति शीघ्र जारी किया जाए अन्यथा पेंशनर्स को बोर्ड मुख्यालय का घेराव करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा पिछले कल बजट में कर्मचारियों को 3 प्रतिशत डीए की किस्त की घोषणा की गई है जिसे लेकर कर्मचारियों व पेंशनर्स में संशय बरकरार है कि यह कौन सी किस्त की घोषणा की गई है? जबकि जुलाई 2023 व जनवरी 2024 से 4 प्रतिशत की दर से दो महंगाई भते की किस्तें देय हैं।

पिछली 2 महंगाई भतों की किस्तों का 42 महीनों का एरियर पेंडिंग है। जिसके बारे में कोई जिक्र नहीं किया गया है।

**इन्होंने भी किए विचार व्यक्त :** इस मौके पर फोरम के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष देश राज शर्मा, महासचिव विजय शर्मा, संगठन सचिव ओम प्रकाश शर्मा, उपाध्यर्क्ष इंजी. राजिंद्र शर्मा, जोगिंद्र शर्मा, डीआर धीमान, कैलाश चंद शर्मा, राजकुमार चौधरी, देशराज धीमान, सह सचिव राकेश शर्मा, विधि चंद सनौरिया, हरि चंद वर्मा, रणवीर ठाकुर, कोषाध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। (अनंत ज्ञान)

#### इंजी. विमल नेगी के मामले की हो गहन जांच

खरवाड़ा ने कहा कि बैठक में 10 मार्च से लापता हुए चीफ इंजीनियर विमल नेगी के मामले की गहन जांच करने की मांग की गई है क्योंकि इंजी. विमल नेगी की पत्नी द्वारा पिछले छह महीने से उच्च अधिकारियों द्वारा विमल नेगी को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का लगाया गया आरोप गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि अगर चीफ इंजीनियर स्तर के अधिकारियों को प्रताड़ना का शिकार बनाया जा रहा है, तो निम्न स्तर पर क्या स्थिति है? इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने इंजी. विमल नेगी के मामले की गहन जांच की मांग की है।

### जान से मारने व कपड़े फाड़ने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** पुलिस चौकी गलोड़ के तहत ग्राम पंचायत सरेड़ी के गांव सरेडी निवासी राकेश कौशल पुत्र ज्ञान चंद डाक बहाल ने प्यार चंद पुत्र मंशा राम निवासी सरेड़ी के विरुद्ध मामला दर्ज करवाया है। राकेश कौशल ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि मैंने वार्ड पंच और उपप्रधान को मौका दिखाने के लिए बुलाया तो प्यार चंद पंचायत के सामने ही हाथापाई की और कपड़े फाड़ दिए, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने लगा। राकेश कौशल ने पुलिस को बताया कि मैं अपंग हूं।

पुलिस ने बीएनएस सेक्शन 126(2),115(2),352,351 (2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरक्षी सुनील कुमार राणा मामले की छानबीन कर रहे हैं।

### टौणी देवी में आंगनबाड़ी के पदों के लिए आवेदन अब 22 तक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

बाल विकास परियोजना टौणी देवी के अंतर्गत समीरपुर पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र जोल दर्जियां, काले अंब पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र भलेड़ा, कक्कड पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र छंब और लग-कढियार पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र कढियार में आंगनबाड़ी सहायिका के एक-एक पद के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 22 मार्च कर दी गई है।

टौणी देवी खंड के बाल विकास परियोजना अधिकारी कुलदीप सिंह चौहान ने बताया कि इन पदों के लिए पात्र एवं इच्छुक महिलाओं से 17 मार्च तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे, लेकिन, बीते दिनों कानूनगो एवं पटवारियों की हड़ताल के कारण कई उम्मीदवारों को आय प्रमाण पत्र बनवाने में दिक्कतें आ रही थीं। इसलिए, अब आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब ये आवेदन 22 मार्च शाम 5 बजे तक सीडीपीओ कार्यालय टौणी देवी में जमा करवाए जा सकते हैं।

इसी प्रकार दस्तावेजों के सत्यापन, साक्षात्कार और चयन की प्रक्रिया की तिथि को 20 मार्च के बजाए 27 मार्च को निर्धारित किया गया है। यह प्रक्रिया अब 27 मार्च को सुबह 10 बजे एसडीएम कार्यालय हमीरपुर में होगी। इसके लिए अलग से व्यक्तिगत बुलावा पत्र नहीं भेजे जाएंगे। भर्ती की अन्य शर्तें पूर्ववत ही रहेंगी।

### जिला स्तरीय मासिक मूल्यांकन बैठक में स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए निर्देश

## बच्चों की बीमारी की जांच कर परामर्श लेकर बड़े अस्पतालों में भेजें

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय जगोता, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील वर्मा, डॉ. अजय अत्री, डॉ. राकेश ठाकुर व डा. कमलजीत और सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य शिक्षक, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, लेखाकार, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौधरी ने अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही स्कीमों की चर्चा की। उन्होंने खंड स्तर पर आयुष्मान और हिमकेयर में होने वाले खर्चे के बारे में चर्चा की।

उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाएं अपना शीघ्र पंजीकरण अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में करवाएं तथा गर्भावस्था के दौरान चार दौरे सुनिश्चित करें और प्रसव पूर्व जो भी महिलाएं जांच के लिए आती हैं, उन्हें परिवार नियोजन के उपायों के बारे में भी जानकारी दें।

उन्होंने कहा की नियमित टीकाकरण माइक्रोप्लान के हिसाब से होना चाहिए, साथ ही तय किए दिन पर ही टीकाकरण होना चाहिए और टीकाकरण के दिन स्वास्थ्य पर्यवेक्षक वहां पर पर्यवेक्षण के लिए जरूर जाएं। सत्र के दौरान लाभार्थी को अगले टीकाकरण के बारे में जरूर बताएं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत काम कर रही टीमों द्वारा बच्चों की जांच करते समय बच्चे में जो बीमारी पाई जाती है, उनको सही परामर्श देकरबड़े अस्पताल में भेजें।

राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के दौरे की योजना की खंड चिकित्सा अधिकारी को जानकारी होना चाहिए। उपलब्ध स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों का गहन विशलेषण करें तथा आवश्यक सुधारात्मक कदम तत्काल उठाएं तथा विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत आबंटित धनराशी का समय पर खर्च करना भी सुनिश्चित करें। (अनंत ज्ञान)

### कार्यशाला में 'गूगल सूट' पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

समग्र शिक्षा और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, हमीरपुर के तत्वावधान में चल रही पांच दिवसीय शिक्षक क्षमता निर्माण कार्यशाला के दूसरे दिन विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की गई। कार्यशाला का आयोजन आईएचएम, हमीरपुर में किया जा रहा है, जिसमें 16 पीएम श्री स्कूलों के 61 शिक्षक भाग ले रहे हैं।

दूसरे दिन की शुरुआत प्रतिभागियों द्वारा पहले दिन की पुनरावृत्ति से हुई। कार्यशाला के पहले और दूसरे सत्र में टीचर ट्रेनिंग इंचार्ज पुनीत कुमार ने शिक्षकों को गूगल सूट की जानकारी दी। इस दौरान गूगल डॉक्स, गूगल स्लाइड्स, गूगल शीट्स, गूगल लेंस, गूगल फॉर्म और गूगल मीट जैसे महत्वपूर्ण टूल्स के उपयोग और उनकी कार्यप्रणाली पर चर्चा की गई।

पुनीत कुमार ने कहा कि गूगल सूट के सही इस्तेमाल से शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और रोचक बनाया जा सकता है। तीसरे सत्र में स्रोत व्यक्ति परमजीत डोगरा ने पॉक्सो अधिनियम पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने शिक्षकों को बाल सुरक्षा, कानूनी प्रावधान और स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा से जुड़ी जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि बाल संरक्षण अधिनियम का पालन सुनिश्चित करना प्रत्येक शिक्षक की जिम्मेदारी है और इस विषय पर जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। चौथे सत्र में स्रोत व्यक्ति सुनील कुमार ने कम्युनिटी मोबिलाइजेशन के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि विद्यालय और समुदाय के बीच बेहतर समन्वय से शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावी रूप से बढ़ाया जा सकता है।

पीएम श्री के जिला नोडल अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि इस योजना के तहत स्कूलों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है, जिसमें स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल लाइब्रेरी, और डिजिटल लैब्स होंगी ताकि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

### उन्नति, आत्मनिर्भर तथा रोजगार पैदा करने वाला साबित होगा बजट : सुभाष

**अनंत ज्ञान, बड़सर**



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं बड़सर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष डटवलिया ने मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत किए गए 2025-26 बजट की प्रशंसा करते हुए कहा है कि या बजट हिमाचल की उन्नति आत्मनिर्भर तथा रोजगार पैदा करने वाला बजट साबित होगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने बजट पारित करते समय हर वर्ग को ध्यान में रखकर बजट प्रस्तुत किया है, जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। डटवलिया ने कहा बजट में किसानों, बागवानों, छोटे व्यापारी वर्ग, आंगनबाड़ी वर्कर्स, हेल्पर, पंचायत प्रतिनिधि, जिला परिषद प्रतिनिधि, नगर निगम सदस्य, ल्टीटास्क वर्कर सहित सभी का ध्यान रखा गया है।

उन्होंने कहा कि खासकर बड़सर विधानसभा में खुलने वाले राजीव गांधी बोर्डिंग स्कूल के लिए बजट में विशेष प्रावधान किया गया है। इसके लिए समस्त बड़सर कांग्रेस मुख्यमंत्री कि इस फैसले पर उनका आभार प्राप्त करती है।

### मिनी सचिवालय में दुकान-कैंटीन की नीलामी 22 को

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** मिनी सचिवालय परिसर भोरंज में दुकान नंबर 208 और कमरा नंबर 102 में एक कैंटीन को किराये पर दिया जाएगा। इनकी नीलामी प्रक्रिया 22 मार्च को सुबह 11 बजे मिनी सचिवालय परिसर में आरंभ होगी। एसडीएम शशि पाल शर्मा ने इच्छुक लोगों से इस नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है। नीलामी के नियमों एवं अन्य शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए एसडीएम कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## 'मेरे शहर के 100 रत्न' स्कॉलरशिप प्रोग्राम लांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

प्रदेश के मेधावी छात्रों के लिए अच्छी खबर है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 'मेरे शहर के 100 रत्न' स्कॉलरशिप प्रोग्राम की शुरुआत की है। मंगलवार को हमीरपुर पहुंचीं क्रैक अकादमी की टीम ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान जिले में स्कॉलरशिप प्रोग्राम लांच करने की घोषणा की। संस्था के प्रमुख जगमीत सिंह ने बताया कि इस पहल के तहत प्रदेशभर के 6,800 छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की मुफ्त कोचिंग दी जाएगी।



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जगमीत सिंह।

**हिमाचल में 6,800 छात्रों को मिलेगी मुफ्त कोचिंग**

योजना के तहत क्रैक अकादमी हर विधानसभा क्षेत्र से 100 मेधावी छात्रों को मुफ्त कोचिंग देगी। इस पूरी योजना में लगभग 34 करोड़ रुपए खर्च होंगे। क्रैक अकादमी के अनुसार चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों और कॉलेजों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसमें कक्षा 6 और उससे ऊपर के छात्र भाग ले सकेंगे। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से टॉप 100 छात्रों को मुफ्त कोचिंग मिलेगी, जबकि अगले 200 छात्रों को 75 प्रतिशत और उसके बाद के 500 छात्रों को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। क्रैक अकादमी इन छात्रों को उनके लक्ष्य प्राप्त करने तक मार्गदर्शन देगी। राज्य सरकार इस योजना को सफल बनाने में क्रैक अकादमी को पूरा सहयोग देगी। एकेडमी टेस्ट पेपर तैयार करेगी, जबकि परीक्षा की निगरानी शिक्षा विभाग करेगा।

इस अवसर पर छात्रों और अभिभावकों को जागरूक करने के लिए एक बड़े प्रचार अभियान की भी शुरुआत की गई। इस योजना का पायलट प्रोजेक्ट सबसे पहले कांगड़ा जिले की ज्वालामुखी विधानसभा में लागू किया गया था, जहां 50 स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। फिलहाल, ज्वालामुखी के 220 चयनित छात्रों को इस योजना के तहत मेरिट-आधारित कोचिंग मिल रही है। स्कॉलरशिप प्रोग्राम के लांच के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू ने बताया था कि यह योजना मेधावी छात्रों को लाभ पहुंचाएगी और प्रदेश में रोजगार के अवसर भी पैदा करेगी। क्रैक अकादमी 90 से अधिक कोचिंग सेंटर स्थापित करेगी, जिससे 5,000 लोगों को सीधा रोजगार मिलेगा और अन्य अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी बनेंगे।

### दिशाहीन और खोखले वादों का पिटारा कांग्रेस का बजट : नवीन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के पूर्व वाइस चेयरमैन नवीन शर्मा ने हिमाचल सरकार के बजट को दिशाहीन व खोखले वादों का पिटारा बताते हुए कहा कि बजट के नाम पर मुख्यमंत्री ने सिर्फ औपचारिकता ही पूरी की है। नवीन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चुनावों के समय जनता के किए गए अपने ही वादे से मुकर गई है।



एक लाख रोजगार प्रतिवर्ष देने की बात करने वाली कांग्रेस पार्टी आज पचीस हजार रोजगार तक सिमट गई है और यह प्रदेश के युवाओं के साथ बहुत ही भद्दा मजाक है। उन्होंने कहा कि बजट पेश करने के साथ मुख्यमंत्री यह भी बताते कि प्रदेश में आर्थिक आपातकाल लगाने के बाद वे इन घोषणाओं को पूरा करने के लिए पैसा कहां से लाएंगे? नवीन ने कहा आज कांग्रेस सरकार ने बजट पेश करने के नाम पर फिर एक बार हिमाचल की जनता को छलने का काम किया है।

मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत यह बजट पूरी तरह दिशाहीन और खोखले वादों का पिटारा है और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बजट के नाम पर महज औपचारिकता पूरी की है।

शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हिमाचल को पूरी तरह केंद्र सरकार के भरोसे छोड़कर जिम्मेदारियों से भागती दिख रही है। मुख्यमंत्री बताएं कि आज बजट में जिन घोषणाओं का उन्होंने जिक्र किया, उसके लिए फंड की व्यवस्था कहां से करने वाले हैं।

### बजट में किया बड़सर से सौतेला व्यवहार : शर्मा

**एसके ठाकुर, बड़सर**







हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पूरी तरह दिशाहीन, अव्यवहारिक और जनता की उम्मीदों को तोड़ने वाला साबित हुआ है। भाजपा बड़सर मंडल अध्यक्ष संजीव शर्मा ने इस बजट की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बड़सर विधानसभा क्षेत्र के साथ लगातार सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। बड़सर के बुनियादी विकास कार्यों की अनदेखी कर सरकार ने यह साफ कर दिया है कि उसे इस क्षेत्र की जनता की कोई चिंता नहीं है।

मंडल महामंत्री दिनेश व्यास ने कहा कि बड़सर की स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह चरमरा चुकी हैं। अस्पतालों में डॉक्टरों और जरूरी संसाधनों की भारी कमी है, लेकिन सरकार ने इस बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए कुछ भी नहीं किया। सरकार की यह बेरुखी दर्शाती है कि मुख्यमंत्री बड़सर के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लायक भी नहीं समझते। बड़सर में जलशक्ति विभाग में न अधिकारी, न कर्मचारी हैं और अन्य विभागों में भी सैकड़ों पद खाली हैं।

मंडल महामंत्री अश्वनी बन्याल ने कहा कि बड़सर में जल शक्ति विभाग में एक्सईएन , एसडीओ और जेई जैसे महत्वपूर्ण पद खाली पड़े हैं, जिससे आम जनता को पेयजल योजनाओं से जुड़ी भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है, लेकिन सरकार इसे लेकर गंभीर नहीं है।

शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार महिलाओं को ₹1500 देने के नाम पर ठगने का प्रयास कर रही है। यह योजना केवल चुनावी वादा बनकर रह गई है, जिसका अब तक कोई ठोस कार्यान्वयन नहीं हुआ है। सरकार के पास प्रदेश के समग्र विकास का कोई विजन नहीं है, न ही कोई ठोस नीति। संजीव शर्मा ने कहा कि दियोटसिद्ध को पर्यटन से जोड़ने की योजना केंद्र सरकार और एशियन डेवलपमेंट बैंक की है, न कि प्रदेश सरकार की।

मुख्यमंत्री को झूठे दावे करने के बजाए सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों की बदहाल स्थिति सुधारने पर ध्यान देना चाहिए। संजीव शर्मा ने कहा कि भाजपा इस जनविरोधी और दिशाहीन बजट के खिलाफ बड़े स्तर पर संघर्ष करेगी। पार्टी कार्यकर्ता सरकार की नाकामियों और मुख्यमंत्री के सौतेले व्यवहार को हर गांव और हर बूथ तक लेकर जाएंगे और इसे एक बड़े आंदोलन का रूप देंगे। (अनंत ज्ञान)

### बेरोजगारों के लिए कारगर साबित होगा सुक्खू सरकार का बजट : पवन

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

कांग्रेस जिला महासचिव पवन कालिया ने प्रेसवार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार के बजट का आकलन किया जाए, तो यह बजट रोजगार उन्मुखी है। बजट में प्रदेश का राजस्व बढ़ाने की सराहनीय पहल की है।



सरकार ने इस बजट के द्वारा लंबी राजनीतिक पारी खेलने की मजबूत आधारशिला भी रखी है। सरकार के पहले बजट में प्रदेश को 'ऋण आश्रय की नीति' से निकालकर आर्थिक स्वाबलंबन की राह पर ले जाने का दृढ़ संकल्प नजर आता है। यद्यपि यह डगर बहुत ही कठिन है परंतु असाध्य नहीं। सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार ने इस राह पर चलने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। बजट में सभी वर्गों एवं विभागों का ध्यान रखा है। बड़ी परियोजनाओं व नए ढांचे तैयार करने की बजाए एक्जिस्टिंग संस्थाओं को मजबूत करने व गुणात्मक बनाने पर जोर दिया गया है, जो समय की मांग भी है। पूर्व सरकारों की 'आगे दौड़ पीछे चौड़' वाली नीति से हटकर कार्य किया है।

कालिया ने कहा कि इस बार के बजट में गांव से शहर, पंचायत से नगर निगम, विधानसभा, किसान, बागवान, बेरोजगार आदि सबका बराबर ध्यान रखने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार का सूझबूझ से बजट पेश करने पर बड़सर कांग्रेस ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार प्रकट किया है। (अनंत ज्ञान)

**शुरुआत** जिला परियोजना प्रबंधन इकाई सोलन में एफपीओ बनाने के लिए कृषि उद्यमियों के साथ बातचीत शुरू

## फसल विविधीकरण के लिए मशीनरी तैयार करने का आह्वान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



जिला परियोजना प्रबंधन इकाई सोलन की मासिक समीक्षा बैठक परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान के संदेश के साथ आयोजित की गई, जिन्होंने शक्तिशाली विपणन लिंक के साथ बड़े पैमाने पर फसल विविधीकरण के लिए फील्ड मशीनरी को तैयार करने का आह्वान किया।

परियोजना निदेशक के निर्देश पर जिला परियोजना प्रबंधन इकाई सोलन ने एक क्षेत्रीय कृषि व्यवसाय उद्यम के प्रमोटरों और प्रबंधकों की उपस्थिति की मेजबानी की, ताकि कॉमन इंटरेस्ट् ग्रुप (सीआईजी) के साथ बाजार संबंधों का पता लगाया जा सके और एमओडी के अनुसार किसान उत्पादक संगठनों का गठन किया जा सके।

इसके साथ ही कृषि व्यवसाय संबंधों के निर्माण पर भी चर्चा की गई। बैठक में एसपीएमयू के उपपरियोजना निदेशक डॉ. राजेश कुमार, डॉ. डीडी शर्मा और डॉ. करतार डोगरा ने बैठक का संचालन और मार्गदर्शन किया। बैठक में परियोजना के वरिष्ठ सलाहकार बीएस संधू और डॉ. आरएस ठाकुर कृषि विशेषज्ञ और सुशील कुमार शर्मा आईईसी विशेषज्ञ भी मौजूद थे। सोलन के खंड परियोजना प्रबंधक डॉ. अरुण शर्मा और किन्नौर के डॉ. प्रवीण अत्री तथा नाहन बीपीएमयू के प्रतिनिधियों ने कृषि व्यवसाय उद्यम के प्रतिनिधियों नवजोत सिंह सहोता, दुर्गा प्रसाद और विजय कुमार के साथ बातचीत करते हुए मासिक रिपोर्ट का ब्यौरा दिया। टीम ने कॉमन इंटरेस्ट् ग्रुप की स्थिति जानने के लिए सोलन के निकट बरठीं गांव का भी दौरा किया।

#### किसानों को उन्नत तरीके से खेती करने के दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** गोईस में कृषि विभाग द्वारा किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आत्मा परियोजना के सहायक खंड तकनीकि अधिकारी डॉ. अक्षय कुमार ने किसानों को प्राकृतिक खेती जिसमें गाय के गोबर व गौमूत्र से खेती करने के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर लगभग 200 किसानों को बीज वितरित किया गया।

### रूबल ठाकुर ने सराहा सुक्खू सरकार का बजट, जताया आभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

एनएसयूआई के राष्ट्रीय संयोजक रूबल ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा पेश किए गए बजट की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने हर वर्ग के लिए बजट में स्थान दिया है। रूबल ने कहा की सिद्ध बाबा बालक नाथ जी के मंदिर के लिए न्यू टूरिजम गंतव्य के तहत बाकी और जगहों के साथ विकसित करने के लिए 2 हजार 400 करोड़ के बजट का प्रावधान किया।

औबडसर में हाल ही में बनी नगर पंचायत के लिए अलग से 50 लाख रुपए बजट के साथ संपत्ति के ऊपर लगने वाले कर में क्षेत्रवासियों को 3 साल तक कोई भी कर न लगाने की भी छूट प्रदान की है। इसके साथ ही बड़सर में बनने वाले राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल के लिए अपने इस बजट में जगह दी है। रूबल ने कहा कि इसके साथ साथ हमीरपुर जिले के लिए भी मुख्यमंत्री ने करोड़ों की सौगातें देकर सभी जिला वासियों को भी अपना पूरा आशीर्वाद दिया है।

बजट के अलावा भी लोगों को पूरा भरोसा है कि आने वाले समय में और भी नई परियोजना बड़सर विधानसभा के लिए मुख्यमंत्री गत वर्षों में लेकर आएंग। रूबल ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा की अपने इस बजट में युवाओं के लिए नई योजनाए लाने के लिए भी धन्यवादी हैं, जिससे कि प्रदेश का युवा इन योजनाओं के तहत मजबूत होगा। इसके साथ बड़सर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विकास शर्मा और एनएसयूआई बड़सर इकाई अध्यक्ष रुद्राक्ष सिंह ने भी प्रदेश के मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया।



# विधानसभा
## बजट सत्र 2025-26





### बजट सत्र में हिस्सा लेने जाते माननीय



पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह।



नालागढ़ के विधायक हरदीप बावा।



विधानसभा की ओर जाते उद्योग मंत्री हर्षवर्धन सिंह चौहान व अन्य।

# विधानसभा में गूंजा बंबर ठाकुर पर फायरिंग करने का मामला

## विपक्ष ने की निष्पक्ष जांच की मांग, सुक्खू बोले- 3 गिरफ्तार, जांच जारी

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

बजट सत्र में चर्चा के दौरान मंगलवार को प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर अपने आक्रामक तेवर में नजर आए। उन्होंने प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर खूब तंज कसे और बजट पेश को लेकर सीएम के ऑल्टो कार में आने को लेकर खूब चुटकियां ली। उन्होंने सदन में पूर्व कांग्रेस विधायक बंबर ठाकुर पर फायरिंग मामला मामले को लेकर निष्पक्ष जांच की मांग की।





जयराम ठाकुर ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि इस मामले पर जल्द से जल्द कार्रवाई होनी चाहिए। इस घटना से पूरे प्रदेश में दहशत का माहौल है। उन्होंने कहा कि जब तक मामले की जांच पूरी नहीं होती, तब तक पूर्व विधायक बंबर ठाकुर का इस पर राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण है, वह बार-बार भाजपा नेताओं पर आरोप मढ़ रहे हैं और इस घटना से सहानुभूति बटोरने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बंबर ठाकुर खुद भाजपा विधायक का नाम लेकर आरोप लगा रहे हैं, जो कि सही नहीं है, जिससे उनकी पार्टी की भावनाएं आहत हो रही है।

जवाब में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि वह बंबर ठाकुर से व्यक्तिगत बयान दिए जाने को लेकर बात करेंगे और कोशिश करेंगे कि भविष्य में बंबर ठाकुर इस तरह का कोई भी बयान जारी न करें।

### ऑल्टो कार में आने को लेकर खूब ली चुटकियां

**वहीं** बजट के दिन ऑल्टो कार में आने पर प्रतिपक्ष के नेता जयराम ने सीएम सुक्खू को घेरते हुए पुछा कि क्या उनकी ऑल्टो कार 365 दिन में सिर्फ एक ही दिन चलती है? वह भी बजट के दिन ही, जिस पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि यह सही है कि वह ऑल्टो में एक ही दिन आता हूं। वह पहले दिन से ही बजट के दिन ऑल्टो कार में आता हूं, क्योंकि वे आम आदमी के दर्द को जानते हैं, इसलिए वे दिखावा करने में विश्वास नहीं करते, बल्कि आम आदमी के साथ खड़ा होने में विश्वास रखते हैं।

### पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेल लाइन के लिए नहीं आया कोई पैसा

**पठानकोट**-जोगिंद्रनगर रेल लाइन को लेकर भी सदन में चर्चा हुई और कांग्रेस विधायक केवल सिंह पठानिया ने पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेल लाइन को लेकर उठाए सवाल उठाते हुए सदन में अपनी ही सरकार से पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेल लाइन के विस्तार की प्रगति को लेकर सवाल पूछा। जिसका जवाब देते हुए डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि केंद्र की ओर से अभी इसके लिए पैसा नहीं आया है। न ही इसके बारे में कोई सूचना है, इसके बारे में केंद्रीय मंत्री से बात की जाएगी और इसकी वस्तुः स्थिति का पता लगाया जाएगा।

### बजट सत्र में हिस्सा लेने जाते माननीय



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के साथ सुधीर शर्मा, विपिन परमार व अन्य।



बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल।



चंबा के विधायक नीरज नैय्यर।

# अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाना बड़ी चुनौती : प्रतिभा सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने कहा है कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाना एक बहुत बड़ी चुनौती है। प्रदेश पर बढ़ता कर्ज का बोझ चिंता का विषय है।



उन्होंने कहा है कि प्रदेश में बागवानी व पर्यटन की आपार संभावनाएं हैं, इनका दोहन करने की आवश्यकता है। सरकार प्रदेश में बेरोजगारी दूर करने के लिए ग्रामीण पर्यटन को विकसित करने के लिये प्रयासरत है। प्रदेश में बागवानी का एक बहुत बड़ा क्षेत्र है इसको भी बढ़ावा देने की जरूरत है।

प्रतिभा सिंह ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार अपने सीमित संसाधनों से प्रदेश के समग्र विकास के प्रति कृतसंकल्प है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश सरकार का वर्ष 2025 26 का बजट इस दिशा में सार्थक सिद्ध होगा। प्रतिभा सिंह ने कहा है कि पूर्व भाजपा सरकार के कुप्रबंधन और फिजूलखर्ची की बजह से प्रदेश की अर्थव्यवस्था बिगड़ी। पूर्व भाजपा सरकार प्रदेश में डबल इंजन सरकार का दावा तो करती रही पर केंद्र की सरकार ने प्रदेश को कोई भी विशेष आर्थिक मदद नही दी।

# विधानसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई सदस्य सुविधा समिति की बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

विधानसभा सचिवालय के मुख्य समिति कक्ष में सदस्य सुविधा समिति की बैठक का आयोजन सभापति एवं विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को सभी सदस्यों के आग्रह पर विशेष रूप से आमंत्रित किया गया।

**बैठक में मुख्यमंत्री विशेष रूप से आमंत्रित**

इस बैठक में समिति सदस्य एवं उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, समिति सदस्य एवं उद्योग एवं संसदीय कार्य मंत्री हर्ष वर्धन चौहान, समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, सरकार के उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया आदि मौजूद थे, जबकि वरिष्ठ अधिकारी एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव औकार शर्मा, प्रधान सचिव उद्योग आरडी नजीम, सचिव सामान्य प्रशासन राजेश शर्मा तथा सचिव विधानसभा यशपाल शर्मा भी बैठक में मौजूद थे। समिति द्वारा आज की बैठक के लिए निर्धारित एजेंडे पर विस्तृत चर्चा की गई तथा आगामी बैठक में इस पर शीघ्र फैसला लेने का निर्णय लिया गया।

# मुख्यमंत्री ने आम जनता को किया निराश : हर्ष महाजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा कि हिमाचल का बजट प्रदेश की जनता के लिए एक बिछाया हुआ आंकड़ों का मायाजाल है।



हिमाचल का बजट पूरी तरह से खोखला एवं ठन ठन गोपाल है, मुख्यमंत्री ने वादे बड़े-बड़े किए, पर आम जनता के हाथ पूरी तरह से खाली रखे। मुख्यमंत्री ने बजट भाषण में केवल जनता और प्रदेश पर बोझ बढ़ने का काम किया। महाजन ने कहा कि आऊटसोर्स के लिए नीति निर्धारित होनी चाहिए, बजट में दिहाड़ीदारों, आऊटसोर्स वर्कर, आंगनबाड़ी व आशा वर्कर, व अन्य कई कर्मियों की पगार बढ़ाना कर्मचारी को लॉलीपॉप देना जैसा है, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण है आऊटसोर्स कर्मियों को नियमित करने के लिए नीति-निर्धारण करना।

कर्मचारियों को 3 फीसदी डीए और 70 वर्ष से ऊपर के पेंशनरों को अस्थिर के भुगतान की घोषणा में भी कई खामियां हैं। न्यायालयों ने अगर एरियर पर ब्याज देने को बाध्य किया तो मुश्किल और बढ़ जाएगी।

# देश की आंखों में धूल झोंकने वाला है सुक्खू सरकार का बजट : कश्यप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल का बजट केवल जनता की आंखों में धूल झोंकने वाला बजट है। यह बात भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने कही।



उन्होंने कहा कि पूरे बजट में केवल मुख्यमंत्री ने आर्थिक बदहाली का रोना रोया, इसके बजाय कुछ नहीं किया। रिवेन्यू डिफिसिट ग्रांट की कहानी पढ़ी, पर हम मुख्यमंत्री से पूछना चाहते हैं कि इससे पूर्व आप भी विधायक थे आपको भी पता था कि यह ग्रैंड धीरे-धीरे कम होनी ही थी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जब सत्ता में आए तो आत्मनिर्भर हिमाचल का राग गया, पर पूरे बजट में अगर 600 करोड़ रुपए की आमदनी बड़ी तो केवल मात्र वैट कलेक्शन के कारण बड़ी, पर हम पूछना चाहते हैं कि वैट लगता किस चीज पर है केवल मात्र डीजल पर, मुख्यमंत्री ने इस टैक्स को बढ़ाया और उसके बाद 600 करोड़ की आमदनी बढ़ाई। डीजल पर टैक्स बढ़ाने का मतलब है महंगाई का बढ़ना और महंगाई को रोकने के लिए मुख्यमंत्री ने बजट में कुछ नहीं किया। केवल महंगाई का तूफ जनता को दिया।

# सुक्खू सरकार वित्तीय चुनौतियों से पार पाने को उठाएगी कड़े कदम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

चुनौतियों की सीधी राह पर समाधान के समायोजन पर सुक्खू सरकार ने अपने पिटारे में कर्मचारियों पर फिर से मेहरबानी करने का साहस दिखाया है। जर्जर आर्थिक हालात के बावजूद राहत का ऐलान कुछ मुश्किल हालात भी तैयार करेगा। निकट भविष्य में सुधार की प्रक्रिया में तेजी आने की संभावन है। 31 मार्च 2025 के बाद इसमें सक्रियता दिख सकती है।

मौजूदा समय में राज्य पर 87000 हजार करोड़ का भारी भरकम कर्जा है। आने वाले 31 मार्च अर्थात 15 दिन बाद कर्जों का दायरा 94, 992 करोड़ तक पहुंच सकता है। नए वेतन आयोग के तहत एरियर व डीए के रूप में 9000 करोड़ रुपए चुकाने हैं।

प्रदेश में ढाई लाख से अधिक कर्मचारी सरकारी सेवाएं दे रहे हैं। कर्मचारियों के साथ पेंशनभोगियों को मिला दिया जाए, तो 3.30 लाख से ज्यादा वेतन और पेंशन पाने वालों की संयुक्त संख्या सामने आती है। सोमवार को बजट पेश करते हुए सीएम सुक्खू ने कर्मचारियों को तीन फीसदी डीए का इजाफा दिहाड़ीदारों की दिहाड़ी 400 से 420 करने और मनरेगा श्रमिकों की मजदूरी 300 से 320 करने का ऐलान किया है। सुक्खू सरकार महंगाई भत्ते के साथ एरियर का भुगतान चरणबद्ध तरीके से लागू करेगी। कर्जों का भार बढ़ने से वर्तमान समय में 21 हजार 366 करोड़ का कर्ज लिया गया है और 5 हजार 864 करोड़ रुपए कर्ज वापसी के रूप में लौटाए भी गए हैं। एक अन्य दिलचस्प पहलू में राज्य के अंदर प्रति व्यक्ति पर 1 लाख 17000 हजार रुपए कर्ज चढ़ गया है।

सुक्खू सरकार धन जुटाने के लिए कई सुधारात्मक कदमों पर गंभीरता लाने की बात कह चुकी है, अनावश्यक खर्चों को कम करने पर विचार हो रहा है। सरकार ने पर्यटन, जल विद्युत व अन्य क्षेत्रों में राजस्व बढ़ाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। जल विद्युत परियोजनाओं पर मिलने वाली रॉयल्टी जो कि केंद्र सरकार के पास विचारधीन है। उसके शीघ्र समाधान के लिए हर संभव कदम उठाए जाने संभावित है।

शिक्षा के क्षेत्र पर सरकार ने राजनीति के मंच सजाने बंद कर दिए हैं, युक्तिकरण प्रक्रिया के तहत 500 से ज्यादा शिक्षण संस्थान बंद कर दिए हैं। जरूरत के अनुसार नई भर्तियां होंगी, जो सरकार की फिजूलखर्ची को बचाएगी और वेतन आदि पर खर्च होने वाली राशि आदि पर लगाम लगेगी। कुल मिलाकर सरकार अपनी घोषणाओं को चरणबदद्ध तरीके से लागू करेगी।

# सदन में उठा सेब का मसला, विधायक हुए 'लाल'

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल के लाल सेब पर सदन में सवालों-जवाबों के खूब तीर चले। अपने ही विधायकों के सवालों में उलझे सत्तापक्ष को सटीक जवाब तलाशने में खूब पसीना बहाना पड़ा। सीएम सुक्खू द्वारा सोमवार को बजट पेश किया गया, जिस पर मंगलवार को सदन में चर्चा के दौरान खूब गहमागहमी देखने को मिली।



कांग्रेस के ठियोग से विधायक और वरिष्ठ पार्टी नेता कुलदीप सिंह राठौर ने विदेश से अवैध रूप से आयातित रूट स्टॉक पौधों पर सवाल उठाए। विशेष तौर पर एम-9 को प्रदेश में विकसित करने के लिए और बागवानों को कम दामों पर उपलब्ध कराने को लेकर सवाल पूछा। उन्होंने सवाल किया कि उनके क्षेत्र में अवैध रूप से नर्सरी आ रही है। बाहर से आने वाली नर्सरी में वायरस देखा गया है, इससे बागवानी को बड़े पैमाने पर नुकसान हो रहा है। राठौर ने कहा कि बाहर से आने वाले पौधे काफी महंगे होते हैं। प्रदेश के छोटे बागवान इसे नहीं खरीद सकते हैं।

जवाब में बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी बताया कि ऐसे पौधों की नर्सरियों को जब्त कर नष्ट किया जा रहा है, गैर कानूनी तरीके से आने वाले सभी पौधे भी नष्ट किए जा रहे हैं और भविष्य में अवैध रूप से आने वाले इन पौधों को लेकर और अधिक सख्ती दिखाई जाएगी।

इस पर भाजपा के चौपाल से विधायक बलबीर शर्मा ने कहा कि नियमों के मुताबिक विदेशों से आने वाले पौधों को एक साल तक क्वारंटाइन किया जाना जरूरी है, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। जिससे बागवानी को भारी नुकसान हो सकता है। इसके जवाब में बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि सीमित संसाधनों में पौधों की जांच की जाएगी, इसके लिए प्रयास किया जाएगा और भविष्य में ऐसी अवैध गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी।

# केंद्र हिमाचल में खोलेगा दो नए सैनिक स्कूल : इंदु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राज्यसभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी को संसद में बताया कि केंद्र सरकार ने पार्टनरशिप मोड के माध्यम से हिमाचल ने दो नए सैनिक स्कूल खोलने का फैसला किया है।



उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने साल 2021 में एनजीओ, ट्रस्ट, प्राइवेट स्कूलों और सरकारी स्कूलों के साथ सांझेदारी बनाकर नए सैनिक स्कूल खोलने का निर्णय लिया है तथा इस निर्णय के अनुरूप केंद्र सरकार ने पार्टनरशिप मोड के माध्यम से देशभर में 45 नए सैनिक स्कूल खोलने का निर्णय लिया है, जिसमे से दो नए सैनिक स्कूल हिमाचल प्रदेश में खोले जाएंगे। वहीं, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय मंत्री जितिन राम मांझी ने इंदु गोस्वामी को कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2014-15 से वर्ष 2023-24 तक 6.86 लाख सूक्ष्म उद्यमियों को 53,296 करोड़ रुपए ऋण 19,739 करोड़ रुपए मार्जिन मनी के साथ स्वीकृत किए गए हैं, जिससे देश में 54 लाख युवकों को रोजगार के अवसर प्रदान किए गए हैं।

उन्होंने बताया की प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर में 50 लाख और सर्विस सेक्टर में 20 लाख रुपए लागत के उद्यम स्थापित करने के लिए बैंकों द्वारा सामान्य श्रेणी के उद्यमियों को परियोजना लागत की 90 प्रतिशत राशि और विशेष श्रेणी के उद्यमियों को परियोजना लागत की 95 प्रतिशत राशि ऋण के रूप में स्वीकृत की जाती है।

# समर्थन मूल्य पर सरकार का ऐलान कितना कारगर

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

राज्य सरकार द्वारा बजट में मक्की, गेहूं और हल्दी के अलावा गाय-भैंस के दूध पर समर्थन मूल्य में की गई बढ़ोतरी किसानों या पशुपालकों में कितनी और दिलचस्पी बढ़ा पाएगी ? यह विषय महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि हमीरपुर, बिलासपुर, मंडी के अलावा आसपास के इलाकों में मक्की और गेहूं की फसल अब उस बड़े स्तर पर किसानों द्वारा बिजी नहीं जाती, जितनी पहले रहा करती थी, लेकिन प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार का यह प्रयास निश्चित रूप में किसानों में नई ऊर्जा पैदा तो करेगा ही।

**प्राकृतिक खेती में मक्की, गेहूं व हल्दी पर अब किसानों की दिलचस्पी रहेगी जरूरी**

साथ ही हल्दी को लेकर भी नया माहौल बनाने का प्रयास सरकार ने किया है, क्योंकि बंदर यहां फसलों को बहुत बर्बाद कर रहे हैं, और हल्दी की खेती करके इससे और कमाई हो सकती है। इस पर बंदर भी उनका कुछ बिगाड़ नहीं सकते, लेकिन अहम विषय यह है कि इनके अलावा किन्नू और आलू की फसल लोअर हिमाचल में कई जगह काफी तादाद में होती है। आलू की फसल तो लाहौल, मंडी ऊना, कांगड़ा में काफी रहती है। उस पर भी समर्थन मूल्य का ऐलान बनता था, लेकिन यह चीज छूट गई हैं।

### किन्नू-आलू पर चुप्पी क्यों



वैसे सबसे अहम बात यह है कि मंडी, बिलासपुर, हमीरपुर में मक्की की पैदावार अब किसानों के पास अपने खाने लायक ही तैयार होती है। थोड़ी बहुत यदि ज्यादा उगाएंगे भी तो, उसका उन्हें ज्यादा फर्क नहीं पड़ने वाला, क्योंकि बड़े स्तर पर इसका उत्पादन अब 'फीका' पड़ चुका है। (अनंत ज्ञान)

### दूध के कलेक्शन सेंटर भी बड़े स्तर पर करने होंगे तैयार

**दूध** के कलेक्शन सेंटर भी बड़े स्तर पर तैयार करने होंगे। लेकिन चिलिंग प्लांट और कलेक्शन सेंटर जितने हैं, उनमें कई दम तोड़ रहे हैं। जंगलवैरी का कलेक्शन सेंटर कई सालों से बंद पड़ा हुआ है। असल समस्या यह है कि कामधेनु जैसी संस्था कहां से कहां पहुंच गई। कुछ इस स्तर पर बेहतर दिशा में काम करना पड़ेगा। हिमाचल प्रदेश में कितने जिले ऐसे हैं या कौन-कौन से क्षेत्र रहते हैं, जहां दूध का उत्पादन बहुत ज्यादा होता है। अब दरअसल में डेरी फार्म खोलकर के लोगों ने अच्छा खासा कमाने का प्रयास तो किया है लेकिन भैंस का दूध पहले ही यहां 70 रुपए से कम मिलता नहीं है। अब सरकार का जो एमएसपी रेट आया है, उसका धरातल पर कितना फायदा होगा? इसका पता तो व्यावहारिक तौर पर ही आगे चलकर ही लगेगा। सरकार की सोच तो ठीक है, लेकिन व्यावहारिक तौर पर इसे अमलीजामा पहनाया जाना कितना आसान नहीं होगा, वह भी तब जब लोग इन चीजों से मुंह फेर चुके हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़ी हुई इन चीजों को समय के अनुसार अब बदलने का सरकार ने प्रयास तो किया है, मगर धरातल पर यह चीजें कसौटी पर खरा कितना उतरेंगी, क्या लोग इनका फायदा उठाने का प्रयास करेंगे? यह तमाम चीजें अहम रहेंगी।

**बजट पर्यटन पर विशेष**

## केंद्र पहले भी नाकार चुकी है सरकार की योजनाओं को, स्पष्ट नहीं कहां से आएगा धन

# केंद्र की बेरुखी, सरकार की आर्थिक तंगी, क्या धरातल पर खड़ी होंगी पर्यटन योजनाएं?

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा अपने बजट में प्रदेश में शिमला और मनाली की तर्ज पर नए पर्यटन स्थल विकसित करने की बात तो कही है। हालांकि, मगर सरकार की आर्थिक तंगहाली को देखते हुए सरकार की 2400 करोड़ की लागत की दो चरणों की योजना पर प्रश्न खड़ा होता दिख रहा है। हालांकि, प्रदेश में नए पर्यटक स्थल विकसित करने से इससे आने वाले समय में पर्यटन को बढ़ावा तो मिल सकता है, लेकिन क्या सरकार अपनी योजनाओं के लिए ऋण लेगी या फिर पूंजी निवेश के लिए उद्योगपतियों को आगे लाएगी। गत वर्ष 2024 में केंद्र सरकार द्वारा पूंजी निवेश पर अनदेखा किया जाता रहा है।

केंद्र सरकार ने 23 प्रदेशों को पर्यटन परियोजनाओं के लिए 3295.76 करोड़ रुपए बजट जारी किया था। केंद्र की मोदी सरकार ने प्रदेशों को यह बजट स्पेशल असिस्टेंट टू स्टेटस फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट स्कीम के तहत दिया गया था। मगर इसमें हिमाचल जैसे खूबसूरत पहाड़ी प्रदेश की अनदेखी की गई और प्रदेश के हाथ में कुछ भी नहीं आया। इसमें प्रदेश सरकार की बिलासपुर जिले के औहर व कांगड़ा के देहरा में नए पर्यटन स्थल विकसित करने की योजना थी।



**अनंत ज्ञान विशेष**

अधिकारियों के अनुसार तीन पर्यटन परियोजनाओं को सितंबर 2024 में भेजा गया था, जिन पर पहले आपत्तियां लगीं। उन्हें दूर किया गया तो केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने परियोजनाओं को ही रिजेक्ट कर था। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने सभी राज्यों के पर्यटन सचिवों को पत्र लिखकर परियोजनाएं मांगी थीं। इसमें शर्त थी कि वही योजनाएं भेजी जाएं, जहां भूमि के लिए वन स्वीकृति की आपत्तियां न हों, लोगों को विस्थापन न झेलना पड़े और किसी तरह का विवाद न हो। सरकार की इन 3 परियोजनाओं में 2 परियोजनाएं बिलासपुर जिले के औहर की थी। इसमें एक परियोजना का मुख्यमंत्री शिलान्यास भी कर चुके हैं।

पर्यटन कारोबारियों के अनुसार सुक्खू सरकार की पर्यटन को लेकर बनाई गई योजनाएं सिरे चढ़ती हैं, इस पर प्रश्न उठना लाजमी है। सरकार ने कुल्लू नगर और नादौन में वैलनेस सेंटर, धर्मशाला, शिमला और मंडी में आइस स्केटिंग रिंक, पालमपुर व नगरोटा बगवां के सौंदर्यीकरण, बाबा बालकनाथ मंदिर परिसर में पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाएं, 200 करोड़ से धर्मशाला के तपोवन में अंतरराष्ट्रीय स्तर का कन्वेंशन सेंटर, काजाए रकछम और छितकुल जैसे दुर्गम क्षेत्र भी विकसित करने, छोटी काशी के नाम से मंडी में शिव धाम परियोजना, चिंतपूर्णी व ज्वालाजी और नयना देवी मंदिरों का सौंदर्यीकरण, नादौन में राफ्टिंग केंद्र, पौंग डैम के निकटतम क्षेत्र को विकसित करने नगरोटा सूरियां, खब्बल तथा देहरा वेलनेस सेंटर बनाने, ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन कारोबार को बढ़ाने के लिए 200 होटल बनाने, तीन सितारा, चार सितारा, पांच सितारा और सात सितारा होटल निर्माण की बात यही कही है, परंतु यह योजनाएं धरातल पर कैसे उतरेंगी, इस पर अब सभी की नजरें हैं। (अनंत ज्ञान)

### क्या प्रदेश सरकार योजनाओं के लिए केंद्र के भरोसे होगी या खुद करेगी प्रयास

**विपक्ष** के सवालों पर मुख्यमंत्री कहते आए हैं कि वित्तायोग ने एयरपोर्ट विस्तारीकरण के लिए कुल 1400 करोड़ रुपए देने थे। 400 करोड़ कांगड़ा एयरपोर्ट के लिए मिलना था और 1000 करोड़ बल्ह के ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के लिए उनकी सिफारिश थी, मगर आज तक यह पैसा नहीं मिला। ऐसे में बड़ा प्रश्न उठता है कि क्या इन सभी योजनाओं के लिए क्या प्रदेश सरकार केंद्र के भरोसे होगी या फिर खुद प्रयास करेगी अभी यह स्पष्ट होना बाकी है, क्योंकि पर्यटन योजनाओं के लिए धन कहां से आएगा सरकार ने यह स्पष्ट नहीं किया है।

फॉर्म संख्या 3 [देखें विनियमन-15 (1)(ए)]/16(3)

**ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी 1)**
**द्वितीय तल एससीओ 33-34-35 सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़**

ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियम, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2ए) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के अंतर्गत समन।

**प्रदर्श संख्याः- 26831** **समन** **केस संख्याः- OA/1425/2023**

**एचडीएफसी बैंक बनाम दिनेश कुमार**

**1. दिनेश कुमार पुत्र मोहिंदर सिंह निवासी गांव उप-डाकघर करसा, मंदराली 82, तहसील रोहड़ू जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश-171207 2. हरदेव सिंह सुधार्ता पुत्र साध राम निवासी गांव उप-डाकघर करसा, मंदराली 82, तहसील रोहड़ू जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश-171207**

चूंकि, **OA/1425/2023** को दिनांक **11/02/2025** को माननीय पीठासीन अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष सूचीबद्ध किया गया था। चूंकि यह माननीय न्यायाधिकरण अधिनियम की धारा 19(4) के तहत उक्त आवेदन पर समन/नोटिस जारी करने के लिए सक्षम है। (OA) आपके खिलाफ **37,19,212.94** रुपये के ऋण की वसूली के लिए दायर किया गया है (दस्तावेजों आदि की प्रतियों सहित आवेदन पत्र संलग्न है)। अधिनियम की धारा 19 की उपधारा (4) के अनुसार, आप, प्रतिवादियों को निम्नानुसार निर्देशित किया जाता हैः-(i) संदेह या समन की सेवा के तीस दिनों के भीतर यह कारण बताएं कि क्यों प्रार्थित राहत प्रदान नहीं की जानी चाहिए; (ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3A के तहत आवेदक द्वारा निर्दिष्ट संपत्तियों और संपत्तियों के अलावा अन्य संपत्तियों या सम्पत्तियों का विवरण प्रदान करने के लिए; (iii) आपको संपत्तियों की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई और निपटान लंबित रहने तक मूल आवेदन के क्रमांक 3ए के तहत प्रकट की गई सुरक्षित संपत्तियों या ऐसी अन्य संपत्तियों और संपदाओं से निपटने या उनका निपटान करने से रोका जाता है; (iv) आप ट्रिब्यूनल की पूर्व स्वीकृति के बिना मूल आवेदन के क्रमांक 3ए के तहत निर्दिष्ट या प्रकट की गई किसी भी संपत्ति और/या अन्य संपत्तियों और संपदाओं को, अपने व्यवसाय के सामान्य क्रम को छोड़कर, बिक्री, पट्टे या अन्यथा तरीके से हस्तांतरित नहीं करेंगे; (v) आप सामान्य व्यवसाय के क्रम में सुरक्षित संपत्तियों या अन्य संपत्तियों और संपदाओं की बिक्री से प्राप्त बिक्री आय का हिसाब रखने और ऐसी बिक्री आय को ऐसी संपत्तियों पर सुरक्षा हित रखने वाले बैंक या वित्तीय संस्थानों के साथ रखे गए खाते में जमा करने के लिए उत्तरदायी होंगे। आपको आवेदक को दी गई एक प्रति के साथ लिखित बयान दाखिल करने और **27/03/2025** को **सुबह 10:30 बजे** रजिस्ट्रार के समक्ष उपस्थित होने का भी निर्देश दिया जाता है। ऐसा न करने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

इस दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायाधिकरण की मुहर से जारीः **13/02/2025**

**Sd/-समन जारी करने के लिए प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर।**

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय एकता यात्रा का नूरपुर में स्वागत

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राष्ट्रीय एकता यात्रा का नूरपुर में विद्यार्थी परिषद ने भव्य स्वागत किया। इस यात्रा में लगभग लद्दाख से 22 प्रतिनिधि रहे। राष्ट्रीय एकता यात्रा-2025 के अंतर्गत क्षेत्रीय छात्र अनुभूति, स्टूडेंट्स एक्सपीरियंस इन रीजनल अंडरस्टैंडिंग का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को नूरपुर पहुंचा। अभाविप जिला नूरपुर के पदाधिकारियों द्वारा हिमाचल यात्रा पर आए इस प्रतिनिधिमंडल का नूरपुर स्थित भगवान बृजराज स्वामी मंदिर के प्रांगण में हार्दिक स्वागत किया गया। स्थानीय नगर परिषद् के अध्यक्ष अशोक शर्मा शिब्बू और उनके सहयोगियों ने सभी सदस्यों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

### स्मार्ट क्लासरूम को लेकर बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** सीनियर सेकंडरी स्कूल ( बाल) में स्मार्ट कलासरूम को लेकर उप शिक्षा निदेशक विकास महाजन की अध्यक्षता में खुंडिया व देहरा शिक्षा खंड के प्रधानाचार्यों व मुख्याध्यापकों की बैठक हुई। इस अवसर पर शिक्षा निदेशक विकास महाजन ने कहा कि सरकारी स्कूलों में आगामी सत्र से गुणवत्तायुक्त शिक्षा पर जोर दिया जाएगा। उप शिक्षा निदेशक ने कहा कि स्कूलों में एनरोलमेंट को बढ़ाने, स्मार्ट क्लासरुम में पढ़ाने, खेलकूद व विभिन्न प्रकार की सामाजिक सांस्कृतिक गतिविधियां करवाने के लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा। बैठक में लगभग 50 प्रधानाचार्य व मुख्याध्यापकों ने भाग लिया।

### टिकाऊ खेती की तकनीक के बारे में जाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के पादप विज्ञान विभाग के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के दौरान पालमपुर के सीएसआईआर-आईएचबीटी पहुंचे। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को पादप विज्ञान, टिकाऊ खेती की तकनीक और नवीन कृषि प्रथाओं के बारे में जानकारी प्रदान करना रहा। छात्रों ने पहले ट्यूलिप गार्डन का दौरा किया, जहां उन्हें विभिन्न प्रकार की ट्यूलिप प्रजातियों से परिचित कराया गया। छात्रों को ट्यूलिप की खेती, देखभाल और इसकी सफल वृद्धि के लिए आवश्यक पर्यावरणीय परिस्थितियों के बारे में सीखने का अवसर मिला। प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, सीएसआईआर-आईएचबीटी पालमपुर के निदेशक डॉ. सुदेश कुमार यादव और प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. गिरीश ने इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

### सीएचसी खैरियां में आरकेएस की बैठक संपन्न

**रमन राणा, भडवार।** कम्युनिटी हेल्थ सेंटर खैरियां ब्लाक गंगथ में मंगलवार को रोगी कल्याण समिति की बैठक नूरपुर तहसीलदार राधिका सैनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. दिलावर सिंह, पीडब्ल्यूडी जेइई राजन शर्मा, पूर्व प्रधान ज्ञान सिंह, पूर्व प्रधान विक्रम सिंह बिट्टू, मेडिकल स्टाफ सहित भारी संख्या में स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे। बैठक में 2024-25 के बजट पर चर्चा की गई साथ में लोगों को आ रही स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर भी विशेष रूप से चर्चा की गई। (अनंत ज्ञान)

### नाट्य स्पर्धा में मिनर्वा के छात्रों का दबदबा

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** ज्वालामुखी के लॉरेट फार्मेसी संस्थान में एचपीटीयू के तीन दिवसीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें मिनर्वा कॉलेज ऑफ फार्मेसी से अंतिम वर्ष के छात्र अभिषेक, मृदुल, सूर्या, मुनीश, अर्पणा, ऋषिका, सौरभ व गौरव ने भाग लिया था। कॉलेज छात्रों ने नाट्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ग्रहण करके मिनर्वा कॉलेज का नाम रोशन किया है। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. कपिल कुमार वर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश तकनीकी विवि के परीक्षा परिणामो में भी मिनर्वा कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्रों ने मेरिट में अपनी जगह बनाई है।

### क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक 27 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, प्रदीप कुमार ने जारी बयान में कहा कि प्रकाशित 55-बस रूटों के आबंटन के लिए 27 मार्च को दोपहर 12:30 बजे क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण कांगड़ा स्थित धर्मशाला की विशेष बैठक निदेशक परिवहन कार्यालय शिमला में प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि जिन प्रार्थियों व वाहन मालिकों ने 10 मार्च तक धर्मशाला क्षेत्र के अधीन प्रकाशित रूटों के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है।

# बैंकर्स ऋण जमा अनुपात में सुधार पर करें फोकस : डीसी

## बैंकों की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक का आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



**उपायुक्त** हेमराज बैरवा ने सभी बैंकर्स को अपने जमा ऋण अनुपात में सुधार के लिए प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ सभी बैंक अधिकारियों को शिक्षा ऋण एवं कृषि ऋण बढ़ाने के निर्देश दिए।

मंगलवार को डीआरडीए सभागार में बैंकों की जिला स्तरीय सलाहकार (डीएलआरसी) एवं समन्वय समिति (डीसीसी) तथा जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी हेमराज बैरवा ने जिले में कार्यरत सभी बैंकों द्वारा क्रियान्वित की जा रही सरकार की गरीबी उन्मूलन योजनाओं के अंतर्गत हुई प्रगति तथा वार्षिक ऋण योजना 2024-25 के अंतर्गत दिसंबर 2024 तक के लक्ष्यों तथा उपलब्धियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 मे दिसंबर 2024 के अंत तक प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में बैंकों ने 61.90 प्रतिशत की दर से तथा गैर प्राथमिकता क्षेत्र में 298.89 प्रतिशत की दर से लक्ष्यों की प्राप्ति की है।

बैठक का संचालन करते हुए अग्रणी जिला प्रबंधक तिलक राज डोगरा ने बताया कि जिला कांगड़ा के ऋण वितरण में बैंकों का वार्षिक ऋण योजना 2024-25 (01-04-2024 से 31.03.2025 तक) का लक्ष्य 7322.28 करोड़ था, जिसे सितंबर तिमाही के अंत तक बैंकों ने 6425.66 करोड़ रुपये के ऋण वितरण करके 87.75 प्रतिशत की दर से अपने लक्ष्यों की प्राप्ति की है।

## बैजनाथ में चामुंडा मंदिर के ताले तोड़कर नकदी व सोने की नथनी चोरी

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** अज्ञात चोरों ने बैजनाथ में अस्पताल के समीप चामुंडा मंदिर के ताले तोड़कर माता की सोने की छोटी नथ और दान पात्र से नकदी उड़ा ली। सोमवार देर रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। सुबह मंदिर के पुजारी विजय शर्मा को चोरी की घटना का पता चला है। टूटा हुआ दान पात्र मंदिर की कुछ दूरी पर झाड़ियों में बरामद हुआ । विजय शर्मा ने बताया कि कुछ धार्मिक पुस्तकें व अन्य जरूरी दस्तावेजों से भरा एक बैग गायब है। इस संबंध में पुलिस में शिकायत नहीं की गई है। लोगों का कहना है कि इससे पूर्व भी कस्बे के अन्य छोटे मंदिरों के ताले चोरों ने तोड़े हैं। उनका कहना है कि मंदिर और पार्किंग के समीप देर शाम रोजाना नशेड़ी घूमते हुए देखे जा सकते हैं और ऐसे शरारती तत्व ही इन घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने पुलिस से ऐसे क्षेत्रों में देर शाम के बाद गश्त करने का आग्रह किया है। (अनंत ज्ञान)

# पेंशनरों को हर माह की 15 या 17 तारीख को मिलती रहेगी पेंशन: वर्मा



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

हिमाचल पथ परिवहन निगम पेंशनर कल्याण संगठन के एक समारोह में निगम के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने कहा कि पेंशनरों को पेंशन हर माह कि 15 या 17 तारीख को पेंशन मिलती रहेगी।

इसके साथ ही उन्होंने पेंशनरों की विभिन्न मांगों जैसे वेतन के साथ मासिक पेंशन का स्थायी समाधान, मार्च 2024 के पश्चात सेवानिवृत्त कर्मियों को पेंशन तथा अन्य देय राशि का भुगतान, आयु के आधार पर 5-10 और 15 फीसदी भत्तों और मेडिकल बिलों के 9 करोड़ अभी तक नहीं मिला पर भी उपाध्यक्ष ने पेंशनरों को अस्वश्त किया है कि पेंशनरों की सभी रूके हुए भत्ते का भुगतान प्रदेश सरकार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पेंशनरों के सभी देय भत्तों का भुगतान कर दिया जाएगा। सरकार की ओर से पेंशनरों को 15 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं। इसमें 3 माह का सरकार ने पहले ही जारी कर दिया था, 5 माह का ओवरटाइम भी जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को पीछे ले जाने का सबसे बड़ा काम पिछली सरकार ने किया है। इस अवसर पर परिवहन निगम के डीएम पंकज चड्ढा, हिमाचल पथ परिवहन निगम पेंशनर कल्याण संगठन के अध्यक्ष रणजीत सिंह, उपाध्यक्ष रमेश वालिया, महासचिव उत्तम चंद सहित कई पेंशनर मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक ने वर्करों सहित थाना तारागढ़ का किया घेराव



**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

**हलका** भोआ के अधीन पड़ते थाना तारागढ़ में भारी संख्या में कांग्रेस की मौजूदगी में पूर्व विधायक जोगिंदर पाल के नेतृत्व में थाने का घेराव किया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारियों में पूर्व विधायक जोगिंदर पाल, जिला कांग्रेस किसान सैल अध्यक्ष राकेश बॉबी, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष गौरा सैनी, किसान सैल ब्लॉक अध्यक्ष गुरजीत सिंह, सतीश सरना, अरूण बारठ, जरनैल सिंह, अश्वनी कुमार, कस्तूरी लाल, उर्मिला देवी, पूनम देवी, चंपा देवी, प्रीति देवी, सीमा रानी, परमजीत कौर व अमित कुमार ने संयुक्त रूप में पुलिस प्रशासन और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि बदला खोरी की राजनीति हो रही है। उन्होंने कहा कि उनके गांव के अनुराग सैनी को किरण पत्नी रवि कुमार निवासी शेरपुर गिदरपुर की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि 7 मार्च को किरण वाला और रवि कुमार की शादी की सालगिरह थी। जिसमें अनुराग सैनी को शराब पिला दी थी। इसके बाद उसने गाली-गलौज की थी। प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक जोगिंदर पाल ने सरकार और प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि वह मेरे वर्करों पर किसी तरह की धक्के शाही ना करें। आज मैं थाने पहुंचा हूं मुझे गिरफ्तार किया जाए। मैं अपनी गिरफ्तारी देने को तैयार हूं। वहीं पत्नी प्रीति देवी ने कहा कि मेरे पति पर झूठे आरोप लगाकर उन्हें फंसाया गया है। अनंत ज्ञान

## पंजाब में चालकों व परिचालकों को डराने पर कार्रवाई की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** युवा शक्ति धर्मशाला ने बाहरी राज्यों से आ रहे पर्यटकों द्वारा व पंजाब में निगम की बसों के चालकों, परिचालकों व जनता को डराने व धमकाने को लेकर उपायुक्त व एसएएस कांगड़ा को एक ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। अभिषेक कुमार ने कहा कि हिमाचल एक शांति प्रिय राज्य है, जहां कण-कण में देवी-देवताओं का निवास हैं। हिमाचल में प्रत्येक वर्ष देश के बाहरी राज्यों से पर्यटक एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में घूमने के लिए आते हैं। जो कि प्रदेश की आय का प्रमुख साधन है। गत कुछ दिनों से बाहरी राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं व पर्यटकों द्वारा प्रदेश में अराजकता का माहौल बनाया जा रहा है। मोटरसाइकिल व गाड़ियों में धर्म गुरुओं के नाम पर व्यक्ति विशेष के झंडे लगाये जा रहे हैं जो कि देश की एकता व अखंडता को तोड़ने की बात करते हों। अत: बाहरी राज्य के पर्यटकों द्वारा किये जा रहे यह कृत्य आम जनमानस की भावनाओं को आहत करने वाले हैं।

# राजीव भारद्वाज ने केंद्र से पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेल लाइन को ब्रॉडगेज करने का किया आग्रह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



**कहा- डलहौजी, चंबा व खजियार के लिए नई रेल लाइन का हो सर्वे**

**लोकसभा** सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने संसद में रेल बजट के समर्थन में बोलते हुए पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेललाइन को ब्रॉडगेज रेललाइन में परिवर्तित करने और प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों डलहौजी, चंबा और खजियार के लिए नई रेललाइन के लिए सर्वे करने का अनुरोध किया है।

उन्होंने कहा की अंग्रेजों ने बिना आधुनिक तकनीक के स्थानीय निवासी भलकू राम के पथ प्रदर्शन से कालका-शिमला रेललाइन का निर्माण किया था, जबकि अब हम विश्व की नवीनतम तकनीक से लैस हैं और ऐसे में शिमला से कहीं कम ऊंचाई पर स्थित डलहौजी, खजियार और चंबा के लिए रेललाइन के निर्माण में कोई समस्या नहीं आनी चाहिए तथा इस रेलवे लाइन के सर्वे का अनुरोध किया। भारद्वाज ने संसद में कहा कि पठानकोट-जोगिंद्रनगर नैरोगेज रेलवे लाइन का निर्माण अंग्रेजों ने किया था और इसके बाद इस रेललाइन में एक इंच की बढ़ोतरी नहीं की गई है। उन्होंने कहा की रेलवे देश की धड़कन है और इस धड़कन का सपंदन उनके गृह क्षेत्र कांगड़ा में भी सुना जाना चाहिए।

उन्होंने इस वर्ष के रेल बजट में हिमाचल प्रदेश के लिए अब तक सबसे ज्यादा 2716 करोड़ रुपए के आबंटन के लिए रेलमंत्री का धन्यवाद किया। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के अंब, इंदौरा, बैजनाथ, पपरोला, पालमपुर और शिमला रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत कवर करने का धन्यवद किया। उन्होंने इस वर्ष के रेलवे बजट में भानुपल्ली-बिलासपुर-बेरी रेलवे लाइन और चंडीगढ़-बद्दी ब्रॉडगेज रेलवे लाइन सहित रेलवे सुविधाओं के लिए पर्याप्त बजट राशि प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार का आभार प्रकट किया है।

भारद्वाज ने संसद में कहा कि हिमाचल प्रदेश के लिए रेलवे बजट में वर्ष 2023 -24 में 1838 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया, जो कि यूपीए सरकार के आबंटन से 17 गुणा ज्यादा है। उन्होंने कहा की इस समय देश में 1,15, 000 किलो मीटर लंबा रेल ट्रैक स्थापित किया गया है, जो कि विश्व का चैथा बड़ा रेलवे ट्रैक है। उन्होंने रेलवे को देश की लाइफ लाइन बताते हुए कहा कि इस समय देश में 7500 रेलवे स्टेशन हैं और रोजाना 2.5 करोड़ लोग रेलवे में सफर करते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान बजट विकसित भारत की यात्रा में नया अध्याय जोड़ेगा तथा कहा कि इस वर्ष के रेल बजट में 200 नई वंदे भारत ट्रेनों, 100 अमृत भारत ट्रेनों, 50 नमो भारत रैपिड रेलगाड़ियों को चलाने और 15500 नॉन एसी कोच जोड़ने की घोषणा का स्वागत किया



# अनंत फैशन एंड ब्यूटी

# न्यू लुक के लिए स्टाइल करें ये पफ स्लीव टॉप



**ऑफिस की पार्टी में जहां कई महिलाएं ड्रेस स्टाइल करती हैं तो वहीं, सिंपल लुक के लिए महिलाएं जींस वियर करना पसंद करती हैं। वहीं, अगर आप जींस में न्यू लुक चाहती हैं तो आप ये लेटेस्ट डिजाइंस वाली पफ स्लीव्स टॉप स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के टॉप जहां न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट हैं तो वहीं आप इस टॉप को स्टाइल करने के बाद खूबसूरत भी नजर आएंगी। अगर आप कुछ न्यू ट्राई करना चाहती हैं तो आप इस तरह के टॉप स्टाइल कर सकती हैं जो जींस में न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकती हैं। यह टॉप ओपन कुए स्टाइल में है साथ ही, ये शॉर्ट स्लीव और राउंड नेक डिजाइन में आता है। इस टॉप को आप ब्लैक या डार्क कलर की जींस के साथ स्टाइल कर सकती हैं और ये टॉप आपको 200 से 300 रुपये में मिल जाएगा।**

### एम्पायर पफ स्लीव टॉप



**अगर** आप कुछ डिजाइन में चाहती हैं साथ ही, ये भी चाहती हैं कि आप भीड़ से अलग नजर आएं तो आप इस तरह का एम्पायर पफ स्लीव टॉप स्टाइल कर सकती हैं। इस टॉप को एम्पायर स्टाइल में डिजाइन किया गया है। साथ ही, ये टॉप हलफ और स्क्वायर नेक डिजाइन में आता है। इस टॉप को कई सारे कलर ऑप्शन में खरीद सकती हैं और ये टॉप आपको 200 से 300 रुपये में मिल जाएगा।

### ऑफ व्हाइट पफ स्लीव्स रेगुलर टॉप



न्यू लुक साथ ही अगर आप लाइट कलर में कुछ पहनने का सोच रही हैं तो आप इस तरह का आउटफिट स्टाइल कर सकती हैं। यह आउटफिट आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ 250 से 300 रुपए की कीमत में खरीद सकती हैं। इस टॉप आप लाइट कलर और डार्क कलर के जींस के साथ वियर कर सकती हैं। और इस टॉप में आप बेहद ही सुंदर भी नजर आएंगी।

# गर्मियों में रहना है कंफर्ट तो पहनें कॉटन कुर्तियां





*गर्मियों के मौसम में हम सभी आरामदायक आउटफिट की तलाश में होते हैं, मगर महिलाओं को कंफर्ट के साथ स्टाइल और फैशन का कॉम्बिनेशन भी चाहिए होता है। ऐसे में कॉटन कुर्तियों को कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है। गर्मियों का सीजन आते ही, हम महिलाएं कॉटन कुर्तियों में आए नए कलेक्शन की तलाश में जुट जाती हैं।*

**स्लीवलेस कुर्तियों की डिजाइनः** गर्मियों के मौसम में स्लीवलेस कुर्तियों को आप किसी बॉटम के साथ पहन लें, आपका लुक अच्छा ही लगेगा। आजकल तो बाजार में प्लेन कुर्ती के साथ डिजाइनर कॉटन दुपट्टा आ रहा है और इस तरह का कुर्ती-दुपट्टा सेट काफी पसंद किया जा रहा है। आप इसे ऑफिस या किसी भी डे इवेंट में पहन भी सकती हैं। इस तरह की कुर्तियों के साथ आप गले में एक स्लीक सा ऑक्सीडाइज नेकपीस पहन सकती हैं।

**स्लिट कुर्तियों की डिजाइनः** स्लिट पैटर्न कुर्तियों को मॉडर्न टच दे सकता है। आप फ्रंट साइड और बैक स्लिट को चुन सकती हैं। हाइराइज स्लिट पैटर्न भी आजकल लोकप्रिय हो रहा है। इस तरह की कुर्तियों को प्लाजो, पैंट, जींस या फिर क्यूलॉट्स के साथ कैरी किया जा सकता है। अच्छी बात यह है कि इससे आपको कैजुअल और कंफर्टेबल, दोनों तरह का लुक मिल जाता है। इस तरह की कुर्तियों में आप नेकलाइन को राउंड ही रखें तो आपके लिए बेस्ट होगा।



**स्ट्रेट ए-लाइन कुर्तियों की डिजाइनः** स्ट्रेट ए-लाइन कुर्तियों का फैशन कभी आउट नहीं हो सकता है। इसे आप हर तरह के अवसर पर कैरी कर सकती हैं। इस तरह की कुर्तियों के साथ आप अंगरखा, पैनल्ड, की-होल और तरह-तरह की नेकलाइन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की कुर्तियों में आपको एम्ब्रॉयडरी भी मिल जाएंगी। आप हैवी कुर्ती कैरी करना चाहती हैं या लाइट वेट यह आपकी च्वॉइस पर निर्भर करता है। आप इसे स्टाइल करने के साथ फैंसी बॉटम का चुनाव कर सकती हैं। अपने लुक को और भी ज्यादा अट्रैक्टिव बनने के लिए डिजाइनर दुपट्टे कैरी कर सकती हैं।

**बाटिक प्रिंट कुर्तियों की डिजाइनः** बाटिक प्रिंट की कुर्तियां अगर आपकी वॉर्डरोब में अब तक नहीं है, तो आपको तुरंत ही शॉपिंग की जरूरत है। हर बार जब समर सीजन आता है, तो बाटिक प्रिंट अपने आप ही पॉपुलर हो जाता है। इस प्रिंट की कुर्तियां बहुत ही एलिगेंट और ट्रेडिशनल लगती हैं। आप सिल्वर ज्वेलरी के साथ इन्हें कैरी कर सकती हैं। बेस्ट बात तो यह कि यह कुर्तियां बहुत ही आरामदायक होती हैं।

# होम मेड स्क्रब के फायदे अनेक



***घर में शादी ब्याह का माहौल हो और महिलाएं खूबसूरत न दिखें ऐसा हो ही नहीं सकता है। अगर आपके घर में भी कोई फंक्शन है या किसी की शादी है और आप पार्लर जाने की सोच रही हैं तो यह खबर आपके लिए है। आज हम आपको ब्यूटी एक्सपर्ट के बताए एक ऐसे घरेलू नुस्खे के बारे में बताएंगे जिसे अपनाकर आप अपने घर में हो रहे फंक्शन में खूबसूरत दिख सकती हैं आपको यह घरेलू नुस्खा शादी के एक हफ्ते पहले आजमाना होगा। चलिए जानते हैं ब्यूटी एक्सपर्ट के बताए इस उपाय के बारे में।***

**ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें राय**

**ब्यूटी** एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी ने बताया कि अपनी खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए और घर वालों के बीच अपना जलवा बिखरने के लिए अगर आप भी शादी में अपने चेहरे को खूबसूरत बनाना चाहती हैं तो हमारा बताया यह घरेलू नुस्खा आपके काम आ सकता है। आज हम आपको एक ऐसे होममेड स्क्रब के बारे में बताएंगे जिसे ट्राई कर आप अपने चेहरे को खूबसूरत बना सकती हैं इसके लिए आपको कुछ सामग्री की जरूरत लगेगी जैसे-


**सामग्रीः-** 1. खीरा, 2. शहद, 3. नींबू, 4. दूध पाउडर।

**बनाने का तरीकाः** अगर आप घर पर रहकर अपने चेहरे को खूबसूरत बनाना चाहती हैं और अपने घर में हो रहे इवेंट में अपना जलवा बिखेरना चाहती हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप घर पर रहकर ब्यूटी एक्सपर्ट के बताए इस होममेड स्क्रब को तैयार कर सकती हैं। इसे बनाने का तरीका बहुत आसान है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले आपको खीरे को कद्दूकस काटकर उसमें शहद, नींबू की कुछ बूंदें और दूध पाउडर सभी को मिक्स करके एक पेस्ट तैयार करना है।

**चेहरे की मसाज करेंः** ब्यूटी एक्सपर्ट ने बताया कि इस पेस्ट को तैयार कर आप अपने चेहरे पर लगा सकती हैं। जब यह थोड़ी देर बाद सूख जाए, तो आप हल्के हाथों से अपने चेहरे की मसाज कर सकती हैं। आप चेहरे की मसाज करने के लिए दूध या गुलाब जल का इस्तेमाल कर सकती हैं। ध्यान रहे स्क्रब का इस्तेमाल करने से पहले आपको अपने चेहरे को अच्छी तरीके से धोकर साफ करना है, उसके बाद ही इसका इस्तेमाल करना है।



# चेहरे पर है ड्राइनेस तो लगाएं सबजी का रस



***अगर आपके चेहरे पर भी ड्राइनेस की समस्या देखने को मिल रही है और आप गर्मी के मौसम में इस समस्या से बचना चाहती हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आपको ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू महेश्वरी के बताए कुछ घरेलू उपाय बताएंगे, जिसकी मदद से आप अपने चेहरे पर हो रही ड्राइनेस को कम कर सकती हैं और स्किन को स्वस्थ रख सकती हैं। आइए जानते हैं एक्सपर्ट के बताए इन घरेलू उपाय के बारे में।***

**ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें राय**

ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी ने बताया कि चेहरे पर होने वाली ड्राइनेस की वजह से अधिकतर लड़कियों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इनमें से कुछ लड़कियां तो ऐसी हैं, जो अपने चेहरे पर होने वाली ड्राइनेस को कम करने के लिए बाजार से महंगे प्रोडक्ट का भी इस्तेमाल करती हैं, लेकिन लाख कोशिश के बाद भी कुछ लड़कियों को असर नहीं दिखाई देता है, लेकिन अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। ड्राइनेस को कम करने के लिए आप सबसे पहले कुछ सामग्री को इकट्ठा कर लें। जैसे -

**सामग्रीः** 1. लौकी का जूस, 2. खीरे का जूस

**बनाने का तरीकाः** घर पर रहकर अगर आप भी अपने चेहरे की ड्राइनेस को कम करना चाहती हैं और इसके लिए घरेलू उपाय करना चाहती हैं, तो सबसे पहले आपको लौकी और खीरे को कद्दूकस काटकर उसका रस निकाल लेना है। आप इस रस को स्प्रे बोतल में भरकर अपने चेहरे पर रोजाना रात में सोने से पहले स्प्रे कर सकती हैं। यही नहीं, आप चाहे तो इसे सुबह नहाने के एक घंटे पहले भी चेहरे पर स्प्रे कर सकती है। ऐसा करने से आपको आराम देखने को मिल सकता है और ड्राइनेस की समस्या कम हो सकती है।

**लौकी और खीरे का जूसः** लौकी और खीरे का जूस आपके चेहरे को हाइड्रेट करने में मदद करेगा और ड्राइनेस को कम कर सकता है। आप चाहें तो इस जूस में रोज वॉटर भी शामिल कर सकती हैं। इन तीनों को स्प्रे बोतल में भरकर आप चेहरे पर स्प्रे करें। चेहरे पर स्प्रे करने से पहले अपने मुंह को साफ पानी से धो लें और अच्छी तरह सुखा लें। जब चेहरा सूख जाए, तब इस पर स्प्रे कर सकती हैं। आप चेहरे पर लौकी और खीरे के जूस को कम से कम 20 मिनट लगाकर रखें।



## न्यूज ब्रीफ

### भरमौर-साडा का ड्राफ्ट डेवलपमेंट प्लान अधिसूचित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** एडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि भरमौर- विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) के अंतर्गत तैयार प्रारूप विकास योजना (ड्राफ्ट डेवलपमेंट प्लान) को अध्यक्ष विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं उपायुक्त चंबा द्वारा नगर तथा ग्राम नियोजन अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के अनुरूप अधिसूचित किया गया है। कुलबीर सिंह राणा ने बताया कि जनसाधारण के निरीक्षण के लिए विकास योजना का प्रारूप सदस्य सचिव-विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) एवं उपमंडल अधिकारी- नागरिक (एसडीएम) भरमौर तथा सदस्य एवं सहायक नगर नियोजक, उपमंडल नगर नियोजन कार्यालय चम्बा में उपलब्ध है। कुलबीर सिंह राणा ने बताया कि प्रारूप विकास योजना से संबंधित आपत्ति या सुझाव अध्यक्ष-विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण-भरमौर एवं उपायुक्त चंबा को लिखित रूप में 11 अप्रैल तक भेजे जा सकते है।

### धामी कॉलेज में बताए सड़क सुरक्षा के नियम

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील में मंगलवार को सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य डॉ ज्ञान चंद ने की। इस दौरान वक्ताओं द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों पर जानकारियां भी दी गई तथा नियमों से अवगत करवाने के लिए कहानी लेखन और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. ज्ञान चंद ने सभी विजेताओं तथा पूर्व में कराई गई वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया।

### ग्रामीण विकास की योजनाओं पर किया जागरूक

अनंत ज्ञान, सुन्नी। पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवँ सामुदायिक आधारित संगठनों के समन्वय को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। खंड कार्यालय बसंतपुर में आयोजित कार्यशाला में खंड विकास अधिकारी बसंतपुर स्पर्श शर्मा, एलएसईओ विधा चौहान, एसईबीपीओ हरदेव धीमान, उप निरीक्षक पंचायत इन्द्र सिंह ने प्रतिभागियों को मनरेगा एवं पंचायतीराज तथा ग्रामीण विकास की योजनाओं पर उपरोक्त संगठनों में आपसी समन्वय बनाने पर जागरूक किया।

### डिग्री कॉलेज चायल में रक्तदान शिविर आज

**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** लायंज क्लब शिमला के सहयोग से राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी में 19 मार्च को एक रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 30 यूनिट रक्त को एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। लायन क्लब शिमला के प्रेसिडेंट लायन मनमोहन वर्मा एवं प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन सुफल सूद ने जानकारी दी कि इस शिविर में दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल शिमला के ब्लड बैंक की डॉक्टर गंगा शर्मा अपनी टीम के साथ मौजूद रहेंगी। जबकि इस स्वास्थ्य शिविर में बीवीपी क्लीनिकल लैबोरेटरी भी सहयोग करेगी। इसके अलावा इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला की डॉक्टरों की टीम द्वारा महाविद्यालय में शारीरिक अंगों के दान के लिए भी जागरूकता कार्यक्रम किया जाएगा।

### पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जीवन ठाकुर के पिता का निधन

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। जोगिंद्रनगर मंगलवार को वरिष्ठ अधिवक्ता, समाजसेवी एवं पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जीवन ठाकुर के पिता हरि राम ठाकुर का निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और टांडा मेडिकल कॉलेज में उपचाराधीन थे, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। हरि राम ठाकुर का अंतिम संस्कार बुधवार को उनके पैतृक गांव ढुब्बल पंचायत के मटकेहडू में किया जाएगा। परिवार, रिश्तेदारों और स्थानीय नागरिकों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। उनके निधन पर कई राजनीतिक, सामाजिक संगठनों और गणमान्य व्यक्तियों ने गहरा दुख प्रकट किया है। जोगिंद्रनगर विधायक प्रकाश राणा, पूर्व विधायक ठाकुर गुलाब सिंह, पूर्व विधायक सुरेंद्र पाल ठाकुर, एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी, तहसीलदार जोगिंद्रनगर मुकुल शर्मा, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता पंकज जमवाल, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष दलेर सिंह, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ ठाकुर, नगर परिषद पार्षद प्यार चंद, रंजन शर्मा, सुनित ठाकुर, शिखा, प्रेरणा, ज्योति, व्यापार मंडल जोगिंद्रनगर, प्रेस क्लब जोगिंद्रनगर और रुद्राक्ष वेलफेयर सोसाइटी शामिल हैं।

### डिफाल्टर उपभोक्ताओं को लेकर उपमंडल बकलोह सख्त

# बिल जमा न करवाने वालों के काटेंगे बिजली कनेक्शन

**बबलू पठानिया, भटियात (चुवाड़ी)**

विद्युत उपमंडल बकलोह के सहायक अभियंता रमणीक सिंह ने सूचित किया है कि विद्युत उपमंडल बकलोह ने 467 उपभोक्ताओं को, जिन्होंने फरवरी 2025 माह के बिजली बिलों का भुगतान नहीं किया था, उन्हें बकायदा नोटिस जारी किए थे।

इन उपभोक्ताओं को बकाया राशि जमा करने के लिए 15 दिन का समय दिया गया था, जिसकी समय सीमा 17 मार्च 2025 को समाप्त हो चुकी है। कुछ उपभोक्ताओं ने बकायदा नोटिस अवधि के निर्धारित समय के भीतर बकाया राशि का भुगतान नहीं किया, जिसके कारण विभाग ने ऐसे डिफॉल्टर उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति के अस्थायी विच्छेदन के आदेश जारी कर दिए हैं।

### उपभोक्ताओं को दिया था 15 दिन का समय, पर नहीं किया भुगतान



### बिजली आपूर्ति को पुन: बहाल करने के लिए देना होगा 250 रुपए का संयोजन शुल्क

**उपरोक्त** उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से काट दी जाएगी। उन्हें अपनी बिजली आपूर्ति को पुनः चालू करवाने के लिए पूरे बकाया बिल का भुगतान करने के साथ-साथ 250 रुपए पुनः संयोजन शुल्क का भी भुगतान करना अनिवार्य होगा। अतः सभी उपभोक्ताओं से आग्रह है कि वे अपने बिजली बिलों का भुगतान समय पर करें, ताकि विभाग को मजबूरन कार्रवाई न करनी पड़े और उपभोक्ताओं को बिना किसी बाधा के सुचारू विद्युत सेवा का लाभ मिलता रहे।

### विभाग ने वसूल करनी है एक लाख के करीब राशि

**विद्युत** उपमंडल बकलोह के कुल 194 उपभोक्ताओं के अस्थायी विच्छेदन आदेश जारी किए गए हैं, जिनसे विभाग को कुल 1,13,135 की बकाया राशि वसूल करनी है। व्यावसायिक श्रेणी- 73 उपभोक्ता - 31,310 बकाया, घरेलू श्रेणी-105 उपभोक्ता -65,468 बकाया, गैर-घरेलू (गैर-व्यावसायिक) श्रेणी 16 उपभोक्ता - 16,357 बकाया है।

# पटवारी-कानूनगो संघ का प्रदर्शन हास्यस्पद : सुशील

**आरके सहगल, चंबा**

हिमाचल प्रदेश उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी महासंघ के राज्य प्रमुख प्रेस सचिव सुशील कुमार सल्होत्रा ने हाल ही में अनंत ज्ञान को दिए एक विशेष साक्षात्कार में पटवार एवं कानूनगो संयुक्त महासंघ द्वारा किए गए धरना प्रदर्शन पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इसे आम जनता और सरकार को परेशान करने का एक हास्यस्पद प्रयास करार दिया।



राज्य प्रमुख प्रेस सचिव सुशील कुमार सल्होत्रा

विशेष बातचीत

सल्होत्रा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा लिपकीय वर्ग को राज्य कैडर में शामिल किया गया है, जिसे लेकर कुछ हल्का विरोध जरूर हुआ था, लेकिन अंततः सरकार के निर्णय को स्वीकार कर लिया गया। उन्होंने पटवार एवं कानूनगो महासंघ की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि पहले राज्य कैडर के विरोध में आंदोलन करना और फिर यह कहना कि उन्हें अधिसूचना को समझने में समय लगा, हास्यास्पद है। लिपकीय वर्ग से नायब तहसीलदार पद के लिए 20 प्रतिशत पदोन्नति कोटा पहले से ही तय है और इसमें किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ स्वीकार्य नहीं होगी।

उन्होंने बलवान कमेटी के एकतरफा निर्णय का भी विरोध किया, जिसमें केवल पटवार एवं कानूनगो संघ के पक्ष में सिफारिशें की गईं। सल्होत्रा ने मांग की कि किसी भी वार्ता में उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष लोकेंद्र, महासचिव सुदेश, राज्य कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण एवं अन्य पदाधिकारियों को भी शामिल किया जाए।(अनंत ज्ञान)

### फील्ड कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर उठाए सवाल

सुशील ने इस बात पर भी जोर दिया कि फील्ड में काम करने वाले किसी भी कर्मचारी को धमकी देने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। सरकार द्वारा फील्ड कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए उचित प्रावधान हैं, जिनमें कार्यस्थल पर पुलिस बल की तैनाती और उच्च अधिकारियों की सहायता भी शामिल है। हालांकि, उन्होंने कर्मचारियों से भी धैर्य एवं सहनशीलता बनाए रखने की अपील की।

### वेतन विसंगति से जुड़े मामलों का होगा समाधान

वेतन विसंगति से संबंधित मामलों को लेकर कहा कि कर्मचारी अपने उच्च अधिकारियों के माध्यम से कार्यालय की लेखा शाखा में मामला प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-समय पर वित्तीय लाभ दिए जाते हैं।

### मुख्यमंत्री का आभार

सल्होत्रा ने मुख्यमंत्री का आभार करते कहा कि सरकार ने पटवारियों एवं कानूनगो की उस मांग को खारिज कर दिया, जिसमें वे लिपकीय वर्ग के नायब तहसीलदार के 20 प्रतिशत पदोन्नति कोटे को समाप्त करने की बात कर रहे थे।

### नायब तहसीलदार के लिए पात्र कर्मियों को मिले पदोन्नति

सल्होत्रा ने कहा कि बहुत से लिपकीय वर्ग के कर्मचारी अधीक्षक वर्ग-11 की पदोन्नति को छोड़कर नायब तहसीलदार पद के लिए आवेदन कर चुके हैं। ऐसे कई वरिष्ठ सहायक हैं, जिन्होंने काफी पहले से सभी औपचारिकताएं पूरी कर रखी हैं। उन्होंने मांग की कि इन पात्र कर्मियों को शीघ्र पदोन्नति का लाभ दिया जाए।

# बजट से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती : डॉ. दिनेश

**ओपी शर्मा भरमौर**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व मीडिया को-ओरडीनेटर/ पैनेलिस्ट व हिमाचल किसान कांग्रेस के वर्तमान जिलाध्यक्ष डाक्टर दिनेश कुमार ने कहा कि इस गंभीर आर्थिक तंगी से जुझ रहे प्रदेश, जिसे जानबूझकर केंद्र सरकार द्वारा भी विशेष आर्थिक सहायता से अब तक महरूम रखा गया है।

उस प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अपने संसाधनों को ध्यान मे रखते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा प्रस्तुत संतुलित बजट ने सभी वर्गों के हित को साधा है, जिसमें किसान, बागवान, पशुपालक, दिहाड़ी दार, आउटसोर्स कर्मी, महिला उत्थान, युवाओं को सरकारी सेवा अवसर के अतिरिक्त स्वरोजगार मे भी आर्थिक सहयोग व प्रदेश सरकारी सेवा मे कार्य रत व्यक्तियों के लिए 3 प्रतिशत डीए किस्त और पेंशनरों के लिए चरणबद्ध तरीके से एरियर भुगतान इत्यादि सम्मलित है।

डॉ. दिनेश ने ग्रामीण क्षेत्र और किसान को आर्थिक क्षेत्र मे सुदृढ करने के लिए बजट मे सरकार द्वारा जहां प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए मक्की का समर्थन मूल्य 30 रुपए से 40 रुपए किया गया है। वहीं पहली बार हल्दी पैदावार को भी समर्थन मूल्य 90 रुपए प्रति किलोग्राम में शामिल किया गया है।(अनंत ज्ञान)

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के कुलदीप बने मुख्य सलाहकार

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त कार्यालय चंबा के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ की 12 मार्च 2025 को सम्पन्न हुई बैठक में श्री कुलदीप कुमार, दफतरी, उपमंडलाधिकारी (नागरिक), चंबा को सर्वसम्मति से मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया। इस महत्वपूर्ण निर्णय का स्वागत करते हुए संघ के समस्त कर्मचारियों ने उनके प्रति विश्वास और समर्थन व्यक्त किया।



नियुक्ति के उपरांत कुलदीप कुमार ने समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का आभार करते हुए कहा कि वे कर्मचारी हितों के संरक्षण एवं समस्याओं के समाधान के लिए संघ कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियों के साथ मिलकर पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे संबंधित अधिकारियों से कर्मचारियों की समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु सार्थक प्रयास करेंगे।

# नाकामी की मिसाल है बजट : जय सिंह

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के तीसरे बजट पर विपक्ष का हमला और तेज हो गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता जय सिंह ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बजट को फेलियर का दस्तावेज बताते हुए सरकार पर तीखे सवाल दागे। उन्होंने कहा कि 58,514 करोड़ का यह बजट केवल दिखावे के लिए है और असल में जनता को कोई राहत नहीं मिलने वाली।



जय सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि जब भी मुख्यमंत्री बजट पेश करने आते हैं, तो उनकी बॉडी लैंग्वेज साफ दिखा देती है कि वे खुद भी अपनी घोषणाओं को लेकर आत्मविश्वास में नहीं होते।

इस साल भी जब वे 2 घंटे 19 मिनट का सबसे लंबा बजट लेकर आए, तो सिर्फ भाजपा को कोसने में लगे रहे, लेकिन जमीनी हकीकत से उनका कोई वास्ता नहीं था।

उन्होंने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग, विकास योजनाएं के लिए राज्य सरकार पूरी तरह से केंद्र सरकार पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार की नीतियां हर विभाग को गर्त में ले जा रही हैं और अब हालात ऐसे हो गए हैं कि हर सरकारी विभाग केंद्र की तरफ देख रहा है।

जय सिंह ने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि युवाओं से 25,000 नौकरियों का वादा किया गया था, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ। राज्य में बेरोजगारी दर 18 लाख तक पहुंच चुकी है, जो सरकार की नाकामी का सबसे बड़ा प्रमाण है।

किसानों के लिए कोई ठोस नीति नहीं बनाई गई, वे आज भी संघर्ष कर रहे हैं संविदा कर्मचारियों के लिए सरकार ने कोई राहत नहीं दी, कर्मचारियों को सिर्फ झूठे आश्वासन मिले।

# प्रदेश में ढाई साल से विकास कार्य ठप : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

विधानसभा में बजट पर चर्चा के बाद पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार हर मोर्चे पर नाकाम है। इस बार का बजट भी पिछले दो बजट की तरह निराशा से भरा हुआ है। इस बजट में सरकार द्वारा कैपिटल एक्सपेंडिचर में भारी कटौती की गई है जिससे स्पष्ट है कि इस बार भी प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित विकास के कार्य लगभग ना के बराबर होंगे। सबसे हैरानी की बात यह है कि सरकार की पिछले 2 बजट की सारी घोषणाएं अभी भी शून्य पर अटकी हुई है। सरकार ने विधानसभा के भीतर उन योजनाओं की घोषणा की और खुद भूल गई।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह प्रदेश के इतिहास का पहला बजट है जब सामान परिस्थितियों में न प्रदेश का बजट साइज बढ़ा है और न ही कैपिटल एक्सपेंडिचर। ऐसे में यह बजट प्रदेश की आशाओं और अपेक्षाओं पर कैसे खरा उतरेगा यह स्पष्ट नहीं है। इस बजट में अत्यंत महत्वपूर्ण सेवाओं के भी बजट में पिछले साल के मुकाबले काफी कटौती की गई है।

सड़क, परिवहन, पर्यटन और नागरिक उड्डयन का बजट 2700 करोड रुपए से घटकर 1522 करोड रुपए कर दिया गया यह 43त्न से ज्यादा कटौती है। इसी तरह सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण के बजट मैं एक तिहाई कटौती कीगई है। पेयजल आपूर्ति के बजट में 44 प्रतिशत की कटौती की गई है। कृषि और अन्य गतिविधियों में 40त्न, सामान्य आर्थिक सेवाओं में 38 परसेंट, महिला एवं बाल विकास व पोषण में 33त्न वह अन्य मदों में 51त्न की कटौती की गई है। इतनी महत्वपूर्ण सेवाओं के बजट में आधा और एक तिहाई कटौती करके किस प्रकार से जनहितकारी योजनाओं का संचालन हो सकता है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कमियां जब एक दो होती हैं तो गिनाई जा सकती हैं, लेकिन यहां एक भी अच्छाई नहीं दिखाई देती हैं। जब पिछले बजट की तरफ देखते हैं तो मुख्यमंत्री की एक से बढ़कर एक झूठी घोषणाएं नजर आती हैं। जो पहले बजट में घोषणाएं की गई थी आज भी वैसे की वैसे पड़ी हुई है।

# बनीखेत स्कूल के बच्चों ने किया खज्जियार का भ्रमण



**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बनीखेत के प्राथमिक वर्ग के बच्चों ने पीएम श्री योजना के तहत बीते कल मंगलवार को प्रिंसिपल खज्जियार का शैक्षिक भ्रमण किया।

इस यात्रा के दौरान बच्चों ने प्रकृति की सुंदरता को निहारा और एक अनूठा अनुभव प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य करमजीत कौर ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होता है। उन्होंने कहा कि ऐसी यात्राएं बच्चों को समाज और प्रकृति से जोड़ती हैं, जिससे उन्हें वास्तविक शिक्षा प्राप्त होती है। इससे न केवल उनकी ज्ञानवर्धन प्रक्रिया तेज होती है, बल्कि उनके मानसिक और शारीरिक विकास में भी मदद मिलती है। इस शैक्षिक यात्रा का आयोजन परीक्षा के बाद किया गया।

# जिले में 16 आबकारी यूनिटों का आवंटन कल

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला चंबा के वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आबकारी यूनिटों के आबंटन हेतू कुल 16 यूनिटों का गठन किया गया है जिनका आरक्षित मूल्य 104,46,58,960 है जोकि वित्त वर्ष 2024-25 से 1.42 प्रतिशत अधिक है। आबंटन/निविदा प्रक्रिया हेतू आवेदन दिनांक 19-03-2025 को सुबह 09:00 बजे से शुरू हो जाएगी व इच्छुक व्यक्ति या फर्म का आवेदन शाम 06:00 बजे तक स्वीकार किया जाएगा। दिनांक 20-03-2025 को 11:30 बजे बचत भवन चम्बा में उपायुक्त चम्बा, जिला चंबा की अध्यक्षता में आबकारी यूनिटों का आबंटन किया जाएगा। इस जिला से संबंधित निम्न आबकारी यूनिटों को आबंटन हेतू प्रस्तुत किया गया है। यह जानकारी उपायुक्त राज्य कर व आबकारी विभाग चंबा द्वारा दी गई है।

भरमौर यूनिट की कीमत 10,78,90,179 टेंडर फीस 2,00,000 तथा दो प्रतिशत अग्रिम राशि 21,57,804 है। खज्जियार यूनिट की 6,42,15,023 टैंडर फीस 100000 तथा दो प्रतिशत अग्रिम राशि 12,84,300 है।

## अनंत Classifieds

### सूचना

**मैं, मूरत राम** पिता आर्मी नं. 13780704 F NK जितेन्द्र कुमार 5 JAK RIF, निवासी नौहली गोकलुरी, डाकघर नौहली, तहसील जोगिन्द्र नगर, जिला मंडी (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मेरे बेट के सर्विस रिकॉर्ड में मेरी जन्म तिथि 06 जनवरी 1971 के स्थान पर 28 अक्तूबर 1972 दर्ज की जाए। सभी संबंधित नोट करें।

### सूचना

**मैं, बिमला देवी** माता आर्मी नं. 13780704 F NK जितेन्द्र कुमार 5 JAK RIF, निवासी नौहली गोकलुरी, डाकघर नौहली, तहसील जोगिन्द्र नगर, जिला मंडी (हि.प्र.) घोषणा करती हूं कि मेरे बेट के सर्विस रिकॉर्ड में मेरी जन्म तिथि 13 सितंबर 1973 के स्थान पर 10 फरबरी 1968 दर्ज की जाए। सभी संबंधित नोट करें।

### NAME CHANGE

**I, Keswati Devi** Adhar no. 410448854762 wife/o GSI40182W Ex pioneer/sepoy Late Mast Ram V. P.O. Hori Devi Tehsil Fatehpur District Kangra H.P. Declare that in my adhar card my name is wrongly entered Kesh Bhatti whereas my Correct name is Keswati Devi . Concern noted.

### बेदखली सूचना

**मैं, देव राज** (93 वर्ष) पुत्र सन्त राम जाति कुम्हार निवासी गांव नैहरी नौरंगा, तहसील अम्ब, जिला ऊना हि.प्र. ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र अजय कुमार व उसकी पत्नी रीनू और उनके पुत्र चमन कुमार को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

# डीसी ने किया सलूनी स्कूल का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने पीएम श्री राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला सलूनी का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय में विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं तथा शिक्षण के तौर तरीकों का विस्तृत निरीक्षण करने के अलावा विद्यालय में विद्यार्थियों के सीखने के स्तर की जांच भी की।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों का शिक्षा का स्तर संतोषजनक पाया गया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के अध्यापकों को शिक्षा स्तर को निरंतर सुधारने तथा बच्चों को समझाने के आसान तौर तरीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यालय के अध्यापकों को निर्देश दिए कि वे रोजाना विद्यार्थियों की विभिन्न विषयों से संबंधित कॉपियों की विस्तृत जांच करें।

### सूडोकू नवताल- 7374 (★★★★★ कठिनतम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू नवताल -7373 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

## खेल

### वॉलीबॉल टूर्नामेंट में स्पोर्ट्स किट की वितरित

# नशा बना गंभीर समस्या : टंडन

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट के विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। शिव शक्ति युथ क्लब के अध्यक्ष प्रवीण टंडन ने खिलाड़ियों को समृद्धि चिन्ह और स्पोर्ट्स किट भेंट कर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। यह आयोजन भलेई माता मंदिर परिसर में संपन्न हुआ, जिसमें जिले की विभिन्न वॉलीबॉल टीमों ने हिस्सा लिया।



गौरतलब है कि हर वर्ष 25 और 26 जनवरी को युवा क्रीड़ा क्लब भलेई द्वारा इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है। क्लब के अध्यक्ष सलीम मोहम्मद के नेतृत्व में इस प्रतियोगिता में जिले की कई वॉलीबॉल टीमों ने भाग लिया। विजेता टीम को नगद पुरस्कार और उपविजेता टीम को सम्मान राशि प्रदान की जाती है। इस वर्ष शिव शक्ति युथ क्लब ने एक विशेष पहल के तहत खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार स्वरूप समृद्धि चिन्ह और स्पोर्ट्स किट प्रदान की।

इस अवसर पर शिव शक्ति युथ क्लब के अध्यक्ष प्रवीण टंडन ने कहा, हमारा उद्देश्य केवल खेलों को बढ़ावा देना ही नहीं, बल्कि युवाओं को नशे से बचाना भी है। आज नशा एक गंभीर समस्या बन चुका है, जिसमें फंसकर युवा अपने भविष्य को अंधकार में डाल रहे हैं। हमारा प्रयास है कि युवा खेल, शिक्षा, संगीत और अन्य सकारात्मक गतिविधियों में शामिल होकर अपनी ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग करें।

उन्होंने आगे कहा कि इस तरह के खेल आयोजनों से युवाओं में खेल भावना विकसित होती है और वे शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। यह समाज में एक सकारात्मक संदेश प्रसारित करने के साथ-साथ अन्य युवाओं को भी प्रेरित करेगा। खिलाड़ियों का जोश और जुनून देखते ही बनता था। दर्शकों ने भी पूरे उत्साह के साथ टीमों का हौसला बढ़ाया।

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** कम समय में काम को पूरा करने में लगे रहेंगे। समय का सदुपयोग करें। विशेष महत्व के कार्य पूरा करने का प्रयास करें। सफलता मिलेगी।

**वृषभ:** समय अनुकूल नहीं है सतर्क रहें। कोई नया काम आरंभ करने में विलंब होगा। किसी अपने के प्रति शुभ भावनाओं का उदय होगा।

**मिथुन:** समय का सदुपयोग करें दोस्तों के साथ मिल कर कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। विशेष लोगों से मुलाकात होगी। मन चाही कार्य सिद्धि होगी।

**कर्क:** अपनों की बातों से मन दुखी होगा। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। आश्वासन प्राप्त होंगे। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह:** दिन की शुरुआत व्यस्ततापूर्वक रहेगी। देव दर्शन और निजी कार्यो में समय बीतेगा। कारोबार में सफलता मिलेगी। भाग्य में प्रबलता रहेगी।

**कन्या:** आध्यात्मिक तरक्की होगी। धन लाभ के लिए किए गए प्रयास सफल होंगे। परिजन का सहयोग मिलेगा। अनुबंधों की पूर्ति होगी।

**तुला:** कारोबार का विस्तार के योग बन रहे हे। नई योजना का लाभ मिलेगा। परिजन का व्यवहार कमजोर रहेगा। दाम्पत्य संबंधों में मधुरता आएगी।

**वृश्चिक:** आप अच्छे से कार्यनीति तय करें। काम आरंभ न करें। धैर्य से अपने कार्यों को समर्पित रहें। मध्यान्ह से कुछ राहत का अनुभव होगा।

**धनु:** स्वास्थ का ध्यान रखें। अनुकूल समय का सदुपयोग करें। महत्व के कार्यों को प्राथमिकता दें। अपनी संगत बदले। बड़ो का आदर करें।

**मकर:** शासन-प्रशासन का सहयोग न मिलने से कार्य बाधित होंगे। लंबित कार्यों में आशाएं बलवती होंगी। सामाजिक संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी।

**कुंभ:** साझेदारी में किए कारोबार में तरक्की होगी। धन लाभ होता रहेगा। नया मकान दुकान खरीदने के योग हैं। धर्म-कर्म में रूचि बढ़ेगी।

**मीन:** निवेश से बचें। धैर्य से कार्य सम्पादन में लगे रहें। रुके कार्यों की पूर्ति होगी। शुभ कार्यों में मन लगेगा। विदेश जाने के योग बन रहे हैं।

## आज का पंचांग

19 मार्च, 2025, बुधवार

**विक्रमी संवत** : 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास** : चैत्र, **तिथि** पंचमी (00:40): **नक्षत्र** विशाखा (08:50), **पक्ष**: कृष्ण, **योग** : हर्शण (05:36) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:29-01:59)।

### विशेष दिन

- 19 मार्च 2025 : रंग पंचमी आज।
- 19 मार्च 2025 : श्री जयंती आज।

### ग्राम पंचायत पपलोग विकास खण्ड धर्मपुर जिला मण्डी हि.प्र.

सार्वजनिक -सुचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पपलोग में वर्ष 2025-26 में होने बाले विकास कार्यों के निष्पादन हेतु रेता, बजरी (क्रशर व धुला) सीमेंट कैरिज, मिक्सचर मशीन, बोल्डर /बजरी 63-90mm, JCB मशीन, शाइन बोर्ड shuttring steel, shuttring पक्की inte 1&2 ग्रेड हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। सामग्री प्रति घन मीटर /Sqr मीटर /प्रति घंटा प्रति साइन बोर्ड /प्रति बैग /प्रति per Sqr mtr में लिखी जानी आवश्यक है।

नियम व शर्त -- 1) निविदादाता के पास अपना निजी वाहन / JCB मशीन TIN / GST NO होना आवश्यक है। 2) निविदादाता को निविदा अपने लैटर पैड पर पंचायत के नाम भेजनी होगी। 3) निविदादाता को खनन बिभाग से हस्ताक्षरित --M- FORM जमा करवाने होंगे जो पंचायत ग्राम पंचायत पपलोग के नाम पर होंगे। 4) सभी करों का लेनदेन सरकार के आदेशानुसार / प्रावधान के अनुसार करना होगा। 5) निर्माण सामग्री कार्यस्थल पर उपलब्ध करवानी होगी। 6) सामग्री का मूल्य पंचायत के भूगोलिक स्थिति पर दिया जायेगा व् अस्विकृत सामग्री की अदायगी नहीं होगी। 7) निविदादाता द्वारा समय पर आपूर्ति न होने की दशा में अग्रिम राशी बापिस नहीं की जाएगी व् निविदा रद्द समझी जाएगी तथा दुसरे स्थान NO के निविदादाता से सामग्री क्रय की जाएगी। 8)पारित निविदादाता को मुबलिक = 20000=00 राशी अग्रिम / सुरक्षित राशी के रूप में ग्राम पंचायत के बैंक खाता में जमा करवानी होगी। तथा 1000=00 रुपया आवेदन शुल्क के रूप में प्रति फॉर्म जमा करवाना होगा जो भी व्यक्ति निविदा हेतु आबेदन करेगा। 9) रेता,बजरी की आपूर्ति एक ही फर्म की मान्य होगी।

अगर उपरोक्त शर्ते मान्य हो तो इछुक ब्यक्ति दिनांकः 25-03-2025 11 बजे तक अपना आवेदन पंचायत कार्यालय में कार्यालय समय व कार्यदिवस को सभी वांछित दस्तावेज सहित जमा करवा सकता है।

निविदा खोलने की दिनांकः व समय ------25-03-2025 2.00 बजे PM

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत पपलोग विकासखंड धर्मपुर
तहसील धर्मपुर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश.

जितना हम दूसरों के साथ अच्छा करते हैं उतना ही हमारा हृदय पवित्र हो जाता है और भगवान उसमें बसता है। -स्वामी विवेकानंद

## संपादकीय

# अशांत होता नागपुर

संतों के शहर नागपुर को न जाने किसकी नजर लग गई है। महाराष्ट्र के नागपुर शहर में औरंगजेब के नाम पर ऐसा बवाल मचा है, जो शांत होने का नाम नहीं ले रहा। कारें आग के हवाले कर दी गईं और दुकानें तोड़ दीं। हिंसा की इस आग में डीसीपी स्तर के अफसरों समेत कई पुलिस कर्मचारी और आम लोग घायल हुए हैं। छावा फिल्म में औरंगजेब के कृत्य दिखने पर सांप्रदायिक हिंसा भड़कना वाकई चिंताजनक है। औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग को लेकर कुछ संगठनों के लोग सड़कों पर उतरे हैं। नागपुर में ऐसी दृश्यावली पहले कभी नहीं देखी गई।

हालांकि, करीब सौ साल पीछे जाएं तो ऐसा ही दंगा पहले हुआ था, जिसमें 25 लोग मारे गए थे, जबकि 180 से ज्यादा घायल हुए थे। वह भीषण दंगा उसी महल इलाके में हुआ था, जहां ताजातरीन हिंसा भड़की है। छावा फिल्म को लेकर जो हिंसा हो रही है, वह निश्चित रूप से समाज के लिए एक गंभीर चिंता का विषय बन गई है। ऐसी घटनाएं न केवल समाज में अस्थिरता पैदा करती हैं, बल्कि यह भी संभावना पैदा करती हैं कि इससे हिंदू और मुस्लिम समुदायों के बीच तनाव और बैर बढ़ेगा। छावा जैसी फिल्मों में धार्मिक या सांस्कृतिक विषयों को लेकर जो कंटेंट प्रस्तुत किया जाता है, वह अक्सर विवादों का कारण बनता है। यदि फिल्म के अंदर किसी विशेष समुदाय या उसकी संस्कृति के बारे में आपत्तिजनक सामग्री पेश की जाती है, तो यह उस समुदाय की भावनाओं को आहत कर सकता है।

यह समाज में सांप्रदायिक तनाव का कारण बन सकता है। इस प्रकार की हिंसा के बाद, सोशल मीडिया पर भी इसके प्रति प्रतिक्रियाएं और विवाद बढ़ सकते हैं, जिससे दोनों समुदायों के बीच विवाद और गहरा सकता है। यद्यपि हर घटना के पीछे कई जटिल कारण हो सकते हैं, लेकिन इस प्रकार की हिंसा का मुख्य कारण अक्सर नफरत और असहिष्णुता होता है। जब हम एक-दूसरे के विश्वास, परंपराओं और संस्कृति का सम्मान नहीं करते हैं, तो इससे आपसी विश्वास की कमी और घृणा की भावना पैदा होती है, जो हिंसा की ओर अग्रसर हो सकता है। हिंसा को खत्म करने के लिए कई उपाय किए जा सकते हैं, जिनमें सबसे महत्वपूर्ण है शांति और आपसी समझ को बढ़ावा देना। इसके लिए सरकार, समाज और विशेष रूप से फिल्म निर्माताओं को कुछ कदम उठाने चाहिए। फिल्मों और अन्य मीडिया प्लेटफार्मों पर धार्मिक और सांस्कृतिक संवेदनशीलता का ध्यान रखना बहुत आवश्यक है।

यदि किसी फिल्म में किसी धर्म या समुदाय का अपमान होता है, तो यह न केवल उस समुदाय के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए खतरनाक हो सकता है। फिल्म निर्माता और लेखक अपनी रचनाओं में संतुलित दृष्टिकोण अपनाकर आपसी समझ और सहिष्णुता को बढ़ावा दे सकते हैं। शांति बनाए रखने के लिए सबसे बड़ा उपाय शिक्षा और संवाद है। जब हम बच्चों और युवाओं को धार्मिक और सांप्रदायिक सद्भाव के बारे में सिखाते हैं, तो इससे समाज में शांति और सहिष्णुता का माहौल बनता है। इसके अलावा, विभिन्न समुदायों के बीच संवाद बढ़ने से भी आपसी विश्वास और सहयोग में वृद्धि हो सकती है। सरकार और पुलिस प्रशासन की भूमिका इस हिंसा को रोकने में अहम होती है। उन्हें त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए और हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाने चाहिए। पुलिस को हिंसा के संकेतों का पहले से पता लगाना चाहिए और समय रहते उन्हें रोकने के लिए पर्याप्त उपाय करने चाहिए। भारत में सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं इतिहास में कई बार घट चुकी हैं। चाहे वह 1947 का विभाजन हो, 1984 का सिख विरोधी दंगा हो, या 1992 का बाबरी मस्जिद विध्वंस और इसके बाद के दंगे हों, हर घटना ने समाज में नफरत और बंटवारे की भावना को बढ़ावा दिया।

इसके अलावा, 2002 का गुजरात दंगा भी एक ऐसा कांड था जिसकी वजह से सांप्रदायिक हिंसा ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। इन घटनाओं ने यह सिद्ध किया कि जब समाज में असहमति और असहिष्णुता बढ़ती है, तो हिंसा की घटनाएं अनिवार्य रूप से घटित होती हैं। इसलिए, यह आवश्यक है कि हम इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए समाज में एकजुटता और शांति की भावना को बढ़ावा दें। पुलिस और प्रशासन की भूमिका इस प्रकार की हिंसा को रोकने में महत्वपूर्ण होती है। जब कोई सांप्रदायिक हिंसा होती है, तो पुलिस का तुरंत सक्रिय होना आवश्यक होता है। उन्हें स्थिति का सही आकलन करते हुए त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। किसी भी समाज में शांति और सद्भाव बनाए रखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, विशेष रूप से जब सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं सामने आती हैं। छावा फिल्म के बाद हुई हिंसा ने यह सिद्ध किया है कि सांप्रदायिक तनाव और नफरत का असर समाज पर काफी गहरा हो सकता है। ऐसे में, हमें शांति और एकता के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### सिनेमा के मशहूर हास्य अभिनेता

**जगदीप** भारतीय सिनेमा के मशहूर हास्य अभिनेता थे। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत बाल कलाकार के रूप में फिल्म 'अफसाना' से की थी। जगदीप ने 400 से अधिक फिल्मों में काम किया। उन्हें लोग उनके वास्तविक नाम से न जानकर 'जगदीप' नाम से जानते हैं। हिंदी सिनेमा जगत के प्रसिद्ध हास्य कलाकार जगदीप का जन्म मध्य प्रदेश के दतिया जिले में हुआ। उनका पूरा नाम सैय्यद इश्तियाक अहमद जाफरी है। उनको दो बेटे जावेद जाफरी और नावेद जाफरी भी हास्य कलाकार हैं, अभिनेता जगदीप ने एक बार बताया था कि- 'मैंने जिंदगी से बहुत कुछ सीखा है। मेरी मां ने मुझे समझाया था। एक बार बॉम्बे में बहुत तेज तूफान आया था। सब खंभे गिर गए थे। हमें अंधेरी से जाना था। उस तूफान में हम चले जा रहे थे। एक टीन का पतरा आकर गिरा और मेरी मां के पैर में चोट लगी। बहुत खून निकल रहा था। यह देख मैं रोने लगा। तब मेरी मां ने तुरंत अपनी साड़ी फाड़ी और उसे बांध दिया। तूफान चल रहा था। मैंने कहा कि यहीं रुक जाते हैं, ऐसे में कहां जाएंगे। तब उन्होंने एक शेयर पढ़ा था। उन्होंने कहा था। 'वो मंजिल क्या जो आसानी से तय हो, वो राही ही क्या जो थककर बैठ जाए।' पूरी जिंदगी मुझे यह ही शेयर समझ में आता रहा कि 'वो राह ही क्या जो थककर बैठ जाए' तो अपने एक-एक कदम को एक मंजिल समझ लेना चाहिए, छलांग नहीं लगानी चाहिए, गिर जाओगे। ■



जगदीप
जन्म : 19 मार्च, 1939
मृत्यु : 8 जुलाई, 2020



कविता

### सोशल दौर की हकीकत

अशोक सिंह गुलेरिया, नगरोटा सूरियां

**नकली** हंसी की दुनिया में दिल रो रहा है,
'रिल्लों' की दुनिया में हर कोई खो रहा है,
दोस्ती अब मात्र 'स्टेटस' बन रही है,
सच्ची मोहब्बत किस्सों में दब रही है।
फेसबुक इंस्टाग्राम की दुनियादारी,
झूठी 'लाइक्स' लगें सबको प्यारी।
दोस्ती अब 'फोटोज' की शान है,
दिल की बातों से हर कोई अनजान है।
ऑनलाइन 'शॉपिंग' अब दिखावे की शान,
'कार्ट' में बंद खुशियों के साजो-सामान।
'सेल्फी' में दिखता चेहरा चमकता रहता,
भीतर का खालीपन कोई न कहता,
मुंह पर मीठे, पीठ पर बार,
तलबी दुनिया, कैसे हो एतबार।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# हिमाचल-केरल का शिक्षा एवं संस्कृति संगम



लेखक : रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, टौणी देवी

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल का उद्देश्य विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच सांस्कृतिक और शैक्षिक आदान-प्रदान के माध्यम से एकता और अखंडता को बढ़ावा देना है। इस पहल के माध्यम से देश के विविध क्षेत्रों को जोड़कर राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत किया जाता है। हिमाचल प्रदेश और केरल जैसे भौगोलिक एवं सांस्कृतिक रूप से विविध राज्यों के स्कूलों की जोड़ी इस उद्देश्य को साकार करने में अत्यधिक प्रभावी साबित हो सकती है।

हिमाचल प्रदेश, जो अपनी पर्वतीय सुंदरता, पारंपरिक लोक कला, और शुद्ध पर्यावरण के लिए प्रसिद्ध है और केरल, जिसे 'ईश्वर का अपना देश' के नाम से जाना जाता है और जो अपने समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, साहित्य और उच्च साक्षरता दर के लिए विख्यात है, के स्कूलों के बीच साझेदारी छात्रों को बहुआयामी लाभ प्रदान कर सकती है, जिसमें सांस्कृतिक, शैक्षिक, भाषाई और सामाजिक अनुभव शामिल हैं। इस प्रकार की साझेदारी से छात्रों को सबसे बड़ा लाभ सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से मिलता है। हिमाचल के छात्र केरल की पारंपरिक कलाओं जैसे कथकली, मोहिनीअट्टम और कलीरीपयट्टू को करीब से जान सकते हैं, जबकि केरल के छात्र हिमाचली नृत्य जैसे नाटी और झमाकड़ा का अनुभव कर सकते हैं।

इस सांस्कृतिक आदान-प्रदान से छात्रों में विविधता के प्रति सम्मान और स्वीकार्यता की भावना बढ़ती है। इसके अलावा भाषा का आदान-प्रदान भी एक महत्वपूर्ण पहलू है। केरल के छात्र हिंदी और पहाड़ी भाषाओं के बुनियादी ज्ञान को सीख सकते हैं, जबकि हिमाचल के छात्र मलयालम भाषा के आधारभूत शब्दों और उसकी मिठास को समझ सकते हैं। यह भाषा विनिमय दोनों क्षेत्रों के छात्रों में संवाद कौशल को बेहतर बनाता है और उन्हें भारत की भाषाई



विविधता से परिचित कराता है। शैक्षिक दृष्टि से यह साझेदारी दोनों राज्यों के छात्रों को उनके शिक्षण दृष्टिकोण, पाठ्यक्रम, और शिक्षण विधियों के अंतर को समझने का अवसर देती है। केरल, जो अपनी उन्नत शिक्षा प्रणाली और डिजिटल लर्निंग पहल के लिए जाना जाता है, हिमाचल के छात्रों को तकनीकी शिक्षा और ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म का लाभ उठाने की प्रेरणा दे सकता है।

दूसरी ओर हिमाचल की पारंपरिक और पर्यावरण केंद्रित शिक्षा प्रणाली जैसे कृषि आधारित परियोजनाएं और जल संरक्षण तकनीक, केरल के छात्रों के लिए एक नई सीख हो सकती हैं। दोनों राज्यों के स्कूल अपने-अपने क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण की तकनीकों को साझा कर सकते हैं, जैसे कि केरल में वर्षा जल संचयन और हिमाचल में जल स्त्रोतों का संरक्षण। इस साझेदारी के माध्यम से छात्र क्षेत्रीय भोजन और जीवनशैली को समझने का अनुभव भी प्राप्त कर सकते हैं। हिमाचल के छात्र केरल के पारंपरिक व्यंजन जैसे इडली-सांभर, पायसम और नारियल आधारित व्यंजनों का स्वाद ले सकते हैं, जबकि केरल के छात्र हिमाचल की धाम, चने का मदरा, और सिड्डू जैसे व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं। इस तरह के अनुभव बच्चों में स्वस्थ भोजन की आदतों और विविधता को बढ़ावा देते हैं। खेल और शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में यह साझेदारी छात्रों को एक-दूसरे की खेल तकनीकों और परंपराओं से परिचित कराती है। केरल के छात्र हिमाचल के बर्फ आधारित खेलों और पर्वतीय ट्रेकिंग का अनुभव कर सकते हैं, जबकि हिमाचल के छात्र केरल के वाटर स्पोर्ट्स और तटवर्ती खेलों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह आदान-प्रदान न केवल शारीरिक विकास में मदद करता है, बल्कि खेल भावना और टीम वर्क की भावना को भी प्रोत्साहित करता है।

इस कार्यक्रम से छात्रों में राष्ट्रीय एकता और भाईचारे की भावना को मजबूती मिलती है। हिमाचल और केरल जैसे विविध राज्यों के छात्रों को साथ लाकर यह पहल उन्हें यह सिखाती है कि भारत की ताकत उसकी विविधता में निहित है। यह अनुभव उन्हें भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बनने और देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने की प्रेरणा देता है। इसके अतिरिक्त, यह साझेदारी पर्यटन और ऐतिहासिक महत्व के स्थलों की समझ को भी बढ़ावा देती है। हिमाचल के छात्र केरल के बैकवॉटर्स, मुन्नार की हरियाली, और पद्मनाभस्वामी मंदिर जैसे स्थलों को देख सकते हैं, जबकि केरल के छात्र हिमाचल के रोहतांग पास, कुल्लू-मनाली और धर्मशाला के मठों का दौरा कर सकते हैं। इस प्रकार की यात्राएं छात्रों को देश की भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधता से परिचित कराती हैं।

इस साझेदारी के माध्यम से छात्रों को सहिष्णुता, समावेशिता और सह-अस्तित्व के महत्व को समझने का अवसर मिलता है। वे यह सीखते हैं कि विभिन्न परंपराओं और संस्कृति को अपनाकर कैसे एक मजबूत और प्रगतिशील समाज का निर्माण किया जा सकता है। इस प्रकार 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की यह पहल हिमाचल और केरल के स्कूलों के छात्रों के बीच ज्ञान, संस्कार, और सौहार्द का सेतु बनकर उभरती है। आइए, हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हुए, प्रेम, भाईचारे और राष्ट्रीय एकता को सदैव बनाए रखेंगे। यही हमारी पहचान है और यही हमारे देश की असली ताकत है। भविष्य के नागरिकों, युवाओं और समाज के प्रत्येक व्यक्ति से आह्वान है कि वे इस विविधता को अपनाकर भारत की अखंडता को और अधिक सुदृढ़ करें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# तत्वनिष्ठा ही शतायु संघ की नींव की मजबूती का आधार



लेखक : अजय श्याम
स्वतंत्र लेखक

डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार द्वारा 1925 में स्थापित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) इस वर्ष अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण कर रहा है। इसी माह 21 तारीख से बेंगलुरु में संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा संघ स्थापना के सौ वर्षों का आकलन करते हुए जहां आगामी नियोजन करेगी वहीं, हाल ही में दिल्ली में संघ कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने स्पष्ट कहा कि भले ही संघ के लिए अनुकूल वातावरण बना हो, जिससे हमें दशा बदलने का अहसास हुआ है, परंतु संघ के लिए आवश्यक यह है कि हम दशा बदलने के साथ अपनी दिशा न बदलें।

स्पष्ट है कि संघ के लिए सौ वर्ष आत्ममुग्धता को समर्पित न होकर सिंहावलोकन का पड़ाव है। संघ के सौ वर्षों के इतिहास को देखने पर यह पुष्ट होता है कि जिस प्रकार संघ ने भारतीय परिप्रेक्ष्य में सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक विषयों को प्रभावित किया है उससे यह स्पष्ट है कि संघ महाभारत के उद्योग पर्व में वर्णित श्लोक संघे शक्ति कलियुगे अर्थात 'कलियुग में संगठन में ही शक्ति है' के भाव को चरितार्थ कर रहा है।

अपनी अनूठी एवं विशिष्ट कार्यपद्धति से संघ आज अपनी तरह का विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है जो बिना किसी सरकारी अथवा गैर सरकारी सहायता के चल रहा है। वास्तव में संघ व्यक्ति निर्माण का कार्य करते हुए अनेक संगठनों के लिए स्वयंसेवक तैयार करता है एवं स्वयं किसी कार्यक्रम का प्रत्यक्ष सहभागी नहीं बनता। लोक प्रसिद्धि से दूर रहने वाला संघ ठीक उस विश्वविद्यालय की भांति है जो विविध सेवाओं के लिए आवश्यक अहर्ता प्राप्त नागरिकों को तैयार करता है। संघ आज 50 से ज्यादा संगठनों



में सक्रिय स्वयंसेवकों के माध्यम से सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक चेतना का जागरण कर रहा है।

मैं 1997 में दसवीं कक्षा में पढ़ने वाला छात्र था, जब कुछ पूर्वाग्रहों एवं संघ को समझने के लिए अबोध भाव से सात दिवसीय प्राथमिक शिक्षा वर्ग में गया। संघ शिक्षा वर्ग के सत्र के आरंभ में ही गाए जाने वाले वर्ग गीत 'देश हमें देता है सब कुछ हम भी तो कुछ देना सीखें' के आरंभिक बोल ही मुझे संघ एवं स्वयंसेवकत्व दोनों को समझा गए। किसी भी संगठन के पतन का कारण उसके भीतर कार्यरत मानव की स्वार्थपरायणता, आर्थिक एवं लौकिक इच्छाओं की प्राप्ति होती है। संघ की कार्यपद्धति में इसके लिए कोई स्थान नहीं है। प्रचारक संघ का वह दिव्य उपकरण है जो अपना सर्वस्व समर्पित कर निस्वार्थ अपने आप को राष्ट्र सेवा में समर्पित करता है। यहां जान बूझकर मैं उपकरण शब्द का प्रयोग कर रहा हूं, क्योंकि आज के मशीनी युग में मशीनी उपकरण ही मानव सेवा में बिना किसी अपनी इच्छा के कार्यरत रहते हैं, ठीक उसी प्रकार प्रचारक अपने परिवार का त्याग कर आजीवन सांसारिक इच्छाओं का त्याग कर संगठन एवं स्वयंसेवकों के लिए आदर्श प्रस्तुत करते हैं। गत वर्ष मोहन भागवत ने एक कार्यक्रम में कहा कि 'कबीरा खड़ा बाजार में लिए लुकाठी हाथ घर फूंके जो आपनो चले हमारे साथ' अर्थात जो संघ में कुछ प्राप्त करने की इच्छा से आएगा उसे कुछ नहीं मिलेगा, बल्कि जो कुछ है वो भी चला जाएगा। संघ की यही तत्वनिष्ठा ही शतायु संघ की नींव की मजबूती का आधार है। आज संघ विद्यार्थी परिषद, भारतीय मजदूर संघ, विश्व हिंदू परिषद, किसान संघ, बनवासी कल्याण आश्रम, विद्याभारती , अधिवक्ता परिषद, सहकार भारती, आरोग्य भारती जैसे विविध संगठनों की क्रियाशीलता से समाज जीवन के विविध आयामों में अपनी प्रभावी उपस्थिति बनाए हुए है।

भाजपा सहित विविध संगठनों के संघ के साथ संबंध की व्याख्या करते हुए इतना कहना चाहूंगा कि संघ विचार से प्रेरित विविध संगठन शरीर है एवं संघ के विचारों की उपस्थिति उन शरीरों में आत्मा स्वरूप है, जिस दिन विचाररूपी आत्मा से शरीर नाता तोड़ लेंगी उसी दिन शरीर निष्प्राण हो जाएंगे। संघ स्थापना के सौ वर्षों के अवसर पर अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा अगली सदी के लिए भारतीय मूल्यों की वैश्विक प्रतिष्ठा के निहितार्थ जहां वैचारिक संगठनों के लिए आदर्श कार्ययोजना तय करेगी। आशा है संघ की कार्ययोजना आगामी सदी के लिए उत्तरोतर राष्ट्रवादी विचारों से ओतप्रोत स्वयंसेवकों को तैयार कर विश्वभर में अपनी सभ्यता के उत्कर्ष के लिए प्रेरित करती रहेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**हिमाचल** प्रदेश में हर दिन चिट्टे का कारोबार के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। हर दूसरे या तीसरे दिन कोई न कोई युवा चिट्टे की चपेट में आकर अपनी जान गंवा रहा है। ऐसे में सरकार को इसके खिलाफ सख्त कदम उठाकर ऐसे लोगों पर शिकंजा कसना होगा, जो लोग बाहर से नशीले पदार्थों को लाकर प्रदेश के युवाओं तथा युवतियों को गुमराह कर रहे हैं। नशा तस्करी से जुड़े तमाम लोगों को गिरफ्तार करके उन्हें कड़ी से कड़ी सजा देनी चाहिए, ताकि हिमाचल प्रदेश में नशे के कारोबार को खत्म किया जा सके और युवाओं और युवतियों को नशे से बचाया जा सके। इसके अलावा शिक्षण संस्थानों तथा समाजसेवी संगठनों के सहयोग से नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाना भी जरूरी है। हमारे युवा व युवतियां गुमराह हो रहे हैं और वह नशे के प्रति आकर्षित हो रहे हैं। सरकार को सही समय में सही निर्णय लेना होगा।

**भजन लाल,धर्मशाला**

# खेती और किसान को लील रहा अनियोजित शहरों-महानगरों का विस्तार



लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक, कृषि विवि पालमपुर

बस कहने को यह कहा जा रहा कि भारत गांवों का देश है। यहां की जनता तमाम गांवों में रहती है। किसान और खेती भारत के विकास का पहिया है, जो चलता है तो भारत की अर्थव्यवस्था का रथ दौड़ाता है। यहां के किसान अपने साथ-साथ अन्य लोगों को रोजगार भी देते हैं, भोजन देते हैं। शहरों में निवास करने वालों का पेट भरते हैं।

देश के उद्योगों को कच्चा माल देते हैं। पर किसान और खेत शहरों में रहने वालों के लिए मजाक है। कहते गोबर की बदबू किसानों के शरीर से आती है पर किसानों द्वारा पैदा अन्न से ही पेट भरते हैं। भारत ही नहीं दुनिया के हर देशों में एक नया विकास का मॉडल बन रहा है, बढ़ती आबादी को शहरों में जगह दी जा रही है। यानि शहरों का अनियोजित विस्तार तेजी से हो रहा है। जो आने वाले समय के लिए चिंताजनक है। दुनिया का कोई भी राष्ट्र यह विचार नहीं कर रहा कि बढ़ती आबादी को भोजन, शुद्ध हवा और जल कैसे मिलेगा वह तो बस शहर कैसे बढ़े और शहर के विस्तार से धन कितना सरकार को मिलेगा यही सोच रखते हैं। भारत ही इसी तरह के अनियोजित शहरों के विस्तार की ओर तेजी से बढ़ रहा है। साथ में पुराने मिलो को उद्योगों को बंद करके नए उद्योगों के लिए भी अनियोजित उद्योग नीति बन रही है। नए उद्योग लगाने के लिए बस खेती की जमीन ली जा रही है। जो किसान नहीं देना चाहता, उससे जबरदस्ती ली जा रही है। किसान खुद के गांव से विस्थापित हो रहा है। गलत तरीके से शहरों और उद्योग के विस्तार से। यह कब तक चलेगा न किसान ही जानता है और नहीं कोई सरकार जानती नहीं नीति बनाने वाले की भारत को सौ साल के लिए कितने और किस प्रकार के उद्योगों की जरूरत होगी। उन उद्योगों को लगाने के लिए कितने हेक्टेयर भूमि और कितना जल बिजली सड़क की जरूरत होगी। साथ में उद्योगों को चलाने के लिए किस तरह का कच्चे माल की जरूरत होगी।

उस माल की आपूर्ति कृषि क्षेत्र से कितना होगा और कितना गैर कृषि क्षेत्र से। यह आंकड़ा देश में कहीं नहीं मिलेगा। सरकारें



बदल जाती है। भूमि अधिग्रहण का कानून भी बदल जाता है। किसान एक जगह बसता है, फिर उजड़ जाता है। यह सब देश में अब तक चलता रहेगा। यह ज्ञात किसी को नहीं है। एक अनुमान के अनुसार भारत में 2011 की जनगणना के अनुसार कुल छह लाख चालीस हजार आठ सौ गांव थे, जो घटकर अब पांच लाख रह गए हैं, यानी 1 लाख चालीस हजार गांवों को शहरीकरण और उद्योगों ने अपने में समाहित कर लिया है। रिमोट सेंसिंग के अनुसार लगभग 14000 वर्ग किलोमीटर कृषि भूमि शहरीकरण और औद्योगिककरण में चला गया।

भारत की कुल कृषि भूमि में से चालीस प्रतिशत कृषि भूमि अनियोजित शहरों व महानगरों के विकास की भेंट चढ़ चुकी है। इस कृषि भूमि की सिंचाई हेतु नहरें खोदी गई थी तथा सरकारी ट्यूबवेल भी लगे थे।

सभी को शहरों के अनियोजित विकास ने लील लिया और किसान भूमिहीन होकर शहरों में मजदूरी कर रहे हैं। या कहीं और पलायन कर गए है। नहरों और ट्यूबवेलों को लगाने मे जो सरकारी धन लगा वह भी डूब गया है। साथ में सबसे उपजाऊ कृषि भूमि भी समाप्त हो गई, जो कभी अन्न की उपज के लिए मशहूर थी। यहां मैं यह कहना चाहूंगा कि अस्सी के दशक में देहरादून की बासमती चावल भारत में बहुत प्रसिद्ध था, वह अपने महक और गुण की पहचान से जाना जाता था। परंतु जिस कृषि भूमि पर देहरादून की बासमती की खेती होती थी देहरादून शहर के अनियोजित विस्तार ने बासमती के साथ खेत किसान सबको अपने आगोस में समाहित कर लिया है। यही हाल देहरादून की लीची का भी हुआ। लीची के बगीचे भी शहर में समाहित होते गए और किसानों के खेत पर बाग में शहर के मकान बनते गए। काशी कहे या वाराणसी बनारस यह एक शहर के तीन नाम है भारत यूं कहें दुनिया का सबसे पुराना धार्मिक शहर हर काल में काशी था आज भी है गंगा के सुरम्य तट पर बसा है। यह शहर भी अनियोजित रूप में ही बना है।

आज भी इसका विस्तार शहर के हर दिशाओं में हो गया शहर के बीस किलोमीटर के दायरे के सब गांव समाप्त हों गए है। कृषि की सबसे अच्छी भूमि पर कालोनियां बनी फैक्टरियां बनी। जो लोग विस्थापित हुए वह कहा बसे किस हाल में पता नहीं। काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना में कई गांव के लोग विस्थापित हुए पर वह आसपास ही काशी नरेश की भूमि पर बसाए गए। वह गांव अब कालोनी बन गया है। शहरों का विस्तार रोके, खेती किसानी को बचाए, नहीं तो बढ़ती आवादी को हम दस साल बाद भोजन देने में असमर्थ होंगे। फिर घरेलू युद्ध रोटी के लिए होगा रोजगार गौण हो जाएगा। निजी या सरकारी राशन के गोदामों को लोग लूटेंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# जल संरक्षण के लिए पेड़ों का कटान रोकना बेहद लाजिमी



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

जल संरक्षण को लेकर सरकारें अब गंभीर बनने जा रही हैं। सुख की सरकार ने पेड़ों के कटान पर प्रतिबंध लगाने का सराहनीय फैसला लिया है। निकट भविष्य में जल की कमी न आए इसके लिए पूर्व केंद्र सरकार ने एक योजना बनाई थी। योजना में अब बिना सरकार की अनुमति से जल स्रोतों का निर्माण नहीं किया जाएगा। जमीन के अंदर पानी का जल स्तर दिनोंदिन कम होने के कारण भविष्य में इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

पानी की एक-एक बूंद कीमती है, इसे व्यर्थ न गंवाए। जल ही जीवन, ये सब बातें कहने, सुनने और पढ़ने में ही अच्छी लगती हैं। सच यह कि हम पानी की कीमत की सही पहचान न करके उसे व्यर्थ ही बहा रहे हैं। जनता के अलावा जल शक्ति बिभाग की कार्यप्रणाली सही न रहने की वजह से अक्सर पानी की पाइपों में रिसाव होता रहता है, जिसे ठीक करने की कोई जहमत नहीं उठाता है।

ऐसे में जल सरंक्षण के लिए चलाए गए अभियान का क्या औचित्य रह जाता है? पेड़ों की घटती तादाद और बढ़ते अवैध खनन से जल स्रोत सूखने की कगार पर पहुंच चुके हैं। प्रकृति से जब भी खिलवाड़ करने की कोशिश



की गई इसके विपरीत परिणाम इंसान को ही भुगतने पड़े। सरकारों ने करोड़ों रुपए खर्च कर जितने ज्यादा जल स्रोत स्थापित कर जनता को राहत पहुंचाने की पहल करती रहे, उतनी ही पानी की समस्याएं अब ज्यादा पनपती जा रही हैं।

नतीजतन पानी के अभाव में नलकूप, हैंडपंप, कूहलें, तालाब, वाटर सप्लाई, बावड़ियां, खड्ड और कुएं तक प्रभावित हो रहे हैं। बिना पानी हैडपंप और कई वाटर सप्लाई सफेद हाथी बनकर रह गई हैं। वाटर टैंक पानी एकत्र करने के लिए बनाए तो गए, मगर बिना पानी वह भी खूंटे ही बन चुके हैं। गर्मियों की दस्तक देते ही हर जगह पानी की समस्याएं पनपनी शुरू हो जाती हैं। जल स्रोतों में ही पानी पर्याप्त मात्रा में एकत्र न होना जल शक्ति विभाग के लिए भी परेशानी बन कर रह जाता है। जल स्रोतों पर करोड़ों का बजट सरकारों का व्यर्थ ही खर्च हो गया जिसका जनता को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। विभाग सूख चुकी ऐसी वाटर स्कीमों की जगह दूसरी स्कीमों के पानी से जनता की जरूरत पूरी करने की कोशिशें कर रहा है। सवाल यह है कि आखिर किस तरह भविष्य में जल स्रोतों में पानी का जल स्तर सही रखा जाए इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे।

अगर समय रहते पानी की कमी से विकराल बनने वाली इस समस्या का समाधान नहीं निकाला गया तो लीटरों के हिसाब से पानी लेने के लिए अभी से तैयार रहना होगा। जंगल के पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलती रहने से उनका अस्तित्व खतरे में है। जंगलों में अवैध कटान काफी समय से होता आ रहा है, लेकिन जनता के सहयोग बिना बन विभाग भी उनकी रक्षा करने में सफल नहीं हो पा रहा है। गर्मियों के मौसम में अक्सर लोग अपने लाभ के लिए जंगलों में आग लगा देते हैं। जंगलों में आगजनी की वजह से कीमती बन संपदा बर्बाद हो रही है। पेड़ों की कमी से ही बारिश अब कभी कभार ही पड़ रही है। किसानों को खेतीबाड़ी करना मुश्किल हो रहा है। पेड़ों का कटान रुकने और अवैध खनन पर प्रतिबंध से ही जल सरंक्षण और बिगड़ते पर्यावरण से इंसानी जान बचाई जा सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## एसपी मंडी ने संधोल में चिट्टे के खिलाफ जनता को किया जागरूक, कहा-

# नशे को जड़ से खत्म करना पुलिस का लक्ष्य



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

प्रदेश में बढ़ते नशे के प्रभाव को देखते हुए मंडी जिला पुलिस नशे के विरुद्ध एक विशेष अभियान चला रहा ही। इसी कड़ी में मंगलवार को धर्मपुर उपमंडल के संधोल तहसील क्षेत्र में इस अभियान का आगाज हुआ जिसमें जिले की पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की जिसमें आजकल बढ़ रहे नशे के खिलाफ पुलिस, प्रशासन और स्थानीय नुमाइंदों के साथ मिलकर लड़ाई लड़ने के लिए एकजुट हुए।

लोक निर्माण विश्राम गृह संधोल के प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय पुलिस, प्रशासन, जनता के नुमाइंदे समेत सभी विभिन्न विभागों के अधिकारी एकत्रित हुए और नशे के बढ़ते प्रभाव पर चिंता जताते हुए इसे उखाड़ फेंकने पर रणनीति बनाई गई। डीएसपी संजीव सूद ने मुख्यातिथि साक्षी वर्मा को शाल और टोपी तथा स्मृतिचिन्ह भेट कर स्वागत सम्मान किया।

मुख्यातिथि साक्षी वर्मा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन पर सभी कर्मियों, अधिकारियों और लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि वे आज के इस कार्यक्रम के द्वारा यह संदेश देना चाहते है कि पुलिस नशे को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए तत्पर हैं, उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि स्थानीय पुलिस को नशे से संबंध में कोई भी जानकारी हो तो तुरंत दें।

### अपने बच्चों पर रखें नजर : डीएसपी सूद

**डीएसपी** धर्मपुर संजीव सूद ने भी आए सभी लोगों से अनुरोध किया कि अपने बच्चों पर नजर रखे, उनके असामान्य व्यवहार को अनदेखा न करें। बच्चों को नशे पर जागरूक करें। लोग अपने आस पड़ोस में नशे की संदिग्ध गतिविधि की खबर पुलिस को दें। इस अवसर पर स्थानीय नागरिक अस्पताल से आए चिकित्सा अधिकारी निशांत ठाकुर ने नशे के विभिन्न रूपों और इसके दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला।

स्थानीय पाठशाला से सेवानिवृत प्रधानाचार्य दिनेश जम्वाल ने मंच का संचालन किया और नशे के प्रभाव और बचाव के लिए टिप्स बताए। मौके पर जिला परिषद सदस्य दतवाड़ मीना कुमारी, बीडीसी सदस्य प्रवीन कुमार, भोला देवी, प्रधान नेरी पंचायत जितेंद्र जमवाल, सोहर पंचायत प्रधान इंदु कुमारी सहित दर्जनों पंचायतों के नुमाइंदे, डीएसपी धर्मपुर संजीव सूद, पूर्व जिप सदस्य और प्रधान दुनी चंद, अंजना कुमारी, समाजसेवी प्रेम चंद गुलेरिया आदि मौजूद थे।

# एनएच कंपनी की मनमानी का मुद्दा उठाएगी धर्मपुर किसान सभा



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

हिमाचल किसान सभा धर्मपुर 20 मार्च को ज़मीन से गैर कानूनी बेदख़ली की मुहिम रोकने के लिए विधानसभा शिमला पर होने वाले प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए जोरों से तैयारी चल रही है।

सभा के खंड अध्यक्ष रणताज राणा, अधिवक्ता अनिल कटवाल, रंगीला राम, हरिनंद, दुर्गादास सकलानी, महावीर, इंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, बाला खान, एसपी बरवाल, पूर्ण चंद पराशर, अमृत लाल, मॉन सिंह, दिनेश काकू, बंसी लाल, सुरेश कुमार इत्यादि ने बताया कि इस मुद्दे पर पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में अलग-अलग क्षेत्रों में प्रभावितों की बैठकें की जा रही हैं।

भूपेंद्र सिंह ने बताया कि इस प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को मांगपत्र सौंपा जाएगा और सरकार से वो सारी सरकारी भूमि सबंधित किसानों के नाम करने के लिए नीति बनाने की मांग की जाएगी। क्योंकि

### किसान सभा की कल विधानसभा के बाहर प्रदर्शन की तैयारी

इसके बारे में पिछले पचास साल में अलग -अलग पार्टी की सरकारों ने लोगों को ठगा है लेकिन जमीन उनके नाम नहीं नियमित नहीं कि गई। वर्ष 1980 में बने वन सरंक्षण कानून के बाद स्थिति और जटिल हो गई है जिसके कारण सारी जमीन अब केंद्र सरकार के अधीन हो गई है और राज्य सरकार किसी को जमीन नहीं दे सकती है।

इसके अलावा सरकारी भूमि पर बने मकानों को न तोड़ने और उनपर की जा रही तालाबंदी को रोकने के लिए सरकार कोर्ट में हलफनामा दायर करके नीति बनने तक इस पर तुरंत रोक लगाए। क्योंकि इनमें से बहुत से लोग ऐसे हैं जिनके पास बहुत कम या जमीन नहीं है। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग के निर्माण कार्य में कंपनी की मनमर्ज़ी पर रोक लगाई जाए जो हर कहीं डंपिंग कर रही है।

# सुंदरनगर में मल्टीस्पेशलिस्ट ओपीडी शुरू

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

हिमाचल प्रदेश में उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए पारस हेल्थ पंचकुला ने डेल डायग्नोस्टिक्स सुंदरनगर के साथ मिलकर मल्टी स्पेशलिस्ट ओपीडी सुविधा शुरू हो गई है। इस ओपीडी का आयोजन हर महीने सुंदरनगर के ललित चौक के समीप स्थित डेल डायग्नोस्टिक्स सेंटर में किया जाएगा।

इस पहल का उद्देश्य प्रदेश के लोगों को उनके घर द्वार पर विशेषज्ञ परामर्श प्राप्त कर बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाना है। इस ओपीडी में डॉ. नरेंद्र कोटवाल, डायरेक्टर एंडोक्राइनोलॉजी, कार्डियोलॉजी डायरेक्टर डॉ. नवीन अग्रवाल, डॉ. आशीष गुप्ता, सीनियर डायरेक्टर न्यूरोसर्जरी, डॉ. आशीष ठाकुर, कंसल्टेंट न्यूरोसर्जरी, डॉ. आकाश गंडोत्रा कंसल्टेंट गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी और डॉ. अनुप कुमार रॉय कंसल्टेंट ईएनटी परामर्श देने के लिए मौजूद रहेंगे।

डेल डायग्नोस्टिक्स सुंदरनगर के प्रबंधक अमित सैनी ने कहा कि इस प्रकार की मल्टी स्पेशलिस्ट ओपीडी सुंदरनगर में खुलने से जिला मंडी और आस-पास के जिलों के लोगों के लिए भी उनके घर द्वार पर असाधारण चिकित्सा विशेषज्ञों का परामर्श प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों के



लिए स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में सुधार की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। पारस हेल्थ पंचकुला डायरेक्टर एंडोक्राइनोलॉजी डॉ. नरेंद्र कोटवाल ने कहा कि पारस हेल्थ की ओर से हर महीने डॉक्टरों की टीम सुंदरनगर में आकर स्पेशलिस्ट ओपीडी सुविधा लोगों को मुहैया करवाएगी। उन्होंने कहा कि इससे कार्डियोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, डायबिटीज, गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी, एंडोक्राइनोलॉजी और ईएनटी के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम मौजूद रहेगी। मंडी के विभिन्न क्षेत्रों में रिनल प्रॉब्लम मरीजों में अधिक पाई जाती है और पारस हेल्थ के पास इन सभी समस्याओं के स्पेशलिस्ट डॉक्टर मौजूद हैं।

### पारस हेल्थ और डेल डायग्नोस्टिक्स का रहा संयुक्त प्रयास

### स्वास्थ्य देखभाल उत्कृष्टता में प्रतिबद्ध

**नवीनतम** चिकित्सा प्रौद्योगिकी उन्नति के साथ पारस हेल्थ असाधारण रोगी देखभाल प्रदान करने और स्वास्थ्य देखभाल उत्कृष्टता में नए मानक स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। पारस हेल्थ अस्पतालों की एक श्रृंखला है, जिसके वर्तमान में 8 सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल हैं जो पंचकुला, गुरुग्राम, पटना, उदयपुर, रांची, दरभंगा, कानपुर और श्रीनगर में स्थित हैं और इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं देखभाल प्रदान करते हैं।

### लोग स्वास्थ्य सेवाओं का उठाएं लाभ : पंकज

**पारस** हेल्थ पंचकुला के फसिलिटी डायरेक्टर डॉ. पंकज मित्तल ने स्थानीय निवासियों को उपलब्ध स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। पारस हेल्थ के मिशन को साझा करते हुए कहा कि पारस हेल्थ सेवा से वंचित समुदायों को किफायती और उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा किया कि पारस हेल्थ पिछले सात वर्षों से इस क्षेत्र में सेवा दे रहा है और क्षेत्र की स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### कनिका मिस और सुशील बने मिस्टर फेयरवेल

**अनंत ज्ञान, मंडी।** शिक्षा खंड द्रंग-2 की चौहारघाटी में स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला गढ़गांव में फेयरवेल पार्टी की धूम रही। इस दौरान कनिका को मिस जबकि सुशील कुमार को मिस्टर फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया। कार्यक्रम में मिस फेयरवेल चुनी गई कनिका ठाकुर को उसकी माँ नीलाम देवी व मिस्टर फेयरवेल चुने गए सुशील कुमार को उसकी मां सोम पति व अन्य सदस्यों ने सम्मानित किया। स्कूल के प्रभारी शिक्षक प्यार चंद सकलानी ने नौनिहालों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान एसएमसी प्रधान श्याम लाल सहित राजकुमारी, सोमपति, नीलमा देवी, कमला देवी, मल्टी टास्क वर्कर राधा देवी व आमली सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### जोगिंद्रनगर-सरकाघाट हाईवे पर गड्ढों की भरमार

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर-सरकाघाट राज्य राजमार्ग की जर्जर हालत से परेशान स्थानीय दुकानदारों ने मंगलवार को स्वयं सड़क के गड्ढों को भरने का कार्य किया। नरेंद्र ठाकुर, भारत भूषण, विशाल शर्मा और हेम सिंह ने मिलकर सड़क के गहरे गड्ढों में मिट्टी और रोड़ी डालकर उन्हें समतल किया। विशाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जब भी बारिश के पानी से भरे गड्ढों में तेज रफ्तार वाहन गुजरते हैं, तो गड्ढों का पानी उछलकर दुकानों में चला जाता है, जिससे व्यापारियों को काफी परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि कई बार लोक निर्माण विभाग से इन गड्ढों को भरने की मांग की गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय व्यापारियों और निवासियों ने विभाग से अपील की है कि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराई जाए, ताकि दुर्घटनाओं और असुविधा से बचा जा सके।(अनंत ज्ञान)

### मां दुर्गा के प्राकट्य उत्सव पर भक्त हुए भाव-विभोर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** सनातन धर्म मंदिर, जोगिंद्रनगर में 9 दिवसीय श्री मद देवी भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालु भक्तों की अपार उपस्थिति में यह पावन कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक हो रही है। कथा व्यास श्री धाम वृंदावन से पधारे श्रद्धेय पं. प्रभु दयाल शास्त्री जी महाराज ने देवी महात्म्य का विस्तृत वर्णन करते हुए कहा कि मां भगवती परांबा संपूर्ण जगत की अधिष्ठात्री देवी हैं, जिनकी शक्ति से ही समस्त देवगण शक्तिमान होते हैं। उन्होंने बताया कि मां दुर्गा ही वह आदिशक्ति हैं, जिन्होंने मधु-कैटभ, चंड-मुंड और महिषासुर जैसे असुरों का संहार कर देवताओं को निर्भय किया। कथा के तृतीय दिवस पर मां दुर्गा के प्राकट्य उत्सव को अत्यंत श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

### निहरी कॉलेज में विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय महाविद्यालय निहरी ने तीसरा वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुंदरनगर एवं पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने शिरकत की। इसके बाद संगीत विभाग के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें लोकनृत्य एवं गायन प्रमुख आकर्षण रहे। संगीत विभाग के प्रोफेसर ऋषभ भारद्वाज द्वारा इस अवसर पर मंच का संचालन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक, खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेवा गुप्ता ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और महाविद्यालय की प्रगति व भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि विद्यार्थी देश के भविष्य हैं और उन्हें मेहनत व समर्पण से अपने लक्ष्यों को प्राप्त करना चाहिए। उन्होंने महाविद्यालय में हो रहे शैक्षणिक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की सराहना की और विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा महाविद्यालय की विभिन्न मांगों को भी पूरा करने का आश्वासन दिया। अंत में केंद्रीय छात्र संघ की अध्यक्षा पूनम के धन्यवाद ज्ञापन के साथ इस कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर सहायक आचार्य शशी कुमार, डॉ. लीलाधर ठाकुर, प्रो. ऋषभ भारद्वाज, पूजा देवी सहित समारोह में कॉलेज के अध्यापकगण और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# विधानसभा में फिर गूंजा बल्ह घाटी का मुद्दा

**आदर्श, नेरचौक**

बल्ह विधानसभा क्षेत्र का मुद्दा एक बार फिर से विधानसभा में गूंजा। जल शक्ति विभाग व हिमाचल पथ परिवहन निगम के उपरांत बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी ने विधानसभा सत्र के दौरान सदन में नगर परिषद नेर चौक व नगर निगम मंडी की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाए। विधायक ने प्रश्न संख्या 2564 के तहत विधायक निधि व सांसद निधि के माध्यम से नगर परिषद व नगर निगम को आवंटित की गई धनराशि को विकास कार्यों पर खर्च करने को लेकर सवाल उठाया था जिसके जवाब में विभाग ने प्रशासनिक कारणों से 41 लाख रुपए खर्च न कर पाने का जवाब दिया था। जिस पर सदन में एतराज जाहिर करते हुए विधायक इंद्र सिंह गांधी ने नगर परिषद नेर चौक व नगर निगम मंडी की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाए।

### सरकार व अधिकारियों की लापरवाही से लटके नगर परिषद के काम

उन्होंने कहा कि नगर परिषद नेरचौक व नगर निगम मंडी में बल्ह विधानसभा क्षेत्र से शामिल हुए बैहना वार्ड में विधायक व सांसद निधि के माध्यम से दो करोड़ 44 लाख रुपए की धनराशि जारी की गई थी जिसमें से नगर परिषद नेर चौक के पास अभी भी 40 लाख 70 हजार रुपए की राशि पेंडिंग पड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि यह बड़ी शर्म की बात है। नगर परिषद का कार्यकाल पूर्ण होने जा रहा है। बावजूद इसके स्वीकृत धनराशि में से लाखों रुपए खर्च न करना जनता के साथ सरासर अन्याय है।

नगर परिषद नेरचौक व नगर निगम के दौंहदी वार्ड में त्रासदी के समय जारी धनराशि भी खर्च नहीं की गई है। इन वार्डो को त्रासदी के समय सरकार की ओर से कोई भी ग्रांट नहीं दी गई ऊपर से विधायक प्राथमिकता का पैसा भी दबा कर रखा गया है। (अनंत ज्ञान)

### विकास कार्यों को समय पर करें पूरा : डीसी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक उपायुक्त कार्यालय के वीसी रूम में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त अपूर्व देवगन ने की। उपायुक्त ने कहा कि सरकार की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए खंड विकास अधिकारियों की बेहतर भूमिका रहती है। उन्होंने निर्देश दिए कि विकास कार्यों को निर्धारित समय अवधि में पूरा करें तथा लम्बित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों का नियमित तौर पर निरीक्षण करें ।

# विधायक दिलीप ने पेयजल और सिंचाई योजनाओं पर घेरी सरकार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



सरकाघाट के विधायक दिलीप सिंह ठाकुर विधानसभा सत्र के दौरान पूछा कि सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र की विधायक प्राथमिकता में डाली गई लघु सिंचाई एवं उठाऊ पेयजल योजनाओं कितनी की डीपीआर बनाई गई है और इन योजनाओं की क्या प्रगति हुई।

इसके जवाब में उप मुख्यमंत्री एवं जल शक्ति मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र की चार योजनाओं की डीपीआर बनाकर तैयार हो गई है और एक योजना की डीपीआर को जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा और एक योजना का कार्य जल जीवन मिशन के तहत पूर्ण कर लिया गया है ।

इस क्षेत्र के लिए संधोल से पेयजल योजना जल शक्ति मंडल सरकाघाट की विभिन्न पेयजल योजनाओं के स्रोत स्तरीय संवर्धन का कार्य 80 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। शेष कार्य जल जीवन मिशन के तहत धन उपलब्ध होने पर अप्रैल 2025 तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है।

# सरकार ने 10 गारंटियों पर मूंदी आंखें : पंकज जम्वाल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता पंकज जमवाल ने मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा पेश किए गए बजट को दिशाहीन बजट करार दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार जिन 10 गारंटियों के दम पर सत्ता में आई थी, उन पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। पंकज जम्वाल ने कहा कि भाजपा सरकार के समय खोले गए 1000 से अधिक संस्थानों को वर्तमान सरकार ने बंद कर दिया, लेकिन इस बजट में उनका कोई जिक्र तक नहीं किया गया।

उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने अपने व उपमुख्यमंत्री के क्षेत्रों को ही प्राथमिकता दी। जम्वाल ने कहा कि अटल आदर्श विद्यालय के लिए 40 बीघा भूमि दान की गई थी, लेकिन सरकार ने इस परियोजना को ठंडे बस्ते में डाल रखा है। अब डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने की घोषणा की गई है, जो मात्र एक कागजी वादा बनकर रह जाएगी।

### बजट में दिया प्राकृतिक खेती को बढ़ावा : सीताराम

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष डॉक्टर सीताराम वर्मा ने मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट को कृषकों, बागवानों व पशुपालकों की आर्थिकी को विकसित करने वाला करार दिया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा अंतिम आदमी से लेकर कर्मचारी वर्ग को भी प्रोत्साहित किया है। इसके चलते किसान व बागवान हमेशा की तरह सुक्खू सरकार के साथ खड़े हैं। उन्होंने बजट को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने वाला बताते हुए दूध, गेहूं व मक्की की खरीद को सराहनीय बताया है।

# चिट्टे के खिलाफ उठाएं जरूरी कदम : मुनीष

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

नबाही वार्ड के जिला परिषद सदस्य मुनीष शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बलद्वाड़ा क्षेत्र में चिट्ट की समस्या को लेकर उपमंडलीय पुलिस अधिकारी सरकाघाट के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री और मंडी जिले के पुलिस अधीक्षक को महत्वपूर्ण मांगों को लेकर मांगपत्र भेजा।

मुनीष शर्मा ने कहा कि सरकाघाट उपमंडल की बलद्वाड़ा तहसील चिट्टा नशा विकराल रूप धारण कर चुका है। उन्होंने मांग उठाई कि चिट्टे की 5 ग्राम से कम मात्रा पकड़े जाने पर जमानत मिलने



के कानून को निरस्त किया जाए व चिट्टे की किसी भी मात्रा में जमानत न दी जाए।

हटली क्षेत्र को पुलिस प्रशासन का विशेष निगरानी क्षेत्र बनाकर आवश्यक सुधार अमल में लाए जाएं। हटली पुलिस थाने को अभी तक पुरानी पुलिस के चौकी के भवन में ही स्थापित किया गया है। अतः पुलिस थाने के नए भवन का निर्माण किया जाए व इसका निर्माण मुख्य सड़क के साथ ही किया जाए। अप्पर भांबला में स्थाई पुलिस चौकी स्थापित की जाए व फौरी तौर पर लोअर भांबला चौक में अस्थाई पुलिस चौकी स्थापित की जाए और हटली पुलिस थाने में सिपाहियों की कमी दूर की जाए। । इस दौरान संजय गुलेरिया, अशोक ठाकुर, अनिल, विशाल, अंकुश, अजय, अनिल सहित आदि मौजूद थे।

# सराज के समाजसेवी के घर को नहीं पक्की सड़क

**अनंत ज्ञान, मंडी**



केवलू राम के रिहायशी मकान का निरीक्षण करते चमन राही।

सराज विधानसभा क्षेत्र में सैकड़ों सामाजिक कार्य करवाने वाले दलित नेता एवं पूर्व पंचायत प्रधान केवलू राम का निधन हो गया है। वर्तमान में उनका जर्जर मकान इस बात की पुष्टि कर रहा है कि केवलू राम ने अपने लिए नहीं बल्कि जरूरतमंदों लोगों के लिए बेहतर काम किया है।

अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद हिप्र के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के विधानसभा क्षेत्र की पंचायत काउ गांव बछाहड़ पंजाई में केवलू राम के घर को न पक्की सड़क सुविधा है और न ही पक्का रास्ता भी नहीं है। इनके घर के आसपास न सौर उर्जा की व्यवस्था है और न ही यहां सार्वजनिक शौचालय है। पानी की उचित व्यवस्था भी नहीं है।

चमन राही ने कहा कि केवलू राम ने सराज में 65 वर्ष तक समाजसेवा की, यह ठाकुर कर्म सिंह के फाउंडर भी रहे हैं। चमन राही ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने केवलू राम को बोर्ड क चेयरमैन बनाने का प्रलोभन दिया था, लेकिन इन्होंने कहा था कि मैं गांधीवादी विचारधारा का हूं और कर्म सिंह के समय से कांग्रेस में हूं।

चमन राही ने इनके घर का निरीक्षण कर आश्वासन दिया कि आपकी बात सरकार के नुमाइंदों के समक्ष रखी जाएगी। इस मौके पर पंचायती राज सिस्टम के उपाध्यक्ष गोविंद वर्धन, परिषद के जिलाध्यक्ष चंद्रवीर कागरा आदि मौजूद रहे।

### प्रदेश ब्राह्मण सभा की बैठक 23 को

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश ब्राह्मण सभा की राज्य स्तरीय बैठक 23 मार्च को जिला सिरमौर के नाहन में होगी। सभा के प्रदेश महासचिव मुंशी राम शर्मा ने बताया कि यह बैठक राज्य अध्यक्ष मनमोहन गौतम की अध्यक्षता में नाहन के होटल पायल में रखी गई है जो सुबह 11 बजे शुरू होगी।

बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा व विचार-विमर्श होगा। इनमें मुख्यमंत्री सुक्खू से भेंट करना व उन्हें ब्राह्मण कल्याण बोर्ड के गठन को लेकर प्रार्थना पत्र देना भी शामिल है। युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने समेत कई निर्णय लिए जाएंगे।

# फील्ड प्रचार जागरूकता अभियान के लिए वैन रवाना

**अनंत ज्ञान, मंडी**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण व गृह मंत्रालय के सहयोग से समुदायों में आपदा तैयारी और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फील्ड प्रचार जागरूकता अभियान आरंभ किया गया है।

आज उपायुक्त एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अपूर्व देवगन ने सेरी मंच से मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर भी मौजूद थे। उपायुक्त ने बताया कि यह अभियान 18 से 24 मार्च तक आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य भूस्खलन, भूकंप, सुरक्षित निर्माण प्रथाओं जैसे महत्वपूर्ण आपदा तैयारी विषयों पर जनता को जागरूक करना है।

मंडी जिले के 14 विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंच बनाई जा सके तथा इसमें समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। पहले दिन आज सेरी मंच, इंदिरा मार्केट तथा पड्डल मैदान में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## अनदेखी देहरी स्थित पूर्व सुकेत रियासत काल में स्थापित किया था धूणा घर

# खस्ताहाल धूणा घर बना नशेड़ियों का अड्डा

**भीम बसेड़ू, महादेव**

सुंदरनगर शहरी क्षेत्र का देहरी स्थित धार्मिक एवं ऐतिहासिक क्षेत्र खासकर मुगल शैली में निर्मित नैसर्गिक सौंदर्य की मिसाल दैवीय शक्ति स्थल श्री सुमित्रा महामाया मंदिर जिसके ऊंचे खुले परिसर में स्थापित किया गया है।

धूणा घर जो वर्तमान समय में टूटी- फूटी हालत में दरारों की गिरफ्त में है और जिसका एक बड़ा भाग नशेड़ियों-शराब का सेवन करने वालों का अड्डा बनकर रह गया है। प्रशासन द्वारा राज्य स्तरीय मेलों यानी चैत्र नवरात्रि में आयोजित किए जाने वाले देवता





मेलों का समापन कार्य इसी स्थल से आरंभ होता तो जरूर है।

नशामुक्ति की बड़ी-बड़ी बातें की जा रही हैं, मगर सुंदरनगर के विभिन्न स्थानों के एक बड़े भाग की तरह इस राजाओं के समय के स्थल में भी खाली शराब की बोतलें और प्लास्टिक आदि का कूड़ा-कर्कट बिखरा पड़ा देखा जा सकता है, जो इस पुराने आस्था के केंद्र को बदसूरत बनाता जा रहा है।

बता दें कि इस राजपरिवार की भूमि से आनंद धाम वृद्धाश्रम भी सटा है ऐसे में जरूरी ही नहीं बल्कि समय की भी मांग है कि धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थली का मान सम्मान करते हुए इसकी सामूहिक तौर पर स्वच्छता बरकरार रखते हुए संवारने की बड़े पैमाने पर कार्य करते हुए खाने पीने वालों पर शिकंजा कसा जाए, वहीं देखभाल के कड़े इंतजाम किए जाने की सख्त जरूरत है।

बुद्धिजीवी लोगों ने कहा कि यह तपस्वियों की भूमि है जहां पूर्व सुकेत रियासत के कठोर जीवन यापन करने वाले लोगों (प्रजा) ने कड़े संघर्षों से गुजरते हुए उक्त पावन स्थान को स्थापित करने के लिए अपना खून पसीना एक किया है यानी भूखे प्यासे भी काम किया है और राजपरिवार तथा प्रशासन को चाहिए कि कुर्बानियों का ख्याल कर सही मायने में संरक्षण को लेकर इस विशाल यादगार को संवारने-सुधारने के लिए कारगर कदम उठाए।(अनंत ज्ञान)

### अधिग्रहण मामलों की सुनवाई कल

**कविता, पधर।** प्राधिकृत अधिकारी भूमि अधिग्रहण, उपमंडल पधर द्वारा भूमि व मकान अधिग्रहण से संबंधित विभिन्न दावों पर सुनवाई की तिथि निर्धारित कर दी गई है। इस संदर्भ में प्राप्त 46 अदद दावा याचिकाओं की सुनवाई 20 मार्च को प्रातः 11 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आयोजित की जाएगी।

जानकारी अनुसार ये दावे विभिन्न भू-स्वामियों द्वारा प्रस्तुत किए गए हैं, जो भूमि अधिग्रहण से प्रभावित हुए हैं। याचिकाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे निर्धारित तिथि को स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि या अधिवक्ता के माध्यम से सुनवाई में सभी दस्तावेज सहित उपस्थित होना सुनिश्चित करें। (अनंत ज्ञान)

# छात्रों ने लिया नशा मुक्त वातावरण का संकल्प

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**






संबोधित करते हुए गणमान्य तथा सभागार में उपस्थित श्रोतागण।

मंडी में नशा मुक्त वातावरण को बढ़ावा देने और एक स्वस्थ शैक्षणिक माहौल स्थापित करने के उद्देश्य से पूरे शैक्षणिक समुदाय ने एकजुट होकर नशा मुक्त रहने की शपथ ली। इस अवसर पर कुलपति प्रो. एचके चौधरी, सभी विभागों के डीन, प्राध्यापक वर्ग और संस्थान के सभी छात्र-छात्राओं ने नशे के खिलाफ दृढ़ संकल्प व्यक्त किया।

अभिलाषी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. आरके अभिलाषी और प्रो. चांसलर डॉ. एलके अभिलाषी ने आह्वान किया कि नशा मुक्ति अभियान में समस्त विश्वविद्यालय सदस्य सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर विभिन्न डीन और वरिष्ठ प्राध्यापकों ने नशा मुक्त वातावरण के महत्व पर प्रकाश डाला। शपथ ग्रहण समारोह में डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. देवेंद्र शर्मा ने सभी को शपथ दिलवाई।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने मिलकर यह संकल्प लिया कि विश्वविद्यालय के साथ वे समाज को भी नशा मुक्त वातावरण बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। इस उपलक्ष्य पर अभिलाषी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. आरके अभिलाषी, प्रो. चांसलर डॉ. एलके अभिलाषी, वाइस चांसलर प्रो. एचके चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, जीनीयस एजुकेशन सोसायटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा अभिलाषी, अभिलाषी एजुकेशन सोसाइटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, सचिव नरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### 25 से पहले जमा करवाएं बिजली बिलों की बकाया राशि

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपमंडल थानाकलां के अधीन आने वाले सभी उपभोक्ताओं से अपील है कि 25 मार्च से पहले अपने बिजली के बिलों का बकाया राशि जमा करवा दें] अन्यथा उनके प्रति विभागीय कार्रवाई की जाएगी। ऐसे उपभोक्ताओं से बार-बार लंबित बिलों के भुगतान की अपील की गई है, लेकिन कई उपभोक्ताओं ने इसे अनदेखा कर दिया गया है। अगर उपभोक्ताओं ने दी गई इसमें सीमा से पहले अपने बिजली के बिलों का बकाया राशि का भुगतान नहीं किया तो बिना नोटिस दिए ही उनके बिजली के कनेक्शन काट दिए जाएंगे। बिजली कनेक्शन काटने के बाद पुनः बहाल करवाने के लिए उपभोक्ताओं को ढाई सौ से पांच सौ प्रति मीटर शुल्क अदा करना होगा। अतः सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल थानाकलां इंजीनियर जोगिंदर सिंह कौशल ने उपभोक्ताओं से समय से पहले अपने बिजली के बिलों की बकाया राशि को जमा करवाने की अपील की है।

### वामन अवतार को लेकर सुनाया प्रसंग



**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना के वार्ड नंबर एक में चल रही भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य शिव शास्त्री ने वामन अवतार को लेकर प्रसंग सुनाया। उन्होंने ऊना के अम्बेहड़ा में चल रहे गुरुकुलम और सनातन की पुरानी परंपरा को जीवंत बनाने के लिए सबको आगे आने की अपील की।

### राष्ट्रीय बैम्बू मिशन के तहत किया मंथन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राष्ट्रीय बैम्बू मिशन के तहत मंगलवार को उपायुक्त जतिन लाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने राष्ट्रीय बैम्बू परियोजना घंडावल यूनिट के सुचारु संचालन और रखरखाव संबंधी निविदाएं आमंत्रित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को घंडावल बैम्बू यूनिट से संबंधित सभी औपचारिकताएं पूर्ण करके शीघ्र निविदा प्रक्रिया को पूर्ण करने को कहा। बता दें, राष्ट्रीय बैंबू मिशन के तहत ऊना के घंडावल में करीब 5 करोड़ रुपए की लागत से बैम्बू विलेज परियोजना विकसित की जा रही है। इस परियोजना में प्रसंस्करण इकाई, टूथ ब्रश, फर्नीचर तथा बांस का अन्य सजावटी सामान बनाने की इकाई स्थापित करने समेत अन्य कार्य किए जाएंगे। यह परियोजना पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ लोगों को प्राकृतिक उत्पाद उपलब्ध कराने और स्थानीय स्तर पर महिलाओं को रोजगार के अवसर देने को समर्पित है। इस अवसर पर कार्यकारी परियोजना अधिकारी डीआरडीए केएल वर्मा, उपनिदेशक कृषि कुलभूषण धीमान, डीएफओ सुशील राणा, उद्योग विभाग के प्रबंधक अखिल शर्मा, कनिष्ठ अभियंता खेमराम सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### डोहगी उपरली स्कूल की 10 छात्राओं को मिली छात्रवृत्ति

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भारतीय डाक विभाग, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय चीफ पोस्टमास्टर जनरल हिमाचल प्रदेश परिमंडल शिमला के तत्वावधान में आयोजित दीनदयाल स्पर्श छात्रवृत्ति योजना में पंडित आत्मा राम मॉडल हाई स्कूल डोहगी उपरली की दस छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले दस स्थानों पर जगह बनाकर छात्रवृत्ति अर्जित की। अधीक्षक डाकघर ऊना मंडल भूपिंदर सिंह ने बताया कि गत दिवस पंडित आत्मा राम मॉडल हाई स्कूल डोहगी उपरली में एक कार्यक्रम के दौरान कक्षा 7वीं से 9वीं की 10 छात्राओं को बधाई दी और विभाग की ओर से छात्रवृत्ति स्वरूप 6 हजार रुपए का चेक देकर सम्मानित किया तथा छात्राओं का हौसला बढ़ाया। इसके अतिरिक्त स्कूल के प्रधानाचार्य लखनपाल ने भारतीय डाक विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों को नई दिशा देने में सहायक होती हैं।

### बंगाणा कॉलेज में लगा 'समसामयिकी' पर सेमिनार



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी महाविद्यालय, बंगाणा के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 'भारतीय न्यायिक व्यवस्था, 21वीं शताब्दी में गुटनिरपेक्ष आंदोलन की प्रासंगिकता और वैश्वीकरण का प्रभाव एवं चुनौतियां' विषय पर एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। यह सेमिनार विद्यार्थियों को समसामयिक मुद्दों पर गहरी समझ प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष, प्रो. सिकंदर नेगी ने की। सेमिनार का संचालन सहसचिव दिव्यांशु शर्मा ने किया। इस सेमिनार में महाविद्यालय के विभिन्न वर्ष के विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रथम वर्ष की छात्रा तनू ठाकुर ने भारतीय न्यायिक व्यवस्था पर अपने विचार रखे। इसके बाद द्वितीय वर्ष की छात्रा पलक शर्मा और सानिया शर्मा ने 21वीं शताब्दी में गुटनिरपेक्ष आंदोलन की प्रासंगिकता पर अपनी प्रस्तुति दी। अंत में, प्रथम वर्ष के छात्र अभिषेक शर्मा और वर्षा ने वैश्वीकरण के प्रभाव एवं उसकी चुनौतियों पर सेमिनार प्रस्तुत किया। सेमिनार के समापन पर, प्रो. सिकंदर नेगी ने विद्यार्थियों को इन मुद्दों पर और अधिक विचार करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनीता राणा, उपाध्यक्ष वासु शर्मा, महासचिव अंकिता मनकोटिया, सह सचिव तनू ठाकुर, दिव्यांशु शर्मा और अन्य विभागीय सदस्य भी उपस्थित रहे।

## भैरा में 57 लोगों की घर-द्वार पर की जांच

**अनंत ज्ञान, अंब।** उपमंडल अंब की पंचायत भैरा में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य टीम द्वारा स्वास्थ्य तथा रक्त जांच के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. शशांक कौशल तथा उनकी टीम द्वारा 57 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा 19 मरीज के रक्त जांच, यूरिक एसिड परीक्षण किया। स्वास्थ्य शिविर के दौरान बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच एवं रक्तजांच निशुल्क की गई। मरीजों को उपचार सलाह के साथ दवाइयों का वितरण भी टीम द्वारा निशुल्क किया गया। टीम में नीलम स्टाफ नर्स, वरिंदर लैब टेक्नीशियन, राहुल ठाकुर शामिल थे। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कोमल वर्मा, मंजू बाला, सहायिका रजनीश वाला आशा कार्यकर्ता संतोष, भोली देवी आदि मौजूद रहे।



# सरकार का मुंह ताक रही बहनें

## ऊना जिले में 80 हजार आवेदन, 7 हजार महिलाओं को मिली है पहली तिमाही की किस्त

**राजेश शर्मा, ऊना**

हिमाचल सरकार इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना को महज घसीटने का प्रयास कर रही है। योजना के लिए पैसा न होने के कारण अभी तक आठ लाख में से 45 हजार को ही पहली तिमाही की किस्त मिल पाई है। इनमें कांगड़ा की पंद्रह हजार से अधिक महिलाएं हैं जबकि ऊना की सात हजार से अधिक महिलाएं शामिल हैं।

**अनंत ज्ञान स्पैशल**

हाल ही में जो नई गाइडलाइन जारी हुई है इसमें पात्रता की शर्त सभी आवेदनों पर लगती है तो हजारों की संख्या में आवेदन रद्द हो सकते हैं। हालांकि अभी तक पंचायतों के आम सभा से अनुमोदन की गाइडलाइन के बारे में कुछ स्पष्ट नहीं है। लिहाजा इस वर्ष इस गारंटी को पूरा करने के मकसद से चर्चा में आ रही गाइडलाइन सरकार का जरिया बन सकता है।

हिमाचल प्रदेश में बीते डेढ़ साल में 31 जुलाई तक इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत 18 साल से 60 साल की आयु वर्ग की कुल 8 लाख 8 हजार 045 महिलाओं ने आवेदन किए हैं। वित्त वर्ष 2024.25 में 2284.70 लाख रुपए का प्रावधान किया गया था। अब तक कुल 44 हजार 924 महिलाओं को इस योजना के तहत निधि मिली है। इसमें ऊना जिले की सात हजार दो सौ अस्सी महिलाओं को लाभ मिला है।

करीब चार हजार से अधिक आवेदनों को योजना के पैरा. 5 के तहत पात्रता नहीं रखने के वजह रद्द कर दिया गया है। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश विधानसभा में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल की ओर से भी दी गई थी।

**बजट में क्या है प्रावधान :** सरकार द्वारा शुरू की गई इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत 18 से 59 वर्ष आयु वर्ग की पात्र महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह प्रदान किए जाते हैं। मुख्यमंत्री ने बजट में कहा है कि 1 जनवरी 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच 21 साल की उम्र प्राप्त करने वाली हर पात्र बेटी को हर महीने 1500 रुपए दिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि राज्य की संपदा के लाभों से वंचित सभी वर्गों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार कृतसंकल्प है। इस उद्देश्य से आगामी वित्त वर्ष में इस योजना का चरणबद्ध तरीके से विस्तार करने का फैसला लिया गया है। इसके अलावा जो भी महिलाएं दूसरों के घरों में काम करके अपने परिवार का गुजारा करती हैं, उन्हें भी इस योजना के तहत 1 जून, 2025 से लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। उनकी पात्र बेटियां भी 1500 रुपए प्रति माह मिलने की हकदार होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में जो भी महिलाएं पंचायत द्वारा अनुमोदित की हैं, उनको चरणबद्ध तरीके से इस योजना से लाभान्वित किया जाएगा।

विधवा बहनों की बेटियां भी इस योजना के तहत लाभ पाने की पात्र होंगी। इसके अतिरिक्त यदि विधवा बहनों की बेटियां व्यावसायिक कोर्स के लिए पढ़ाई करना चाहें तो सरकार उनकी पूरी फीस और संस्थान द्वारा स्वीकृत हॉस्टल फीस का व्यय वहन करेगी। यदि ये पीजी में रहना चाहे तो सरकार एक वर्ष में 10 माह के लिए 3000 रुपए प्रति माह प्रदान करेगी। इस योजना के तहत आगामी वित्त वर्ष के दौरान 200 करोड़ रुपए का व्यय किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### पंचायतें कैसे पात्रता निर्धारित करेंगी, नहीं है स्पष्ट

इस पूरे विषय में संशय बना हुआ है कि क्या सभी को इसका लाभ मिल पाएगा। पंचायतें कैसे पात्रता निर्धारित करेंगी। ऐसे में स्थिति कोई स्पष्ट नहीं हुई है। ऊना के सामाजिक कल्याण विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि अभी कोई स्पष्ट गाइडलाइन नहीं है, पहली तिमाही किस्त के बाद चयनित 7 हजार महिलाओं को अभी अगली किस्त नहीं मिल पाई है।

## रास्ते के निर्माण में कानूनी अड़चन से परेशानी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** विधानसभा कुटलैहड़ के अंतर्गत धतोल पंचायत के गांव कुसान में लोगों को आजकल परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वैसे तो गांववासी पक्के रास्ते के लिए 2016 से प्रयासरत हैं किंतु कानूनी तौर पर गांववासी 20 अप्रैल, 2021 से प्रयासरत हैं जिसकी चर्चा सभी गांव वासियों की उपस्थिति में पंचायत द्वारा की गई। सभी गांववासी राजी हो गए, किंतु गांव का एक निवासी सहमत नहीं हुआ। उसका कहना था कि हमारी मिसलें बंगाणा तहसील में विचाराधीन हैं और जब तक कोई फैसला नहीं आ जाता है, तब तक हे रास्ता का विस्तारीकरण नहीं होने देंगे।

बता दें कि इस रास्ते को पक्का करने के लिए लगभग 9 लाख रुपए की धनराशि उपलब्ध है और पक्की नालियों के लिए लगभग 60 हजार उपलब्ध हैं और इसके लिए काम ऑन वर्क दर्शाया गया है, किंतु इस रास्ते का मामला लगभग 9-10 वर्षों से से ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने इस मार्ग को बहाल कराने की बीडीओ को पत्र लिखा है। धतोल पंचायत के प्रधान बलविंदर सिंह ने कहा कि गांव में रास्ते में कुछ विवाद है जिसके हल होने के बाद निर्माण कार्य करवाने की कोशिश की जाएगी।

## सीएम ने युवाओं और महिलाओं के लिए बजट में किया विशेष प्रावधान : सीमा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने आर्थिक संकट के बावजूद ऐतिहासिक और सराहनीय बजट पेश किया है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने बजट में हर वर्ग के लिए साकारात्मक घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का बजट भाजपा की कंफ्यूजन मंडली की समझ से परे है, इसलिए भाजपा नेता बजट की लोकप्रिय योजनाओं का विरोध कर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि पेश किए बजट के मुताबिक विभिन्न सरकारी विभागों में कम से कम 25 हजार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने का प्रावधान रखा गया है। उन्होंने बताया कि विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में लगभग 400 पद भरे जाएंगे। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग में कांस्टेबलों के रिक्त 1000 पद भरे जाएंगे और पुलिस कांस्टेबल पदोन्नति से संबंधित बी-1के लिए 500 पदों के लिए परीक्षा करवाने का भी प्रावधान रखा गया है। बजट में होमगार्ड स्वयंसेवक ड्राइवरों के लिए आगामी वित्त बजट में 113 पदों को भी भरने की बात कही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने 290 नई आशा वर्करों की भर्ती के साथ-साथ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका के वेतन में वृद्धि कर एक सराहनीय कार्य किया है।

वहीं पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों का मानदेय बढ़ाने की घोषणा की है। वहीं सरकार ने बजट में महिलाओं को प्रति माह 1500 रुपए पेंशन देने वाली घोषणा पूरा करने के लिए 200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। इसके अलावा 37 हजार नई पेंशन लगाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने करीब 58 हजार करोड़ रुपए का बजट पेश किया है। उन्होंने कहा प्रदेश से भाजपा के छह सांसद भाजपा सांसद हैं जिनका प्रदेश को आर्थिक सहायता के लिए कोई बड़ा योगदान मिल पा रहा है।

## डीसी ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** उपायुक्त जतिन लाल ने मंगलवार को विकास खंड ऊना की पंचायत पनोह और रैंसरी का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने पनोह पंचायत में विकसित पुस्तकालय और जिम का अवलोकन किया तथा इन्हें और विकसित करने में प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने रैंसरी में निर्मित पंचवटी पार्क और ओपन एयर जिम का भी जायजा लिया। उपायुक्त ने कहा कि गांवों में बुनियादी सुविधाओं का विकास हमारी प्राथमिकता है। इस अवसर पर पनोह पंचायत के प्रतिनिधियों ने सामुदायिक भवन निर्माण हेतु आर्थिक सहायता की मांग रखी। निरीक्षण के दौरान बीडीओ केएल वर्मा, पंचायत के प्रधान कमलेश कुमार, रैंसरी पंचायत की प्रधान बलविंदर कौर सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## चिंतपूर्णी मंदिर में चैत्र नवरात्र की तैयारी शुरू

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी मंदिर में 30 मार्च से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्रों को लेकर मंदिर प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। 26 मार्च को मंदिर आयुक्त एवं जिलाधीश ऊना की अध्यक्षता में चैत्र नवरात्रों के संबंध में मंदिर ट्रस्ट की बैठक की जाएगी, जिसमें संबंधित विभागों को श्रद्धालुओं की सुविधा सेवाएं सुनिश्चित करने हेतु मुख्य एजेंडा रहेगा। चिंतपूर्णी मंदिर के पुजारी बारीदार सभा के प्रधान रविंद शिंदा ने बताया कि मां चिंतपूर्णी देश विदेश में रहने वाले लाखों लोगों की आस्था का केंद्र है। हर वर्ष यहां पर लाखों लोग मां चिंतपूर्णी के दर्शन आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए आते हैं। मंदिर प्रशासन श्रद्धालुओं को सुविधा देने के लिए हमेशा तत्पर है।

## कांग्रेस सरकार ने बजट में केवल पुरानी घोषणाओं को ही दोहराया : विनय शर्मा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा पेश किया गया बजट भ्रमित करने वाला व महज दिखावा ही है। बजट में पुरानी घोषणाओं को ही दोहराया गया है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता विनय शर्मा ने कही। विनय शर्मा ने कहा कि चुनावों से पहले कांग्रेस नेता सभाओं में चीख-चीखकर पक्की नौकरी देने के वादे करते थे, लेकिन अब पक्की नौकरी के स्थान पर आउटसोर्स व ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा दे रहे हैं। सरकारी विभागों में कनिष्ठ अभियंता के स्थान पर आउटसोर्स पर वर्क इंस्पेक्टरों को तैनात करने का निर्णय लिया है।



इसके अलावा सरकार अस्पतालों में भी नर्सों की पोस्टें खत्म करने की तैयारी कर रही है, उनके स्थान पर अब आउटसोर्स पर रोगी मित्र भर्ती किए जाएंगे। विनय शर्मा ने कहा कि कांग्रेस नेता बताएं ऊना में पूर्व भाजपा सरकार के समय शुरू हुए विकास कार्य पूरे क्यों नहीं हो पा रहे हैं। विकास कार्यों के लिए बजट क्यों जारी नहीं हो पा रहा। ऊना के सबसे पुराने सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाल ऊना का भवन क्यों स्कूल प्रशासन को हैंडओवर नहीं हो पा रहा है?

कॉलेज का नया भवन व बीडीओ भवन क्यों पूरे नहीं हो रहे है। सरकार इन भवनों के लिए क्यों बजट नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बजट में मात्र लोगों को भ्रमित ही किया है। युवाओं के रोजगार के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए। बजट में विकास कार्यों का कोई जिक्र नहीं है। जिला ऊना की 80 हजार से अधिक महिलाएं पिछले एक वर्ष से 1500 रुपए का इंतजार कर रही है। कांग्रेस सरकार द्वारा पेश किया गया बजट केवल जनता के साथ छल है।

## अज्ञात साधु वेशधारी का शव मिला

**अनंत ज्ञान, अंब।** पुलिस थाना अंब के रेलवे रोड पर बाबा मस्ता दी समाधि में 75 वर्षीय साधु जो पिछले काफी वर्षों से रह रहा, मृत अवस्था में मिला। श्मशानघाट अंब के बाबा धर्मवीर के अनुसार उपरोक्त साधु दो-तीन वर्षों से लकवा का शिकार होने के बाद बाबा मस्ता दी समाधि में आ गया था।

बीमार होने के कारण वह कहीं आ जा नहीं सकता था, स्थानीय लोगों द्वारा उसे भोजन दिया जाता था, जिसकी सोमवार रात को मृत्यु हो गई। लोगों ने मौत की जानकारी नगर पंचायत अंब तथा पुलिस को दी। डीएसपी अंब वसुधा सूद ने कहा कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया तथा दो दिन पहचान के लिए रखा जाएगा, के उपरांत अंतिम संस्कार करवा दिया जाएगा

## वात्सल्य व सुख आश्चर्य योजनाएं जरूरतमंद बच्चों को दे रहीं राहत

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

महिला एवं बाल मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही वात्सल्य योजना का आज सभी को जानकारी हो, यह बहुत जरूरी है । मिशन वात्सल्य एक ऐसी योजनाओं में से एक है, जिसमें उन बच्चों की देखभाल सरकार द्वारा की जाती है, जिन बच्चों की उम्र 18 साल से कम हो, जिन बच्चों के पिता न हों, उन बच्चों को मिशन वात्सल्य के अंतर्गत लिया जाता है।

बताते चलें कि मिशन वात्सल्य के अंतर्गत इन बच्चों को मासिक चार हजार रुपए मिलते हैं। इसी बीच मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा चलाई गई सुख आश्चर्य योजना में 18 से 27 साल तक के अनाथ बच्चे शामिल किए गए हैं। इस स्कीम से इन बच्चों को मासिक चार हजार रुपऐ पॉकेट मनी के रूप में 27 वर्ष की उम्र तक दिए जाते हैं, एवं बच्चों की पढ़ाई का खर्च भी इस योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा उठाया जाता है।

इस मौके पर जिला ऊना की चाइल्ड वेलफेयर कमेटी से मीनाक्षी राणा, राजकुमारी, रीना, सुरेश कुमार व शामलाल मल्होत्रा ने बताया कि उनके द्वारा विभिन्न स्कूलों, पंचायत घरों पर जाकर सरकार की इन सुविधाओं के बारे में अवगत करवाया गया है। उन्होंने बताया की उनके द्वारा लगभग दो से तीन हजार बच्चों को सरकार की इन योजनाओं का लाभ दिलवाया गया है।

## बीटन के छात्र की ऑल इंडिया में 499वीं रैंकिंग

**अनंत ज्ञान, हरोली**

उपमंडल के संत ढांगू वाले गुर्जर राजकीय महाविद्यालय बीटन के छात्र चिराग ने पूरे कॉलेज को गौरवान्वित किया है। बीएससी (द्वितीय वर्ष) के छात्र चिराग ने आईआईटी जैम 2025 परीक्षा में भौतिकी विषय में ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 499 प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे कॉलेज और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

आईआईटी जैम भारत की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षाओं में से एक है, जो देश के सर्वश्रेष्ठ विज्ञान छात्रों को 1113 और अन्य शीर्ष संस्थानों में मास्टर्स डिग्री के लिए प्रवेश दिलाती है। चिराग की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट शिक्षण का परिणाम है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुनीता गोयल ने इस उपलब्धि पर चिराग को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह सफलता हमारे संस्थान में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



**भारत की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षाओं में से एक है आईआईटी जैम परीक्षा**

चिराग ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और अपनी मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि यह मेरे शिक्षकों और माता-पिता के मार्गदर्शन के बिना संभव नहीं था।

प्रो. गुरदेव सिंह, डॉ. गौरव शर्मा और डॉ. ऋचा शर्मा सहित सभी शिक्षकों ने चिराग की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सरकारी कॉलेज बीटन का यह ऐतिहासिक क्षण निश्चित रूप से भविष्य में और अधिक मेधावी छात्रों को प्रेरित करेगा और कॉलेज की उत्कृष्टता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा।

## अभिषेक की राज्य युवा कांग्रेस सोशल मीडिया कार्यकारिणी में नियुक्ति

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के मोमनियार पंचायत के युवा नेता अभिषेक शर्मा को हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस सोशल मीडिया टीम का राज्य कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से क्षेत्र में खुशी की लहर है और युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नए जोश और उत्साह का संचार हुआ है। उनकी रणनीतिक सोच, नेतृत्व क्षमता और सोशल मीडिया पर उनकी सक्रियता को देखते हुए यह जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है।



अभिषेक शर्मा ने हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया प्रभारी विनीत कांबोज, सह-प्रभारी योगेश हांडा, प्रदेश अध्यक्ष चत्तर सिंह ठाकुर, सोशल मीडिया प्रभारी रघुवेंद्र, कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विधायक और सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया। अभिषेक शर्मा ने हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया प्रभारी विनीत कांबोज, सह-प्रभारी योगेश हांडा, प्रदेश अध्यक्ष चत्तर सिंह ठाकुर, सोशल मीडिया प्रभारी रघुवेंद्र, और सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया।

**सफलता** हुनर के साथ मेहनत रंग लाई, हर महीने हो रही 50 से 60 हजार की कमाई, कोरोना काल में यू-ट्यूब से सीखी बारीकियां, अब अन्य को भी दे रहे रोजगार

# अजय ने बांस के सुंदर सामान से पाई जीवन में सफलता की सजावट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

अगर कुछ कर गुजरने का जज्बा, सीखने की ललक और अपने हुनर से समाज को नई दिशा देने की चाहत हो, तो सफलता केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहती, बल्कि पूरे समाज को प्रेरित और लाभान्वित करती है। ऊना जिले के बंगाणा उपमंडल की अरलू खास पंचायत के दगड़ू गांव के 43 वर्षीय अजय ने इसी सोच के साथ न केवल अपने जीवन में बांस के सुंदर सामान से सफलता की सजावट पाई, बल्कि बैंबू क्रॉफ्ट की कारीगरी से गांव की अनेक महिलाओं को भी आत्मनिर्भरता की राह दिखाई।

सोशल मीडिया का जीवनोपयोगी स्किल सीखने में कितना सदुपयोग हो सकता है, अजय की सफलता की कहानी इस बात की भी मिसाल है। उन्होंने यूट्यूब का उपयोग नया हुनर सीखने के लिए किया। बांस की हस्तनिर्मित सजावटी एवं उपयोगी वस्तुएं बनाकर उन्होंने न केवल खुद को आत्मनिर्भर बनाया, बल्कि जागृति बैंबू क्रॉफ्ट का बैनर खड़ा कर इसके जरिए कई अन्य लोगों को भी आजीविका का साधन उपलब्ध कराया। उनकी मेहनत, नवाचार और सीखने की अदम्य इच्छाशक्ति ने उन्हें सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। आज वह हर महीने 50 से 60 हजार रुपए की कमाई कर रहे हैं और कई महिलाओं को भी आर्थिक सशक्तिकरण की राह दिखा रहे हैं। उनकी सफलता सबके लिए प्रेरणा का स्रोत बनने के साथ ही पर्यावरणपूरक जीवनशैली अपनाने और प्राकृतिक उत्पाद उपयोग में लाने की प्रेरक कहानी भी है।




**बढ़ते कदमों को मिला शासन-प्रशासन का साथ :** पहला उत्पाद उन्होंने टेबल पर रखे जाने वाले तिरंगे झंडे का बेस बनाया और बंगाणा के तत्कालीन बीडीओ को दिखाया। उनकी सराहना से अजय का आत्मविश्वास बढ़ा। इसके बाद डीसी ऊना और डीआरडीए से संबल मिला। नाबार्ड के 6 महीने के प्रोजेक्ट में काम करने का अवसर मिला। इस परियोजना के तहत 25 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया।

डीआरडीए और नाबार्ड के सहयोग से अजय को प्रदेश के बड़े मेलों में स्टॉल लगाने की सुविधा मिली, जिससे उनके व्यवसाय को गति मिली। हाल ही में मंडी में आयोजित शिवरात्रि मेले और कुल्लू के गांधी शिल्प बाजार में उन्होंने 10 दिनों में 50 हजार रुपए से अधिक का कारोबार किया। इसके अलावा, उन्होंने बंगाणा में एक स्थायी आउटलेट भी स्थापित किया है और अब बिक्री के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के उपयोग को लेकर प्रयास में हैं।

अजय बताते हैं कि जिला प्रशासन ऊना ने उनके हस्तनिर्मित उत्पादों को अधिक परिष्कृत रूप देने के लिए करीब 2 लाख रुपए की मशीनरी उपलब्ध कराई, जिससे उन्हें अपने काम में बड़ी सहूलियत मिली। ग्रामीण विकास विभाग के निदेशक राघव शर्मा ने भी उनके चुनींदा उत्पादों को विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रदर्शित करने का आश्वासन दिया है। इससे पहले भी, जब राघव शर्मा ऊना के उपायुक्त थे, तब उन्होंने अजय को प्रोत्साहन और अवसर प्रदान किए, जिससे उनके व्यवसाय को नई ऊंचाइयां मिलीं।

**यह पूरे साल चलने वाला काम :** अजय बताते हैं कि यह पूरे साल चलने वाला कार्य है। जब भीषण सर्दियों और गर्मियों में मेले कम लगते हैं, तब वे उस समय का उपयोग नए उत्पादों की तैयारी करते हैं। उनके प्रमुख उत्पादों में सजावटी और घरेलू उपयोग की वस्तुएं शामिल हैं, जिनमें सजावटी शिप मॉडल, ट्रे, फूलदान, मंदिरों के मॉडल, पेन स्टैंड, ईको-फ्रेंडली ब्रश और बुफर, की-चेन और टेबल लैंप शामिल हैं। बाकी समय वे अन्य लोगों को प्रशिक्षण देने में लगाते हैं। हिमाचल के अलावा पंजाब में भी वे प्रशिक्षण शिविरों में जाते हैं। क्षेत्र में प्राकृतिक रूप से होती है बांस की पैदावार, जिससे कच्चा माल आसानी से मिलता है। अजय बताते हैं कि इस पूरे क्षेत्र में प्राकृतिक रूप से बांस की पैदावार अधिक होती है, जिससे उन्हें कच्चे माल की कोई समस्या नहीं होती। एक 10 फुट के बांस से वे लगभग 30 पेन स्टैंड बना लेते हैं। उनके उत्पादों की कीमत 30 रुपये से 2000 रुपए तक होती है।

**बैंबू इंडिया के सीईओ भी सराह चुके हैं काम :** अजय बताते हैं कि उनके कार्य की सराहना करते हुए 'बैंबू इंडिया' के सीईओ योगेश शिंदे स्वयं उनकी वर्कशॉप देखने उनके गांव आए थे और उनके प्रयासों की प्रशंसा की। इससे उन्हें बड़ा हौसला मिला। नए-नए उत्पाद बनाने और उनमें गुणात्मक सुधार को लेकर सीखा। अजय गांव में अपने पुराने मकान को वर्कशॉप की तरह उपयोग कर रहे हैं।

### यू-ट्यूब से मिली सीख से बदला जीवन

अजय बताते हैं कि उनका सफर बेहद रोचक रहा है। होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई करने के बाद वे 2007 में बद्दी की एक कंपनी में नौकरी करने लगे। वहां 2012 तक काम करने के बाद वे बंगाणा लौट आए और शिक्षा क्षेत्र से जुड़ गए। 2017 में उन्होंने एक हर्बल कंपनी की एजेंसी लेकर व्यवसाय शुरू किया, लेकिन साल 2020 में लॉकडाउन के दौरान काम ठप हो गया। घर पर खाली समय में उन्होंने यूट्यूब से कुछ नया सीखने का निर्णय लिया। वहां उन्होंने बांस से उत्पाद बनाने के वीडियो देखे और उनमें रुचि जागी। धीरे-धीरे उन्होंने इस कला में दक्षता हासिल की और इसे व्यवसाय में बदलने का फैसला किया और यहीं से जागृति बैंबू क्राफ्ट की उत्पत्ति हुई।

### गांव की महिलाओं के लिए बना आमदनी का जरिया

गांव की कई महिलाएं भी उनके साथ काम कर रही हैं। इनमें अंकिता, रजनी और ममता समेत अन्य महिलाएं शामिल हैं, जो बताती हैं कि खाली समय में उन्होंने अजय से काम सीखा और अब इससे अपनी आमदनी अर्जित कर रही हैं। उन्हें प्रोडक्ट के हिसाब से भुगतान किया जाता है। काम कर ही प्रत्येक महिला हर महीने 5 से 6 हजार रुपए कमा लेती है।

### परिवार का मिला पूरा सहयोग

अजय की पत्नी पूजा उनके व्यवसाय में कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। वह बताती हैं कि वे हर दिन कुछ नया सीखने और उसे व्यवसाय में लागू करने के लिए तत्पर रहती हैं। यह एक तरह से वर्क फ्रॉम होम ही है, पति-पत्नी घर पर हैं, तो दोनों बेटों जीतेश और बवेश, जो चौथी और पांचवीं कक्षा में पढ़ते हैं, उन्हें पढ़ाने का भी समय मिल जाता है। अजय की सफलता से प्रसन्न उनके पिता रामदास का कहना है कि उनकी कड़ी मेहनत और नयापन लाने की सोच ने उन्हें सफलता दिलाई। उनके भाई दिनेश, जो एक शिक्षाविद हैं, भी उनकी सफलता से बेहद खुश हैं।

### क्या कहते हैं उपायुक्त जतिन लाल

उपायुक्त जतिन लाल का कहना है कि मुख्यमंत्री सुक्खू का इस पर बड़ा जोर है कि ग्रामीण युवा अपना काम-धंधा शुरू करने में आगे आएं, वे रोजगार देने वाले बनें और उन्हें इसमें सरकार की ओर से पूरी मदद मिले। जिला प्रशासन इसे लेकर प्रतिबद्ध है और तत्परता से काम कर रहा है। बैंबू क्राफ्ट में अजय की सफलता सभी के लिए प्रेरणादायक है। हम हरसंभव मदद के साथ ही उनके ज्ञान का उपयोग अन्यों को प्रशिक्षित करने में भी कर रहे हैं।ऊना के घंडावल में बैंबू विलेज परियोजना के तहत प्रसंस्करण इकाई, टूथ ब्रश, फर्नीचर तथा बांस के अन्य सजावटी सामान बनाने की इकाई स्थापित करने समेत अन्य कार्य किए जा रहे हैं, जिसके लिए लोगों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### तीन युवक 24.690 ग्राम चिट्टे सहित काबू

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में पुलिस ने तीन युवकों से चिट्टा बरामद किया है व उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। चिट्टे के साथ गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान पंकज कुमार उर्फ पंकू (21) निवासी अलेऊ तहसील मनाली, जतिन शर्मा (21) निवासी छिंदयारा पोस्ट ऑफिस गुटकर जिला मंडी और रोहित सिंह (21) निवासी बरौली जिला अंबाला हरियाणा के रूप में हुई है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि मनाली पुलिस की टीम गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस ने तीन युवकों को रोका और तलाशी ली। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 24.690 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि तीनों के खिलाफ मनाली थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की आगामी जांच जारी है। यह चिट्टा कहां से लाया था और कहां-कहां सप्लाई होना था, इसकी भी पुलिस गहनता से जांच कर रही है।

### इल्मा ने संभाला एसपी लाहौल-स्पीति का कार्यभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** आईपीएस अधिकारी इल्मा अफरोज ने पुलिस अधीक्षक लाहौल-स्पीति का कार्यभार संभाला लिया है। वह कबायली जिला लाहौल-स्पीति की पहली महिला एसपी बनी हैं। बीते 10 मार्च को इल्मा अफरोज का तबादला लाहौल-स्पीति में किया गया था। कार्यभार संभालने के बाद एसपी कुल्लू, एसपी लाहौल-स्पीति के अतिरिक्त कार्यभार से भारमुक्त हो गए हैं। इल्मा कांग्रेस के विधायक राम कुमार चौधरी से टकराव बढ़ने के बाद चर्चा में आई थी, जिसके बाद वह लंबी छुट्टी चली गई थी और अब जब वापस आई तो उनका तबादला लाहौल-स्पीति जिले में किया गया है। उधर, लाहौल-स्पीति जिले में पहली महिला पुलिस अधीक्षक मिलने से जिले की महिलाओं सहित सभी लोगों ने खुशी जताई है।



### 400 से अधिक व्यक्तियों को निशुल्क चश्मे दिए

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** द हंस फाउंडेशन नग्गर टीम 1,2,3,4 ने क्रमशः ओल्ड मनाली, लाराकेलो, ब्रान और नंगाबाग क्षेत्रों में एक सफल नेत्र शिविर का आयोजन किया। यह शिविर आंखों की सेहत और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में 770 व्यक्तियों ने भाग लिया और उनकी निशुल्क आंखों की जांच के साथ-साथ सामान्य स्वास्थ्य की जांच भी की गई। इसके अतिरिक्त 710 लैब टेस्ट किए गए, ताकि उनके समग्र स्वास्थ्य की स्थिति का पता लगाया जा सके। नेत्र जांच के परिणामस्वरूप 400 से अधिक व्यक्तियों को निशुल्क चश्मे प्रदान किए गए, ताकि उनकी दृष्टि में सुधार हो सके और उनका जीवन स्तर बेहतर हो सके। द हंस फाउंडेशन की टीम इस तरह की पहलों को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

### टॉयलेट्स तथा सफाई व्यवस्था को लेकर बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** उपायुक्त तोरुल रवीश ने मंगलवार को लघु सचिवालय भवन में टॉयलेट्स तथा सफाई व्यवस्था को लेकर एक बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने सभी विभागों को टॉयलेट्स के रखरखाव तथा मरम्मत के लिए विभागीय स्तर पर बजट लेने के लिए अनुरोध करने के लिए कहा, ताकि यहां पर आने वाले आम नागरिकों को भी टॉयलेट की सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि भवन के प्रत्येक तल पर एक टॉयलेट की मरम्मत करने के लिए जल्द ही लोक निर्माण विभाग द्वारा प्राक्कलन तैयार किया जाएगा तथा ग्राउंड फ्लोर के बाहर की डंपिंग को हटाने के भी निर्देश दिए। बैठक में सहायक आयुक्त शशि पाल नेगी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने किया धरना-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू में एबीवीपी के कार्यकर्ताओं के द्वारा उपायुक्त कार्यालय के बाहर रोष रैली निकाली गई। एबीवीपी के द्वारा डीसी कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया गया। शिमला में बीते दिनों एबीवीपी और एसएफआई कार्यकर्ताओं के बीच हुई मारपीट के मामले पर शिमला पुलिस की कार्रवाई पर उन्होंने रोष जताया। एबीवीपी कुल्लू इकाई के जिला संयोजक सारांश बोध ने बताया कि हालही में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में 11 मार्च को एसएफआई के कार्यकर्ताओं द्वारा एबीवीपी के कार्यकर्ताओं पर हमला किया गया, जिसके विरोध में एबीवीपी इकाई द्वारा रोष प्रदर्शन किया गया। उनका कहना है कि शिमला पुलिस द्वारा विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं पर एकतरफा कार्रवाई की गई, जबकि एसएफआई द्वारा कई बार गुंडागर्दी की घटनाएं पहले भी की गई हैं।

### सड़कों व शिंकुला टनल को लेकर मंत्री से की चर्चा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक रवि ठाकुर के नेतृत्व में लाहौल-स्पीति का प्रतिनिधिमंडल सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मिला। रवि ठाकुर ने बताया कि इस मौके पर लाहौल-स्पीति में बन रहे विभिन्न सड़कों व शिंकुला टनल को लेकर केंद्रीय मंत्री से विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें लियो बाइपास को लोक निर्माण विभाग से सीमा सड़क संगठन को हस्तांतरित करने, कुंजम पास में टनल निर्माण, संसारी किलाड़ थिरोट तांदी एसकेटीटी रोड में उचित मुआवजा राशि बढ़ाने के लिए, कोकसर छतड़ू वायपास रोड निर्माण बारे एवं मणिमहेश प्रवेश द्वार रापे कुगती पास हड़सर संपर्क मार्ग निर्माण बारे ज्ञापन सौंपा, जिसमें मंत्री ने सभी कार्यों को पूरा करने में अपनी सहमति जताते हुए जल्द ही इन सभी कार्यों को शुरू करने का आश्वासन दिया।

### लाहौल में एचआरटीसी बस का ट्रायल आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति में लंबे समय से हिमपात के कारण बाधित परिवहन व्यवस्था अब पटरी पर लौटने लगी है। क्षेत्र में मुख्य सड़कों को यातायात के लिए बहाल करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। एचआरटीसी आज घाटी में बस ट्रायल करने जा रही है। फरवरी और मार्च में कई बार भारी हिमपात हुआ, जिससे लाहौल में यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। हालात इतने विकट हो गए थे कि स्थानीय लोगों को अपने घरों के आसपास भी आवाजाही के लिए बेलचे से बर्फ हटानी पड़ी। वाहन चलाना तो दूर, पैदल चलना भी मुश्किल हो गया था। अगर बस ट्रायल सफल रहता है, तो आने वाले दिनों में सभी प्रमुख सड़कों पर एचआरटीसी की बसें नियमित रूप से दौड़ती नजर आएंगी। यह न केवल स्थानीय निवासियों के लिए राहत की बात होगी, बल्कि सैलानियों के लिए भी यात्रा सुगम हो जाएगी। विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि सड़क मार्गों को जल्द बहाल करने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। बुधवार से केलांग-उदयपुर सड़क पर एचआरटीसी बस का ट्रायल किया जाएगा यदि मौसम अनुकूल रहा और परिस्थितियां सामान्य बनी रहीं, तो अगले दो दिनों में अन्य मुख्य मार्गों पर भी एचआरटीसी बसों के ट्रायल पूरे कर लिए जाएंगे।

### शिमला की टीम ने जीती वॉलीबाल प्रतियोगिता



**अनंत ज्ञान, मनाली।** शिमला की टीम ने मनाली गांव को हराकर वॉलीबाल प्रतियोगिता जीती। सियाल मेला कमेटी की ओर से उन्हें 35 हजार की राशि ईनाम में दी गई। दूसरे स्थान पर रही मनाली गांव की टीम को 25 हजार राशि व ट्रॉफी से सम्मानित किया। समाजसेवी रिनचिन थोमस मेले के समापन में मुख्यातिथि पहुंचे। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। रिनचिन ने सभी को मेले की बधाई दी। उन्होनें कहा कि मेले हमारी समृद्ध सभ्यता व संस्कृति के प्रतीक हैं। मेलों के माध्यम से न केवल आपसी भाईचारे की भावना को बल मिलता है, बल्कि हमारी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में भी ये अहम भूमिका निभाते हैं। ऊझी घाटी में इन दिनों चचोली मेले की धूम मची हुई है। सियाल गांव में सियाली महादेव के सम्मान में चचोली मेला धूमधाम के साथ मनाया गया। सोमवार शाम को मेले का समापन हुआ। वहीं, जगतसुख में आज मेले का आगाज होगा, जो 21 मार्च तक मनाया जाएगा। कुल्लू में स्थानीय देवी-देवता के सम्मान में हर वर्ष मेले का आयोजन किया जाता है। ऊझी घाटी में मेलों का दौर शुरू हो गया है। सियाल गांव में तीन दिन चचोली मेले की धूम रही।

# मुद में हिमस्खलन की चपेट में आए दो लोग, ग्रामीणों ने निकाले सुरक्षित

## पानी की समस्या दूर करने के लिए पेयजल के मुख्य स्रोत तक गए थे ग्रामीण

**कमलेश वर्मा, काजा**



जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के दुर्गम गांव मुद के समीप मंगलवार को हिमस्खलन की घटना पेश आई। इस घटना में दो लोग हिमस्खलन की चपेट में आ गए, गनीमत यह रही कि दोनों को अन्य ग्रामीणों की मदद से करीब 10-15 मिनट बाद बर्फ के नीचे से सुरक्षित निकाल लिया।

मंगलवार को ग्रामीण कई दिन से चली आ रही पानी की समस्या को दूर करने गए थे कि अचानक हिमस्खलन हो गया। 15 मिनट तक दोनों लोगों का कुछ अता पता नहीं चला। इन दो लोगों में एक जलशक्ति विभाग का कर्मचारी व दूसरा स्थानीय ग्रामीण था। साथ आए ग्रामीणों ने तलाश जारी रखी। 15 मिनट बाद ग्रामीणों को उनकी आवाज सुनाई दी। ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाते हुए जान जोखिम में डालकर बर्फ को हटाया। लगभग पांच फुट बर्फ हटाने के बाद दोनों लोग सुरक्षित बाहर निकल आए। मुद गांव के नंबरदार छेवांग ने बताया कि लोगों का सुरक्षित निकलना सभी के लिए चमत्कार रहा। उन्होंने बताया कि गांव वासी मुद में पानी न आने से परेशान थे। गांव की सभी टंकियां टूट गई थी। ग्रामीण मुख्य स्रोत तक पहुंच तो गए, लेकिन वहां बड़ी अनहोनी हो गई। दो लोग हिमस्खलन की चपेट में आ गए। 15 मिनट उनको ढूंढ़ने में लगे। ग्रामीणों ने बर्फ हटाकर उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि भगवान की कृपा से दोनों सुरक्षित मिल गए हैं। वहीं, एसडीएम काजा शिखा सीमतिया ने बताया कि मंगलवार को दोपहर करीब 12:30 बजे जब कुछ ग्रामीण और जलशक्ति विभाग के कर्मचारी पानी की पाइपलाइन को रिस्टोर करने के लिए जा रहे थे, तो उस समय अचानक हिमस्खलन हुआ, जिसकी चपेट में दो लोग आ गए, जिनमें एक पद्मा जिमेद, जोकि जलशक्ति विभाग का कर्मचारी है, जबकि दूसरा नवांग तंजिन स्थानीय ग्रामीण हिमस्खलन की चपेट में आने से नीचे दब गया, लेकिन स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।

उधर, विधायक अनुराधा राणा ने सतर्कता से दोनों लोगों की जान बचाने वालों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि हिमपात के बाद जिले में हिमस्खलन का खतरा लगातार बना हुआ है। लोगों से आग्रह है कि सतर्क रहें और खतरे वाली जगह न जाएं। (अनंत ज्ञान)

## सेस राम को सिविल पेंशनर्स एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष की कमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सिविल पेंशनर्स एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन जिला कुल्लू की बैठक मंगलवार को सहकार भवन सरवरी में आयोजित हुई।

बैठक में कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव आयोजित किए गए, जिसमें जिले के सभी खंडों के प्रतिनिधि और उनकी कार्यकारिणी के सदस्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश स्तर के उपप्रधान एवं जिला अध्यक्ष सेस राम ठाकुर ने की। जिला महासचिव मोहर सिंह सीस ने बैठक की कार्यवाही का संचालन करते हुए सभी खंडों के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और पेंशनर्स सदस्यों, पर्यवेक्षकों तथा अन्य उपस्थित सदस्यों का स्वागत, अभिनंदन किया और उनका परिचय दिया। कार्यसूची अनुसार सभी खंडों के प्रधानों ने बैठक को संबोधित किया, जिसमें आनी खंड से प्रधान दूनी चंद ठाकुर, बंजार खंड से प्रीतम शर्मा, भुंतर खंड से योगराज शर्मा, कुल्लू खंड से जय बिहारीलाल भारद्वाज और गिरधारी लाल डोगरा, नग्गर खंड से बीर सिंह ठाकुर और निरमंड खंड से बीर सिंह राणा सहित सभी प्रधानों ने अपने खंड की कार्यप्रणाली अन्य कार्यकलापों, समस्याओं बारे अपने विचार-सुझाव प्रस्तुत किए। भादर चंद, जिला कोषाध्यक्ष ने चार वर्षों के आय-व्यय का लेखा जोखा, जिसे जिला ऑडिटर अमर सिंह ठाकुर द्वारा ऑडिट रिपोर्ट तैयार कर दी है, उसे अनुमोदनार्थ हाउस को प्रस्तुत किया, जिसका हाउस ने ध्वनिमत से अनुमोदन किया। इसके उपरांत जिला महासचिव मोहर सिंह सीस, ने इन्हीं चार वर्षों के हुए पेंशनर्स के बारे में किए कार्यों, समस्याओं के निपटान और अन्य कार्यप्रणाली बारे विस्तृत जानकारी दी, जिसे हाउस ने अनुमोदन किया। तत्पश्चात पुरानी जिला कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन करने के लिए शांतिपूर्वक चुनाव करवाने की घोषणा की, जिसमें प्रधान पद पर सेस राम ठाकुर, वरिष्ठ उपप्रधान गिरधारी लाल डोगरा, उपप्रधान डॉ. चमन ठाकुर, मेहंदीरता, छिमे अंगमों, महासचिव मोहर सिंह सीस, संयुक्त सचिव पवन भल्ला, संगठन सचिव गुरबचन सिंह गिल, कोषाध्यक्ष भादर चंद, मुख्य सलाहकार योग राज शर्मा और खेमराज शर्मा को सर्वसम्मति से चुना गया।

## आनी स्कूल की प्रबंधन समिति कुल्लू में अव्वल स्थान पर रही



**अनंत ज्ञान, आनी**

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आनी की विद्यालय प्रबंधन समिति को जिला स्तर पर प्रथम स्थान मिला।

कुल्लू के अटल सदन में 16 मार्च को आयोजित सामुदायिक सहभागिता शिक्षा संवाद में यह एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई। इस सफलता के बाद विद्यालय में समिति का आनी पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। समिति के अध्यक्ष चमन शर्मा, मुख्य सलाहकार पप्पू सत्य और प्रधानाचार्य डॉ. जवाहर ठाकुर सहित सभी सदस्यों के सम्मान में प्रीतिभोज का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य डॉ. जवाहर ठाकुर ने समिति के निरंतर सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी समिति का मार्गदर्शन विद्यालय की प्रगति में योगदान देता रहेगा। मुख्य सलाहकार पप्पू सत्य ने इस सफलता का श्रेय सामूहिक प्रयासों को दिया। सम्मान समारोह में विद्यालय का समस्त स्टाफ, छात्राएं और प्रबंधन समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## सीएम का बजट स्वागत योग्य : देवेंद्र नेगी

### कहा- पर्यटन, रोजगार, कृषि, बागवानी, विकास योजनाओं का रखा विशेष ध्यान

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव देवेंद्र नेगी ने मुख्यमंत्री सुक्खू के बजट को आम आदमी को राहत देने वाला बजट करार दिया है।

नेगी ने कहा कि गत वर्ष हिमाचल प्रदेश में हुई भीषण आपदा की चुनौती के बावजूद मुख्यमंत्री ने न ही करो का बोझ प्रदेश की जनता पर डाला व न ही किसी विकास योजनाओं के धन में कटौती की। प्रदेश में पर्यटन, रोजगार व पर्यटन विस्तार के लिए वैलनेस केंद्र, प्रदेश में पांच एवं सात सितारा होटलों का निर्माण, होटल एवं होम स्टे निर्माण पर ब्याज पर चार से पांच प्रतिशत छूट, पर्यटकों की आसानी के लिए पर्यटन स्थलों पर आने जाने के लिए हेलिपोर्ट जैसी विकासोन्मुख योजनाएं हर क्षेत्र में राहत वाला बजट दर्शाता है।

### सर्वजन सुखाय व हिताय का बजट : सत्य प्रकाश

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश सरकार का बजट वित वर्ष 2025-26 के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा पेश किया गया, जोकि प्रशंसनीय है। पूर्व मंत्री व चेयरमैन बलबंत राय मेहता पंचायतीराज संस्थान तथा पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अखिल भारतीय पंचायत परिषद नई दिल्ली सत्य प्रकाश ठाकुर ने इस बजट को सर्वजन सुखाय, सर्वजन हिताय का बजट बताते हुए सराहना की। प्रदेश की कठिन वित्तीय स्थिति के बावजूद यह एक संतुलित बजट है, जिसमें प्रदेश की वर्तमान हालात के अनुकूल हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। किसानों, दुग्ध उत्पादकों, मजदूरों, कर्मचारियों, बेरोजगारों महिलाओं, व्यापारियों, बागवानों को आकर्षित करने का इस बजट में पूरा प्रयास किया गया है। शिक्षा, स्वास्थय, सामाजिक सुरक्षा, सड़क परिवहन, ऊर्जा, वन व पर्यावरण, पर्यटक ग्रामीण व शहरी



विकास पंचायत-वित और पशु पालन को सुदृढ़ करने के लिए उचित धन व्यवस्था का प्रावधान किया गया है, जिससे आने वाले वित्त वर्ष में निशचित तौर पर प्रदेश का एक नया स्वरूप देखने को मिलेगा। सत्य प्रकाश ठाकुर ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र जिसकी देश में शुरूआत हमारे प्रदेश के ऊना जिले से ही हुई थी, इसके लिए भी प्रदेश सरकार र्प्याप्त धन उपलब्ध करवाएगी, ऐसी आशा प्रदेश सरकार से है।

## कुल्लू जिले की आबकारी यूनिटों की नीलामी आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** उपायुक्त आबकारी एवं राजस्व विभाग कुल्लू ने बताया कि राजस्व जिला कुल्लू की आबकारी यूनिटों (1,85,58,40,910) रुपए की वित्तिय वर्ष 2025-26 (1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026) के लिए नीलामी आयुक्त राज्य कर व आबकारी, हिमाचल प्रदेश के आदेशानुसार 19 मार्च को प्रातः 11:30 बजे मल्टीस्पेशलिटी कॉन्फ्रेंस हॉल ढालपुर में डीसी जिला कुल्लू की अध्यक्षता में की जाएगी। नीलामी स्थल पर निर्धारित शर्तों को पूर्ण कर सीधे बोली दे सकते हैं और निविदा/नीलामी से संबंधित अन्य किसी भी जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 01902-222542 तथा 09418475672 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

## महंगा पड़ा नशे में वाहन चलाना 27,500 का चालान

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली के सोलंगनाला में नशे में धुत होकर वाहन चलाना पंजाब के पर्यटक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने नशे में वाहन चलाने पर कुल 27,500 का चालान कटा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीबी-10-जेडबल्यू-8477 नंबर की थार गाड़ी चालक सरनजोत सिंह निवासी लुधियाना पंजाब नशे की हालत में गाड़ी चला रहा था, जिसका लापरवाही से वाहन चलाने और मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किया गया। पर्यटक वाहन सड़क किनारे खड़े वाहन से भी जा टकराया। डीएसपी मनाली ने बताया कि पुलिस ने नशे में वाहन चलाने पर 25 हजार और लापरवाही से वाहन चलाने पर 2500 का चालान किया है।

> पर्यटक वाहन सड़क किनारे खड़े वाहन से भी जा टकराया

## अनुज बने प्रदेश युवा कांग्रेस सोशल मीडिया के मुख्य संयोजक

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

> कहा-कांग्रेस को सोशल मीडिया पर मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा

प्रदेश युवा कांग्रेस ने सोशल मीडिया के प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए राष्ट्रीय सोशल मीडिया चीफ मनु जैन ने द्रंग विधानसभा क्षेत्र के नगवाई से संबंध रखने वाले अनुज चंदेल को प्रदेश युवा कांग्रेस चीफ कन्वेनर बनाया है।



इस मौके पर नवनियुक्त सोशल मीडिया चीफ कन्वेनर अनुज चंदेल ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करूंगा और कांग्रेस पार्टी को सोशल मीडिया पर मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। अपनी इस नियुक्ति के लिए अनुज चंदेल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू अपने आदर्श व प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री ठाकुर कौल सिंह, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया चीफ मनु जैन, हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष छत्तर सिंह ठाकुर, हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस सोशल मीडिया के प्रभारी राघवेंद्र दांगी, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रजनीश मैहता, जयवर्धन खुराना, पूर्व प्रदेश सचिव व वर्तमान जिला परिषद सदस्य जसवीर सिंह, पूर्व द्रंग युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनोज ठाकुर, द्रंग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष वामन देव ठाकुर व महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रेशमा ठाकुर आदि का धन्यवाद किया है ।

## साहब! पड़ोसी से मुझे और परिवार को खतरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



### घर जाने से लग रहा डर : गिरिराज

देवी सिंह के बेटे गिरिराज ने बताया कि मेरे और मेरे परिवार पर जगतराम सहित उसके करीब सात आठ लोगों ने 11 मार्च को हमला किया था। हमने इसकी शिकायत भी की है, लेकिन अभी तक उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इससे पहले भी कई बार हमारे ऊपर हमले हुए हैं, मेरा पूरा परिवार डरा हुआ है और मुझे घर जाने में भी डर लग रहा है। मेरी बहन और मैं मानसिक रूप से बहुत परेशान हैं और इस कारण ढंग से पढ़ाई भी नहीं कर पा रहे हैं।

जिला कुल्लू की उझी घाटी के गुआड़ गांव के देवी सिंह ने अपने पड़ोसी और उसके परिवार पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। देवी सिंह ने बताया कि उसका पड़ोसी जगतराम और उसके पूरे परिवार ने उनके बेटे, पत्नी व बेटी के साथ मारपीट की।

पड़ोसी जगतराम और उसके परिवार से मुझे और मेरे परिवार को खतरा है। वह बार-बार बंदूक से उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने इस मामले पर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। देवी सिंह ने बताया कि जगतराम और उसके परिवार ने कई बार पहले भी उनके साथ लड़ाई-झगड़े और मारपीट की है। कई बार उन्होंने इसकी शिकायत भी पुलिस से की है और एसपी व डीसी से भी मिले हैं, लेकिन उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं। वहीं, 11 मार्च को फिर से जगतराम व उसके परिवार ने उनकी पत्नी, बेटे व बेटी से मारपीट की है, जिसकी शिकायत उन्होंने पतलीकूहल थाना में दर्ज करवाई थी, लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। वह कुल्लू में ढाबा चलाते हैं, ऐसे में घर पर उनकी पत्नी अकेली होती है और उनकी जान को खतरा है।

देवी सिंह ने बताया कि 11 मार्च को उनकी बेटी ने उन्हें सूचना दी कि जगतराम ने उनकी निजी भूमि में लकड़ी फेंकी है, जिस पर जब उनकी पत्नी ने उन्हें रोकना चाहा तो उन्होंने देवी सिंह के परिवार के साथ मारपीट शुरू कर दी और वहीं पर उनका बेटा गिरिराज जब इसकी वीडियो बनाने लगा, तो उसके साथ भी मारपीट की। उन्होंने एसपी कुल्लू से उनके परिवार को सुरक्षा देने की गुहार लगाई है। उधर, एसएचओ पतलीकूहल ने बताया कि 11 मार्च को देवी सिंह द्वारा शिकायत दर्ज करवाई गई है, जिस पर कार्रवाई की जा रही है।

**महत्व** नेचर टूरिस्ट गाइडों के लिए दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित

## युवाओं को स्वरोजगार के लिए किया जा रहा प्रशिक्षित

**अनंत ज्ञान, बंजार**



हिमाचल प्रदेश के कुल्लू की खूबसूरत तीर्थन घाटी में स्थित विश्व धरोहर ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क के महत्व को समझाने और इसके संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए शाईरोपा में दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत यह प्रशिक्षण सोसायटी फॉर नेचर एंड नेचुरल रिसोर्सिस और हिमाचल प्रदेश वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान से शाइरोपा में आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क शमशी के वनमंडल अधिकारी सचिन शर्मा, एसीएफ हंस राज, भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून से डॉक्टर भूमेश सिंह भदौरिया, राजस्थान से आए पर्यटन विशेषज्ञ डॉक्टर अभिनव और वन रक्षक ओम प्रकाश विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण शिविर में तीर्थन घाटी पार्क क्षेत्र इको जॉन के करीब 30 युवक-युवतिओं ने भाग लिया। वनमंडल अधिकारी सचिन शर्मा ने बताया कि इस शिविर में स्थानीय युवाओं को नेचर टूरिस्ट गाइड के रूप में प्रशिक्षित किया गया, जिससे वे न केवल पर्यटकों को प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता की जानकारी दे सकें, बल्कि वन्यजीवों, पर्यावरण और विश्व धरोहर स्थल के संरक्षण में भी अपनी अहम भूमिका निभा सकें।

इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना और विश्व धरोहर स्थल के साथ ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देना रहा। यह प्रशिक्षण न केवल युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगा, बल्कि विश्व धरोहर ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क के संरक्षण में भी मददगार साबित होगा। डॉ. भूमेश सिंह भदौरिया ने विश्व धरोहर ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क की अहमियत पर प्रतिभागियों को विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि बहुत लंबी प्रक्रिया के बाद इस नेशनल पार्क को विश्व धरोहर का दर्जा मिला है, जो अब इस धरोहर विरासत को संजोए रखना यहां के लोगों की भी जिम्मेदारी बनती है। स्थानीय नेचर गाइड इस विश्व धरोहर स्थल का बखूबी तौर पर संरक्षण एवं संवर्धन करने में अपनी एहम भूमिका निभा सकते हैं। गाइडों को ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क की जैव विविधता, वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरणीय संतुलन, जिम्मेदार पर्यटन और एक प्रशिक्षित नेचर गाइड से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। गाइड यह भी सुनिश्चित करें कि पर्यटन गतिविधियों से पार्क क्षेत्र के प्राकृतिक पर्यावरण को कोई नुकसान न पहुंचे। स्थानीय युवाओं में इस प्रशिक्षण को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। इस प्रशिक्षण में चार महिला नेचर गाइड ने भी भाग लिया। युवाओं का कहना है कि उनके लिए बतौर नेचर गाइड कार्य करने के लिए शानदार अवसर मिला है, जिसे वे अपनी आजीविका के साथ ही अपने क्षेत्र की विश्व धरोहर और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा में योगदान दे सकते हैं।

## एसोसिएशन की आम सभा में एनएच 305 की खस्ताहालत पर जताया रोष



**अनंत ज्ञान, बंजार**

जिभी वैली टूरिज्म एसोसिएशन की आम सभा की बैठक का आयोजन अध्यक्ष, रिटायर्ड कैप्टन किशन चंद की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में घाटी के विभिन्न पर्यटन, सड़क, स्वच्छता, बिजली आपूर्ति एवं सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान सदस्य ललित कुमार ने पिछले वार्षिक बैठक का वृत्त प्रस्तुत किया और आगामी योजनाओं की रूपरेखा रखी। बैठक में नेशनल हाईवे-305 की खस्ताहालत प्रमुख मुद्दा रहा, जिसमें एनएच विभाग के सहायक अभियंता टहल सिंह से स्थिति पर स्पष्टीकरण मांगा गया। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट उत्तर देने से परहेज किया, जिससे सदस्यों में नाराजगी देखी गई। जेवीटीडीए और एनएच-305 संघर्ष समिति के सदस्यों ने सड़क की दयनीय स्थिति पर कड़ा रोष प्रकट किया और आगामी 1 अप्रैल को एक बड़े आंदोलन के संकेत दिए। बैठक में स्वच्छता और कूड़ा निष्पादन पर पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें निर्णय लिया कि हर महीने के पहले शनिवार को घाटी में सफाई और जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य पर्यटन स्थलों को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाए रखना है। वहीं, बैठक में बिजली आपूर्ति में सुधार को लेकर भी चर्चा हुई। सदस्यों ने सरकार से मांग की कि मोहिनी से आगे के क्षेत्रों को बिजली आपूर्ति के लिए एक अलग विंग स्थापित किया जाए और बिजली विभाग में आवश्यकतानुसार मैनपावर बढ़ाई जाए। बैठक में निर्णय लिया कि हर वर्ष विश्व पर्यटन दिवस (27 सितंबर) को भव्य पर्यटन महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा।

## स्पोर्ट्स विंडो

### अंगुली की चोट से उबरने के बाद रॉयल्स के अभ्यास सत्र से जुड़े संजू सैमसन

**एजेंसी, जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन अंगुली की चोट से उबरने के बाद अब अपनी आईपीएल टीम के साथ जुड़ गए हैं। तीस वर्ष के सैमसन ने बेंगलुरु में सेंटर आफ एक्सीलैंस में उपचार पूरा किया। वह सोमवार को रॉयल्स के पहले सत्र में मौजूद थे। सैमसन को इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पांच मैचों की टी20 सीरीज के दौरान जोफ्रा आर्चर का बाउंसर लगा था। चोट के बाद उन्हें सर्जरी करानी पड़ी। रॉयल्स ने एक्स पर लिखा,''हवाई अड्डे से सीधे पहले अभ्यास सत्र की ओर ताकि हमेशा की तरह सभी के चेहरे पर मुस्कान ला सके।'' सैमसन ने रॉयल्स के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से बात की। देखना यह है कि पूरी तरह फिट होने के बावजूद क्या वह विकेटकीपिंग कर पाते हैं। अगर नहीं तो ध्रुव जुरेल को यह जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। हरफनमौला रियान पराग भी कंधे की चोट से उबर चुके हैं।



### कपिल ने की विदेश दौरे पर परिवार ले जाने पर संतुलित रवैया अपनाने की वकालत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिग्गज क्रिकेटर कपिल देव विदेश दौरे पर क्रिकेटरों के अपने परिवार साथ में रखने के पक्ष में है, लेकिन उन्होंने इसके साथ ही कहा कि इस मामले में संतुलित रवैया अपनाया जाना चाहिए। भारत की ऑस्ट्रेलिया दौरे में पांच टेस्ट मैच की सीरीज में 1-3 से हार के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने निर्देश जारी किया कि 45 से अधिक दिन के दौरे में क्रिकेटर अधिकतम 14 दिन तक ही अपना परिवार साथ में रख सकते हैं। दिशा-निर्देशों के अनुसार इससे कम अवधि के दौरे पर खिलाड़ी अधिकतम एक सप्ताह तक ही अपना परिवार साथ में रख सकते हैं। विश्व कप 1983 के विजेता कप्तान ने 'कपिल देव ग्रांट थॉर्नटन इनविटेशनल' कार्यक्रम के मौके पर कहा, ''ठीक है, मुझे नहीं पता, यह व्यक्तिगत है। मुझे लगता है कि यह क्रिकेट बोर्ड का फैसला है। मेरे विचार में आपको परिवार की जरूरत है, लेकिन आपको हर समय टीम के साथ रहने की भी जरूरत है।'' हाल में समाप्त हुई चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान विराट कोहली, रविंद्र जडेजा और मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ियों के परिवार भी दुबई में थे, लेकिन वे टीम होटल में नहीं ठहरे थे। परिवार का खर्चा बीसीसीआई ने नहीं बल्कि स्वयं खिलाड़ियों ने उठाया था। कपिल ने कहा, ''हमारे जमाने में क्रिकेट बोर्ड नहीं बल्कि हम खुद ही तय करते थे कि दौरे का पहला चरण क्रिकेट को समर्पित होना चाहिए जबकि दूसरे चरण में परिवार के साथ रहने का आनंद लेना चाहिए। इसमें संतुलन होना चाहिए।'' इससे पहले रविवार को कोहली ने विदेश दौरे में परिवार को साथ रखने का समर्थन किया था।



### विराट-अनुष्का की खूबसूरत जोड़ी

**नई दिल्ली।** विराट कोहली और अनुष्का शर्मा की जोड़ी को दुनियाभर में काफी पसंद किया जाता है। दोनों एक एड शूट के दौरान पहली बार मिले थे। इसके बाद अनुष्का अक्सर आईपीएल में नजर आने लगी। 2016 एशिया कप में जब भारत ने पाकिस्तान को हराया तो अनुष्का ने विराट को बधाई दी थी और 2018 में इन्होंने शादी कर ली।




# आईपीएल : केकेआर-आरसीबी के बीच होगी पहली भिड़ंत

## जानें क्या है दोनों टीमों की सबसे बड़ी ताकत और कमजोरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल-2025) का धमाकेदार आगाज शनिवार को होने जा रहा है। पहले मुकाबले में शनिवार को टक्कर गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच होगी। पिछले साल के मुकाबले टीमों का चेहरा बहुत बदल गया है। कप्तान बदल गए हैं, मेन्टॉर बदल गए हैं, तो टीम भी बदल गई हैं। जाहिर इस बार मैच और ज्यादा टक्कर के होंगे। आप जानें कि दोनों ही टीमों की सबसे बड़ी ताकत और कमजोरी क्या है।




### कोलकाता नाइट राइडर्स की ताकत

**इस** टीम की बड़ी ताकत पिछले मेन्टॉर गौतम ने गंभीर चाल चलकर तय कर दी थी। यह फैसला सुनील नरेन को ओपनर बनाना। इस बार भी केकेआर की बड़ी ताकत सुनील नरेन और विंडीज के साथी आंद्रे रसेल के इर्द-गिर्द ही घूमती है। वहीं, इनके बैक-अप खिलाड़ी आला दर्जे के हैं। सुनील के विकल्प मोइन अली हैं, तो रसेल का बैक-अप रोवमैन पोवेल है, तो एनरिच नॉर्किया का विकल्प स्पेन्सर जॉनसन, तो क्विंटन डिकॉक की जगह रमहनुल्लाह गुरबाज हैं। यही इस टीम की सबसे बड़ी ताकत है।

**कमजोरी**

**मिडल** ऑर्डर में विध्वंसक बल्लेबाज का न होना चिंता की बात है। कप्तान अजिंक्य रहाणे खुद की इलेवन में कैसे जगह साबित कर पाएंगे, यही अपने आप में बड़ा चैलेंज है। अगर टूर्नामेंट के बीच में ही कप्तान बदल जाता है, तो यह अप्रत्याशित नहीं होगा। वेंकटेश, अय्यर अंगक्रिस रखुवंशी और रिंकू सिंह 3 से 6 नंबर के बीच हैं, लेकिन यहां मिड्ल ऑर्डर में वैसा बल्लेबाज नहीं दिखता, जो होना चाहिए।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ताकत

**भुवनेश्वर** कुमार और जोश हैजवुड के रूप में आरसीबी के पास शानदार सीम अटैक है। उनके पास लुंगी एंगिडी और नुवान तुषारा के रूप में बैक-अप है, तो वहीं रसिख सलाम, यश दयाल और अनकैप्ड अभिनंदन सिंह के रूप में भारतीय खिलाड़ी भी हैं। बैटिंग की बात करें, तो शीर्ष तीन बल्लेबाज बहुत ही मजबूत है। विराट कोहली हैं, तो फिल सॉल्ट पूर्व कप्तान फैफ की जगह लेंगे, तो कप्तान रजत पाटीदार आक्रामकता को बनाए रखेंगे।

**कमजोरी**

**आरसीबी** के पास नंबर चार बल्लेबाज का अभाव हमेशा से रहा है। उसके पास बल्लेबाज कई हैं, लेकिन नंबर चार नहीं दिखाई पड़ रहा। ऐसे में क्रुणाल पांड्या, लियम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा और टिम डेविड इस नंबर पर खेलते दिख सकते हैं, लेकिन इन चारों के चारों की ही शैली इस नंबर के लिए मुफीद नहीं है।

## मेसी अर्जेंटीना की वर्ल्ड कप क्वालीफायर टीम से बाहर

**एजेंसी, ब्यूनस आयर्स**

इंटर मियामी के स्टार फॉरवर्ड लियोनेल मेसी उरुग्वे और ब्राजील के खिलाफ अर्जेंटीना के आगामी फीफा वर्ल्ड कप क्वालीफायर मुकाबलों में नहीं खेल पाएंगे। अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) ने इसकी पुष्टि की। 37 वर्षीय मेसी को अर्जेंटीना की 26 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया, जबकि उन्होंने रविवार को एमएलएस मैच में अटलांटा यूनाइटेड के खिलाफ इंटर मियामी के लिए पूरे 90 मिनट खेले और शानदार गोल भी किया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मेसी को मैच के दौरान बाईं जांघ में चोट (एडडक्टर स्ट्रेन) लगी, जिसके चलते वे उरुग्वे (शुक्रवार, अवे मैच) और ब्राजील (मंगलवार, होम मैच) के खिलाफ नहीं खेल सकेंगे। अर्जेंटीना के मुख्य कोच लियोनेल स्कालोनी ने 33 खिलाड़ियों की प्रारंभिक सूची में से पाउलो डिबाला (रोमा), जियोवानी लो सेल्सो (रियल बेटिस) और गोंजालो मोंटीएल (रिवर प्लेट) को भी अंतिम टीम से बाहर कर दिया है। अर्जेंटीना इस समय 12 मैचों में 25 अंकों के साथ 10 टीमों वाली दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग तालिका में शीर्ष पर है। उरुग्वे 20 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है।



**21 मार्च को उरुग्वे**
**25 मार्च को ब्राजील**
*के खिलाफ होगा मुकाबला*

## शेफाली ने अंडर-23 वनडे ट्रॉफी में लगाई हैट्रिक

**एजेंसी, गुवाहाटी।** भारत की आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने महिलाओं की अंडर-23 वनडे ट्रॉफी में हरियाणा के लिये खेलते हुए कर्नाटक के खिलाफ प्री क्वार्टर फाइनल में हैट्रिक लगाई। भारतीय टीम से बाहर शेफाली ने सलोनी पी और सौम्या वर्मा को 44वें ओवर की आखिरी दो गेंदों पर आउट किया और 46वें ओवर की पहली गेंद पर नमिता डिसूजा का विकेट लिया। उन्होंने 20 रन देकर तीन विकेट चटकाए। उनके इस प्रदर्शन से हरियाणा ने मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। महिला प्रीमियर लीग में शेफाली की टीम दिल्ली कैपिटल्स लगातार तीसरा फाइनल हार गई। शेफाली ने टूर्नामेंट में नेट स्किवेर ब्रंट, एलिसे पैरी और हीली मैथ्यूज के बाद सर्वाधिक रन बनाए।



## ऑस्ट्रेलिया में क्लब मैच के दौरान क्रिकेटर की मौत

**एजेंसी, एडीलेड**

पाकिस्तानी मूल के एक क्लब क्रिकेटर जुनैल जफर की यहां भीषण गर्मी के बीच खेले गए स्थानीय मैच के दौरान मैदान पर गिरने से मौत हो गई। चालीस वर्ष से अधिक उम्र के खान पिछले शनिवार को प्रिंस अल्फ्रेड ओल्ड कॉलेजियंस के खिलाफ ओल कॉनकॉर्डियंस क्रिकेट क्लब के लिए खेल रहे थे। 40 ओवर तक फील्डिंग और सात ओवर बल्लेबाजी के बाद खान चार बजे मैदान पर गिर पड़े। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है और मौसम विभाग के अनुसार उस समय तापमान 40 डिग्री से ऊपर था। एडीलेड टर्फ क्रिकेट संघ नियमों के अनुसार तापमान 42 डिग्री से ऊपर रहने पर मैच रद्द कर दिया जाना चाहिए।

खान के क्लब ने कहा,''हम अपने क्लब के अहम सदस्य के निधन से दुखी हैं। कोंकोर्डिया कॉलेज ओवल पर खेलते समय उनकी तबीयत बिगड़ी और सर्वश्रेष्ठ प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनके परिवार, दोस्तों और टीम के प्रति हमारी संवेदनाएं।'' खान 2013 में आईटी उद्योग में काम के लिए पाकिस्तान से एडीलेड आए थे।



## भारतीय धाविका अर्चना जाधव पर लगा चार साल का प्रतिबंध

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत की लंबी दूरी की धाविका अर्चना जाधव पर जनवरी में डोप परीक्षण में विफल रहने के कारण मंगलवार को चार साल का प्रतिबंध लगा दिया गया। अर्चना ने बार-बार याद दिलाने पर भी डोप परीक्षण में असफल रहने के खिलाफ अपील नहीं की जिससे विश्व एथलेटिक्स ने यह मान लिया कि वह अपना अपराध स्वीकार करती है और इसलिए उस पर प्रतिबंध लगा दिया।




**डोप परीक्षण में हुई असफल**

विश्व एथलेटिक्स की एथलीट इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) के अनुसार, जाधव का जो नमूना पिछले साल दिसंबर में पुणे हाफ-मैराथन के दौरान लिया गया था, उसमें प्रतिबंधित पदार्थ ऑक्सेंड्रोलोन था। यह सिंथेटिक एनाबॉलिक स्टेरॉयड शरीर में प्रोटीन उत्पादन और मांसपेशियों के निर्माण में मदद करता है। प्रतिबंध सात जनवरी से लागू हुआ। जाधव इस अवधि के लिए अस्थायी तौर पर निलंबित थी। 15 दिसंबर 2024 से उनके सभी परिणाम अयोग्य माने जाएंगे और उन्हें इस अवधि के लिए सभी पुरस्कार, पदक, अंक, पुरस्कार और उपस्थिति राशि जमा करने होंगे।

उन्होंने 25 फरवरी को एआईयू को एक ईमेल में उल्लंघन के आरोप का जवाब देते हुए कहा था, ''मुझे बेहद खेद है सर...मैं आपके फैसले का स्वागत करती हूं।'' एआईयू ने कहा कि इस संवाद को लेकर उसकी समझ यह थी कि जाधव को सुनवाई की आवश्यकता नहीं थी और वह निकाय से निर्णय से संतुष्ट थी। एआईयू ने कहा कि फिर भी जाधव को सूचित किया गया कि उनके पास यह स्वीकार करने के लिए तीन मार्च तक का समय है कि उन्होंने डोपिंग रोधी नियम का उल्लंघन किया है। इसके बाद भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने 28 फरवरी को उन्हें इसकी याद दिलाई। हालांकि, एआईयू को जाधव से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

उन्होंने आखिरी बार अक्तूबर 2024 में दिल्ली हाफ मैराथन में भाग लिया था, जिसमें भारतीय महिला खिलाड़ियों में लिली दास, कविता यादव और प्रीति लांबा के पीछे चौथे स्थान पर रहीं थी। जाधव का 10,000 मीटर में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 35:44.26 और हाफ मैराथन में 1:20:21 है। 3,000 मीटर में उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 10:28:82 है।


## न्यूजीलैंड की पाकिस्तान पर लगातार दूसरी जीत, पांच विकेट से हराया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को टी20 सीरीज के दूसरे मैच में मंगलवार को 5 विकेट से हरा दिया। पाकिस्तान की यह लगातार दूसरी हार है। न्यूजीलैंड ने उसे सीरीज के पहले मैच में भी हरा दिया था। टिम सीफर्ट को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 45 रनों की विस्फोटक पारी खेली। सीफर्ट ने शाहीन अफरीदी के एक ओवर में चार छक्के जड़ दिए थे। उनके साथ-साथ फिन एलन ने भी अच्छा परफॉर्म किया।

पाकिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए न्यूजीलैंड को जीत के लिए 136 रनों का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में न्यूजीलैंड ने 13.1 ओवरों में मैच जीत लिया। न्यूजीलैंड के लिए टिम सीफर्ट और फिन एलन ओपनिंग करने आए थे। सीफर्ट ने 22 गेंदों का सामना करते हुए 45 रन बनाए. उनकी इस पारी में 5 छक्के और 3 चौके शामिल रहे। एलन ने 16 गेंदों में 38 रनों की पारी खेली, उन्होंने भी 5 छक्के लगाए। न्यूजीलैंड के खिलाड़ी मार्क चैम्पमैन 1 रन बनाकर आउट हो गए. डेरिल मिशेल 14 रन बनाकर पवेलिन लौटे। जेम्स नीशम भी महज 5 रन बनाकर चलते बने. मिचेल हेय ने 21 रनों की नाबाद पारी खेली। उन्होंने 16 गेंदों का सामना करते हुए 1 चौका और 1 छक्का लगाया. कप्तान ब्रेसवेल 5 रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान के लिए बॉलिंग करते हुए हारिस रउफ ने 2 विकेट लिए। मोहम्मद अली और खुशदिल शाह ने एक-एक विकेट लिया। टीम के लिए बैटिंग में सलमान आगा ने कमाल दिखाया। उन्होंने 28 गेंदों का सामना करते हुए 46 रन बनाए। सलमान की इस पारी में 4 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। शादाब खान ने 14 गेंदों में 26 रन बनाए। उन्होंने 2 चौके और 2 छक्के लगाए। पाकिस्तान की पांच मैचों की सीरीज में यह लगातार दूसरी हार रही।

**टी20 सीरीज में 2-0 की बनाई बढ़त**



### पाक के खुशदिल शाह को लगा जुर्माना



**वेलिंगटन।** पाकिस्तान के हरफनमौला खुशदिल शाह को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच के दौरान आईसीसी की आचार संहिता का उल्लंघन करने पर मैच फीस का 50 फीसदी जुर्माना भरना पड़ा और उन पर तीन डिमेरिट अंक भी लगाए गए। खुशदिल रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच के दौरान एक रन लेते समय गेंदबाज जाक फोकेस से भिड़ गए थे। उस समय गेंदबाज की पीठ उनकी तरफ थी और उन्होंने बायां कंधा मार दिया था। खुशदिल ने सजा स्वीकार कर ली जिसके बाद मामले की सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी।

**अनुभव** | रोहित ने चैंपियंस ट्रॉफी में मिली खिताबी जीत के बाद उन्हें अय्यर को 'मौन नायक' दिया करार

## मेरे बारे में धारणाएं बनाई गईं, लेकिन मुझे अपनी ताकत पता थी: श्रेयस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

उन्हें तथाकथित तकनीकी कमी को लेकर बनी धारणाओं से लड़ना पड़ा, उन्हें टाइपकास्ट किया गया और विश्व कप नायक बनने के कुछ महीनों के भीतर ही उनका अनुबंध रद्द कर दिया गया, लेकिन श्रेयस अय्यर इन सबके बावजूद अडिग रहे और अपनी ईमानदारी और सुलझे हुए दिमाग पर भरोसा करके आगे बढ़े।



इसका फल भी उन्हें मीठा ही मिला। पिछले कुछ समय में वह चौथे नंबर पर भारत के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज बने और कप्तान रोहित शर्मा ने कुछ दिन पहले चैंपियंस ट्रॉफी में मिली खिताबी जीत के बाद उन्हें 'मौन नायक' करार दिया। शॉर्ट गेंद के खिलाफ उनकी कमजोरी को लेकर पूछे जाने पर श्रेयस ने पीटीआई को दिये इंटरव्यू में कहा,''शायद ऐसी धारणा बनाई गई थी या मुझे टाइपकास्ट किया गया, लेकिन मुझे हमेशा से अपनी ताकत, क्षमता पता थी और खुद पर भरोसा था।'' पिछले आठ वनडे में उन्होंने चौथे नंबर पर 53 की औसत से रन बनाये हैं।

उन्होंने कहा,''खेल बदलता रहता है लिहाजा खिलाड़ी को लगातार अपने प्रदर्शन में सुधार करना होता है। मुझे खुशी है कि मैं सकारात्मक सोच के साथ खेल सका और अपनी प्रक्रिया पर भरोसा रखा।'' पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के दौरान उनकी कमर में चोट लगी और फिर उन्हें केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा, चूंकि उस समय वह अपनी तत्कालीन आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ अभ्यास कर रहे थे जबकि उन्हें रणजी ट्रॉफी खेलना था। श्रेयस की कप्तानी में केकेआर ने आईपीएल जीता और फिर उन्होंने भारतीय वनडे टीम में वापसी की। इस आईपीएल सत्र से पंजाब किंग्स की कप्तानी करने जा रहे श्रेयस ने कहा,''मैने अपनी प्रक्रिया सरल रखी। ज्यादा सोचा नहीं और ईमानदारी से काम करता रहा। मुझे भरोसा था कि मेरी ईमानदारी और प्रदर्शन फिर मुझे मौका दिलाएगा।''

### चौथे नंबर पर बल्लेबाजी में करते हैं सहज महसूस

**इस** दौर ने मुझे बहुत कुछ सिखाया। मैंने अपने कौशल पर और मेहनत की। मैं नतीजे से खुश हूं क्योंकि इसके पीछे काफी मेहनत की गई है। कोच प्रवीण आम्रे सर से लेकर ट्रेनर सागर तक सभी ने मेहनत की। इन दोनों ने मुझे वह ताकत पैदा करने में मदद की जो अब मेरी बल्लेबाजी में दिखती है।'' श्रेयस ने यह भी कहा कि वह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी में सहज महसूस करते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में उन्होंने भारत के लिए पांच मैचों में सर्वाधिक 243 रन बनाए। उन्होंने कहा,''मुझे लगता है कि मैं चौथे नंबर पर सबसे सहज हूं। विश्व कप 2023 हो या चैंपियंस ट्रॉफी, मैंने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी का पूरा मजा लिया है। ''

NEW CRESCENT
Garoru, Joginder Nagar, Distt. Mandi, (H.P.)
Schooling ► Play way to +2(Science)
Coaching Cricle ► NEET/JEE/NDA/CUET
LEAD PROPEL
ADMISSION OPEN
Hostel & Transport Facility Available
- Excellent Results
- Secure and Safe Campus
- Best Infrastructure.
- Crash Course for NEET
- Motivational Support
- Study Materials
- Outdoor-Indoor Sports
- Study Hall 24x7
- Music, Dance, Yoga, Karate, Hobby Classes.
- Maximum Selections in Competitive Exams.
Mob: 94184-21703
94180-97145